05 दिसंबर, 2024
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 47

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
M.Sc. Nursing
Post Basic B. Sc. Nursing
B.Sc. Nursing
GNM
ANM
BMLT
DMLT
OT ASSISTANT
ECG
OPHTHALMIC ASST.
CRITICAL CARE (ICU)
RADIO-IMAGING
ANESTHESIA TECH.
DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
D-PHARM
B-PHARM

# हेमंत मंत्रिमंडल का विस्तार आज
# 11 विधायक लेंगे मंत्री पद की शपथ

## राजभवन के अशोक वाटिका में दोपहर 12.00 बजे से समारोह

- स्टीफन मरांडी को भी प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलायी जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सरकार कैबिनेट का विस्तार गुरुवार को दोपहर 12 बजे होगा। राजभवन के अशोक उद्यान में विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलायी जायेगी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार राजभवन के विधायकों को मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। राजभवन में इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गयी हैं। सरकार में मुख्यमंत्री के अलावा 11 मंत्रियों के पद हैं। जानकारी के मुताबिक पहले की तरह इस बार भी हेमंत मंत्रिमंडल में झामुमो से 6, कांग्रेस से 4 और राजद कोटे से 1 मंत्री होगा। गुरुवार को सभी 11 पदों के लिए शपथ दिलायी जायेगी। साथ ही विधायकों को शपथ दिलाने के लिए वरिष्ठ नेता स्टीफन मरांडी को प्रोटेम स्पीकर पद के लिए भी शपथ दिलायी जायेगी।

**कांग्रेस और राजद ने अपने विधायकों के नाम सौंपे:** इंडिया गठबंधन में झामुमो, कांग्रेस, राजद और माले है। झामुमो के 34, कांग्रेस के 16, राजद के 4 और माले के 2 विधायक हैं। झामुमो के नेतृत्व में सरकार का गठन हुआ है। हेमंत सोरेन ने 28 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। रांची के मोरहाबादी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। इसमें राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल समेत कई राष्ट्रीय नेता इसके गवाह बने थे। अब हेमंत सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार हो रहा है। गठबंधन में शामिल माले ने साफ कर दिया है कि वह सरकार में शामिल नहीं होगा। उसका मंत्री पद के लिए कोई दबाव नहीं है। सरकार को बाहर से समर्थन जारी रहेगा। यानी सरकार में झामुमो के अलावा कांग्रेस और राजद कोटे के मंत्री होंगे। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर बुधवार शाम को रांची पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के लिए विधायकों का नाम सौंप दिया है। उधर, राजद ने भी अपने एक विधायक का नाम मुख्यमंत्री को भेज दिया है।

**इन नामों की है चर्चा:** सूत्रों के मुताबिक झामुमो कोटे से मंत्री पद के लिए रामदास सोरेन, दीपक बिरुआ, हफीजुल हसन, मथुरा महतो, लुईस मरांडी और अनंत प्रताप देव का नाम सामने आ रहा है। कांग्रेस कोटे से इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह, नमन विक्सल कोंगाड़ी, जय मंगल सिंह (अनूप सिंह) के नाम की चर्चा है। हालांकि राधाकृष्ण किशोर भी रेस में हैं। कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि विधायक दल नेता को मंत्री पद नहीं दिया जायेगा। ऐसे में रामेश्वर उरांव और राधाकृष्ण किशोर में से किसी एक को यह पद मिल सकता है। उधर, राजद कोटे से संजय यादव को मंत्री बनया जायेगा। वह गोड्डा से विधायक हैं।



### राजभवन से जारी होगा वारंट

सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजभवन को मंत्री पद की शपथ लेने वाले विधायकों की सूची उपलब्ध करा दी है। अब राजभवन से विधायकों को वारंट जारी किया जायेगा। उन्हें मंत्री पद की शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया जायेगा। हालांकि झामुमो, कांग्रेस और राजद कोटे से किन विधायकों को मंत्री बनाया जा रहा है, इसका अभी अधिकारिक रूप से खुलासा नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार इस बार मंत्रिमंडल को संतुलित बनाने का पूरा प्रयास किया गया है। हर वर्ग और प्रमंडल की भागीदारी सुनिश्चित की गयी है।

### कास्ट, प्रमंडल और जेंडर का रखा है ख्याल : गुलाम अहमद मीर



रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर बुधवार शाम को रांची पहुंचे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कोटे से मंत्री पद के लिए हर वर्ग को जगह देने की कोशिश की गयी है। इसमें कास्ट, प्रमंडल और जेंडर का भी ख्याल रखा गया है। मंत्रियों के नाम को आगे बढ़ाने का अधिकार मुख्यमंत्री को है। उन्हें सूची सौंप दी जायेगी। इससे पहले दिल्ली से लौटने के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा था कि मंत्री पद के लिए सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। पार्टी के विधायक दल के नेता को मंत्री पद नहीं मिलेगा। पूर्व की सरकार में कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के पास जो विभाग थे, वे बकरार रखे जायेंगे।

### इस बार एक संतुलित टीम होगी: मनोज पांडेय



रांची (आजाद सिपाही)। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने साफ कर दिया है कि इस बार टीम हेमंत ऐसी होगी जो हर तरह से फिट होगी। क्रिकेट की भाषा में कहें तो टीम हेमंत 20-20, वनडे और टेस्ट क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम होगी। एक संतुलित टीम होगी। इस टीम में अनुभव, युवा जोश, महिला सशक्तिकरण का समन्वय होगा। जो जनता से किये हर वादे को पूरा करेगी।

## महायुति सरकार का शपथ ग्रहण आज

# फडणवीस महाराष्ट्र के होंगे मुख्यमंत्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री होंगे। फडणवीस ने शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे, एनसीपी नेता अजित पवार के साथ राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस दौरान भाजपा के ऑब्जर्वर्स विजय रूपाणी और निर्मला सीतारमण भी मौजूद थीं। इससे पहले भाजपा विधायक दल की बैठक में देवेंद्र फडणवीस को नेता चुना गया। इसके बाद फडणवीस मुख्यमंत्री आवास वर्षा पहुंचे, यहां शिंदे और पवार के साथ बातचीत की। सूत्रों के मुताबिक यहां मंत्रियों के नामों पर चर्चा हुई। इनके नाम जल्द ही सामने आयेंगे।

राज्यपाल से मुलाकात के बाद फडणवीस, शिंदे और पवार ने एक प्रेस कांफ्रेंस की। फडणवीस और शिंदे दोनों ने कहा कि कितने और कौन-कौन मंत्री शपथ लेंगे, इसकी जानकारी दे दी जायेगी। शपथ ग्रहण का कार्यक्रम गुरुवार को शाम 5:30 बजे आजाद मैदान में होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी समारोह में शामिल होंगे। मीडिया ने सवाल पूछा कि शिंदे और पवार डिप्टी सीएम की शपथ लेंगे। इस पर अजित पवार ने कहा कि कोई ले रहा है, या नहीं, ये अलग बात है। इन लोगों का शाम तक तय होगा, पर मैं तो कल शपथ ले रहा हूं यह तय है। उधर, देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हम तीनों नेता एक हैं। डिप्टी सीएम और सीएम सिर्फ तकनीकी पद हैं। कौन-कौन शपथ लेगा, ये जल्द बता दिया जायेगा। मैंने एकनाथ जी से सरकार में शामिल होने और डिप्टी सीएम बनने का अनुरोध किया था।

एकनाथ शिंदे ने कहा कि मुझे क्या मिल रहा है, यह सवाल ही नहीं था। हमारे मन में सिर्फ यह भावना थी कि महाराष्ट्र को क्या मिला। इसी पर हमने काम किया। महायुति में कोई ऊंच-नीच नहीं है। सब ठीक है। पिछली बार देवेंद्र फडणवीसजी ने मेरे नाम की सिफारिश की थी। इस बार मैं उनका नाम मुख्यमंत्री के तौर पर ले रहा हूं।

## न्यूज रील्स

### असम में गोमांस पर बैन

गुवाहाटी। असम सरकार ने गोमांस (बीफ) पर बैन लगा दिया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह फैसला मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। अब राज्य के होटलों, रेस्टोरेंट्स और सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस नहीं परोसा जा सकेगा। उधर, इसकी घोषणा करते हुए जल संसाधन मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा कि कांग्रेस इस फैसले का स्वागत करे या पाकिस्तान जाये।

### महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ सहित चार राज्यों में भूकंप

हैदराबाद/मुंबई/रायपुर। महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कई हिस्सों में बुधवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किये गये। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.3 मापी गयी। झटके सुबह 07:27 बजे महसूस किये गये। भूकंप का केंद्र जमीन से 40 किलोमीटर नीचे रहा। भूकंप के झटके 15 से 20 सेकंड तक लगे। इसमें जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। भूकंप के चलते कई घरों की दीवारों में दरारें आ गयीं। लोगों ने घरों से बाहर, खुले मैदान में आकर खुद को सुरक्षित किया।

### सैनिक को आतंकियों ने गोली मारी, अस्पताल में भर्ती

जम्मू-कश्मीर। जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा के त्राल इलाके में बुधवार शाम आतंकियों ने छुट्टी पर आए सैनिक पर गोलियां चलाईं, जो उसके पैरे में लगीं। सैनिक देलहीर मुश्ताक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका घर त्राल के सोफीगुंड में है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी की है। आतंकियों के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 16 दिसंबर तक व्यक्तिगत उपस्थिति से मिली छूट

- झारखंड हाइकोर्ट ने इडी से मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दाखिल व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका एमपी-एमएलए कोर्ट से खारिज किये जाने के मामले की सुनवाई बुधवार को हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने 16 दिसंबर तक समन अवहेलना मामले में हेमंत सोरेन को एमपी-एमएलए कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट प्रदान की है।

मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की बेंच में हुई। अदालत ने मामले में इडी से जवाब मांगा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश को रद्द करने का आग्रह करते हुए हाइकोर्ट में मंगलवार को याचिका दाखिल की गयी थी, जिस पर सुनवाई हुई।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित सीआरपीसी की धारा 205 के तहत दाखिल पिटीशन को एमपी-एमएलए मामले के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की बेंच ने खारिज कर दिया था। साथ ही हेमंत सोरेन को मामले में व्यक्तिगत रूप से चार दिसंबर को बुलाया है, जिसे हेमंत सोरेन ने हाइकोर्ट में चुनौती देते हुए इस आदेश को निरस्त करने का आग्रह किया है। मामले में हेमंत सोरेन के खिलाफ उपस्थिति को लेकर एमपी-एमएलए कोर्ट से समन जारी है।

**क्या है मामला :** इडी ने समन की अवहेलना करने के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में 19 फरवरी को शिकायत वाद दर्ज कराया था। इस पर गत चार मार्च को सीजेएम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए संज्ञान लिया था और मुकदमा चलाने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान इडी ने अदालत को बताया था कि जमीन की खरीद-बिक्री मामले में इडी ने हेमंत सोरेन को दस बार समन जारी किया था। आठवें समन पर 20 जनवरी और दसवें समन पर 31 जनवरी को इडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। इडी का कहना है कि आठ समन पर उपस्थित नहीं होना समन की अवहेलना है। गत तीन जून को सीजेएम कृष्णकांत मिश्रा ने यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था।

N·S·D·C
RE IMAGINE FUTURE
विकास भारती
तमसो माँ ज्योतिर्गमय
जनजाति कौशल विकास परियोजना 1.0
'भारत के जनजातीय जिलों में कौशल आधारित आजीविका इंटरवेन्शन'
( राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा सम्पोषित)
के अंतर्गत
"जनजातीय लोगों को उद्यमिता विकास के क्षेत्र में प्रशिक्षण"
संकुल नाम - लोहरदगा
क्लस्टर नाम - बिशुनपुर (जिला-गुमला)
प्रशिक्षण तिथि : 06 नवम्बर, 2024 से प्रारम्भ।
विस्तृत जानकारी हेतु संपर्क करें:
Email ID - vikasbharti1983@gmail.com
Contact No. - 0651-2545836, 6206790139
आयोजक
विकास भारती बिशुनपुर गुमला, झारखंड

# सीएम की पहल पर स्वदेश लौटेंगे झारखंड के 50 कामगार

- 11 दिसंबर से कामगारों को मलेशिया से वापस लाने की प्रक्रिया शुरू होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के कामगारों और श्रमिकों के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर एक बार फिर विदेश में फंसे 50 झारखंडी कामगारों को वापस उनके घर और गांव लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। आगामी 11 से 18 दिसंबर तक सभी कामगार के झारखंड लौट आयेंगे। इसके लिए जरूरी कागजी प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है।

**चुनाव के कारण प्रक्रिया में हुई देर:** मलेशिया की लीडमास्टर इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत 70 कामगारों के फंसे होने की शिकायत राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को 24 सितंबर 2024 को प्राप्त हुई। बताया गया कि कामगारों का चार महीने से वेतन लंबित है। उन्हें भोजन की अनुपलब्धता और वतन वापसी की समस्याएं सामने आ रहीं हैं। मामले की जानकारी जब मुख्यमंत्री को हुई तबतक चुनाव के लिए आचारसंहिता लागू हो गया। इसके बाद इनकी वापसी की प्रक्रिया धीमी हो गयी थी। चुनाव समाप्त होने और नयी सरकार गठन के बाद अब कामगारों के स्वदेश वापसी का रास्ता साफ हो गया है। 70 कामगारों में से 50 कामगार झारखंड के हैं एवं अन्य दूसरे प्रदेशों के रहने वाले हैं।




### बकाया आठ महीने का वेतन मिला

जानकारी के अनुसार, सभी कामगारों का अनुबंध के तहत 1,700 मलेशियन रिंगिट (मुद्रा/रुपया) का वेतन तय था, परंतु उन्हें 1,500 रिंगिट ही दिये जा रहे थे, जिसमें भी कटौती हो रही थी। भोजन की सुविधा नहीं दी गयी और धमकियां भी मिल रहीं थीं। इसको लेकर कामगारों ने मलेशिया पुलिस से शिकायत दर्ज भी की। बाद में कामगारों ने इस मामले से संबंधित आवश्यक दस्तावेज एवं आवेदन श्रम विभाग को भेजा। श्रम विभाग के निदेर्शानुसार प्रोटेक्टर ऑफ एमिग्रांत, रांची को मामला पत्र राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष द्वारा प्रेषित किया गया। श्रम विभाग के पहल पर भारतीय दूतावास, कुआलालंपुर द्वारा कंपनी एवं कामगारों को दूतावास के कार्यालय बुलाया गया, जहाँ दोनों पक्षों का सत्यापन किया गया। जिसके फलस्वरूप भारतीय दूतावास ने सभी कामगारों को अपने संरक्षण में रखते हुए कंपनी को बकाया भुगतान करने एवं श्रमिकों के भारत वापसी सुनिश्चित कराने को कहा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 72,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 94,000 रु./प्रति किलो |



# अद्भुत प्रतिभा की धनी हैं कल्पना सोरेन

## ■ राजनीति की पथरीली जमीन से जीत तक का सफर बड़ा ही शानदार
## ■ झारखंड के सियासी क्षितिज की पहली प्रमुख महिला किरदार बनी हैं
## ■ आज महिलाएं उनमें अपना भविष्य देखती हैं, उन्हें आदर्श मानती हैं

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेता कल्पना सोरेन के प्रादुर्भाव ने साबित कर दिया है कि झारखंड की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी ही नहीं, स्वीकार्यता और प्रभाव बड़ी तेजी से बदल रहा है। कल्पना का उदय इस बात का भी संकेत है कि यहां महिलाओं के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण भी पूरे 360 डिग्री से बदल रहा है। आज राजनीति में महिलाएं जितनी प्रभावशाली तरीके से आगे आ रही हैं, उससे तो यही साबित होता है कि झारखंड अपनी आधी आबादी का नेतृत्व स्वीकार करने के लिए पूरी तरह तैयार है। कल्पना सोरेन ने पिछले नौ महीने में जिस तेजी से अपनी जगह बनायी है और खुद को राजनीति की पथरीली जमीन पर मजबूती से स्थापित किया है, वह उनकी नेतृत्व क्षमता को तो साबित करता ही है, इस कहावत को भी सच साबित करता है कि एक महिला के आगे बढ़ने से पूरा समाज आगे बढ़ता है। वैसे भी जनजातीय समाज में महिला नेतृत्व की पुरानी परंपरा रही है और यहां अधिकांश गंभीर आंदोलनों की कमान महिलाओं ने सफलतापूर्वक संभाली है। कल्पना सोरेन ने जिन परिस्थितियों में राजनीति के मैदान में दस्तक दी और अपनी नेतृत्व क्षमता के बल पर जितनी तेजी से जगह बनायी है, वह अविश्वसनीय लगता है। ऐसा नहीं है कि कल्पना सोरेन झारखंड की राजनीति में कदम रखनेवाली पहली महिला हैं, लेकिन उन्होंने जो लोकप्रियता हासिल की है, वह अद्भुत है। उनसे पहले झारखंड की किसी भी महिला नेत्री ने ऐसा प्रभाव नहीं छोड़ा था। कल्पना सोरेन के बारे में यह कहना गलत नहीं होगा कि घर के देहरी से बाहर निकल कर वह न केवल शिबू सोरेन की विरासत को आगे बढ़ाने में अपने पति हेमंत सोरेन की सहायक बन रही हैं, बल्कि खुद की पहचान को भी स्थापित किया है। कल्पना सोरेन के इसी अविश्वसनीय व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं का क्या हो सकता है असर और क्या हैं संभावनाएं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड की छठी विधानसभा में पहली बार दर्जन भर महिला विधायकों का प्रवेश एक सुखद संकेत तो है ही, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि इस चुनाव ने झारखंड के राजनीतिक क्षितिज पर एक ऐसे सितारे का उदय हुआ है, जिसने महज नौ महीने में अपनी रोशनी से इस पथरीले रास्ते को चमकदार बना दिया है। इस सितारे का नाम है कल्पना सोरेन, जो खुद तो चुनाव जीती ही हैं, झारखंड की राजनीति में एक नयी लकीर खींच रही हैं।

### झारखंड की महिला नेतृत्व का इतिहास

झारखंड के आदिवासी समुदायों में लड़कियों के जन्म को गोहार भरने के साथ जोड़ा जाता है। लड़कियां 'सयानी बेटी' के रूप में घर, परिवार और समाज में स्वीकार की जाती हैं। इस समाज में कन्या भ्रूण हत्या न के बराबर है। अतः आदिवासी क्षेत्रों में लड़कियों की सघन उपस्थिति देखी जाती है। आदिवासी स्त्रियों की नेतृत्व क्षमता को सिनगीदई से लेकर दयामनी बारला तक साफ तौर पर देखा जा सकता है। विद्रोहों और आंदोलनों में महिलाएं बढ़-चढ़ कर भाग लेती थीं। तिलका मांझी की अगुवाई में चले विद्रोह में फूलमनी मझिआइन ने भी अंग्रेजी सभा का मुकाबला किया। 1831 ई. के कोल विद्रोह के समय सिंगराय बहनों ने अपनी निडरता का परिचय दिया। 30 जून 1855 को भोगनाडीह में सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, के नेतृत्व में हूल (विद्रोह) का आगाज किया गया था। संथाल हूल के समय सिदो-कान्हू, चांद-भैरव की दो बहनों ने फूलो और झानो ने आंदोलनकारियों और विद्रोहियों के हौसला को बनाये रखा। बिरसा मुंडा के उलगुलान में महिलाएं भी शामिल थीं। बिरसा मुंडा की दो महिला अंगरक्षक भी थीं। 1930 के नमक सत्याग्रह के समय खूंटी के टाना भगतों की सभा में आधी संख्या स्त्रियों की थी। झारखंड आंदोलन में भी महिला नेत्रियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इसके अलावा कई जनांदोलनों में भी महिलाओं ने अहम भूमिका निभायी है।

### कल्पना सोरेन के उदय पर फिल्म या वेब सीरीज बने, तो सुपर डुपर हिट होना तय

कल्पना सोरेन के उदय की कहानी भी अद्भुत है। आंसू कब अंगार में बदल गये, पता भी नहीं चला। कहते हैं जब विपदा आती है, तभी इंसान अपने असली ताकत से परिचित होता है। वह 31 मार्च की रात थी, जब कल्पना सोरेन अपने पति हेमंत सोरेन से मिलने इडी के दफ्तर में आयी थीं। उस वक्त कल्पना सोरेन घबराई हुई भी थीं वह शांत थीं, खामोश थीं। लेकिन यह आंधी से पहले की शांति थी। चार मार्च की रात भला कौन भूल सकता है, गिरिडीह के झंडा मैदान में झामुमो के स्थापना दिवस समारोह का मंच, जहां कल्पना सोरेन भर्रायी आवाज में हुंकार भर रही थीं। इस आवाज और इस अपील का झारखंड में जादुई असर हुआ। गले में हंसुली, एक हाथ में कड़ा, एक हाथ में घड़ी, हरे पाढ़ की साड़ी में जब कल्पना सोरेन मंच से लोगों का अभिवादन करती हैं, तो लोग पूरी गर्मजोशी से नारों और तालियों के साथ उनसे जुड़ जाते हैं। कल्पना के बहे आंसू विरोधियों पर अंगार बन कर बरसे। वह विरोधियों के लिए पहेली बन गयीं। विरोधियों को समझ में ही नहीं आया कि कल्पना का मुकाबला आखिर किया कैसे जाये। हेमंत ने विरोधियों का चक्रव्यूह तो भेदा, लेकिन इसमें कल्पना सोरेन की भी महत्ता अद्भुत है। कल्पना महिलाओं के लिए आदर्श बन कर उभरी हैं। महज नौ महीने बाद 23 नवंबर की शाम रांची हवाई अड्डे पर जब हेमंत सोरेन अपनी 'स्टार प्रचारक' का स्वागत करने पहुंचते हैं, तो झारखंड ही नहीं, पूरे देश को महसूस होता है कि कल्पना सोरेन अब केवल शिबू सोरेन की बहू और हेमंत सोरेन की पत्नी नहीं रहीं, बल्कि उनकी खुद की एक अलग पहचान है।



2019 के लोकसभा चुनाव के पहले जो कल्पना कह रही थीं कि वह राजनीति में नहीं आना चाहतीं, परिवार में खुश हैं, पांच साल बाद यानि 2024 आते-आते वह राजनीति की बातें करने लगी हैं। 31 जनवरी 2024 को पति हेमंत सोरेन के जेल जाने के 32 दिन बाद यानी 4 मार्च को वह सक्रिय राजनीति में आने का एलान करती हैं। इसके बाद कल्पना ने गांडेय सीट से उपचुनाव लड़ा। इस सीट पर लोकसभा चुनाव-2024 के साथ ही चुनाव हुए थे। इसमें कल्पना खुद की सीट पर प्रचार के साथ ही दूसरी सीटों पर भी इंडिया गठबंधन के लिए प्रचार कर रही थीं। वे गांडेय सीट से उपचुनाव जीतीं और इसी के साथ ही उनके नये सफर की शुरूआत हो गयी है। 39 साल की कल्पना सोरेन का राजनीतिक करियर अभी महज नौ महीने का है। लेकिन इस चुनाव में वो इंडिया गठबंधन की स्टार प्रचारक रहीं। कल्पना को मिलाकर झामुमो के 38 और कांग्रेस के 40 स्टार प्रचारक थे, लेकिन इनमें सबसे ज्यादा सभाएं कल्पना और हेमंत सोरेन ने ही की।

हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद झामुमो बेहाल हो गया था। परिवार भी बिखरने की कगार पर था। ऐसे में कल्पना ने घर की देहरी से बाहर निकलने का फैसला किया और फिर उन्होंने पीछे मुड़ कर नहीं देखा। उन्होंने लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन के लिए प्रचार की कमान संभाली और फिर विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने जम कर प्रचार किया।

कहा जाता है कि हेमंत सोरेन यदि जेल नहीं जाते, तो शायद कल्पना कभी राजनीति में नहीं आतीं। मजबूरी में ही सही, उनका राजनीति में आना झारखंड के सियासी इतिहास का सुनहरा अध्याय साबित हुआ। उनकी रैलियों की इतनी मांग थी कि प्रत्याशी की तरफ से कल्पना की सभाएं कराने की बाढ़ आने लगी थी। कल्पना ने राजनीति में जो लकीर खींची है, वह इसलिए अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनसे पहले किसी महिला ने झारखंड में ऐसी लोकप्रियता हासिल नहीं की थी। झारखंड की राजनीति में महिलाएं आती रही हैं, लेकिन कल्पना अब आइकन बन चुकी हैं।

इतने कम समय में कल्पना सोरेन के इतने लोकप्रिय होने की कई वजहें हैं। वह मुद्दों की बात करती हैं। वह तेजी से लोगों से जुड़ती हैं। परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम उनमें है। कल्पना ने झारखंड में सिर्फ झारखंड के ही मुद्दों को नहीं उठाया, बल्कि छत्तीसगढ़ में हसदेव जंगल की कटाई का मुद्दा भी उठाया, जहां से आदिवासियों को हटाया गया, मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ हुई बर्बरता का जिक्र बार-बार किया। इससे उनकी पहचान बड़ी होती गयी।

अब ऐसा कहा जाने लगा है कि कल्पना सोरेन के रूप में देश को एक बेहद लोकप्रिय महिला आदिवासी नेता मिलने वाली हैं। हालांकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी संथाली हैं, और ओड़िशा के मयूरभंज से ही आती हैं, लेकिन कल्पना सोरेन का जिस तरह से उदय हो रहा है, उससे लग रहा है कि वे राजनीति में लंबी पारी खेलने की तैयारी में हैं। इस बात में संदेह नहीं है कि कल्पना झारखंड में आदिवासियों की सबसे बड़ी महिला नेता बन गयी हैं। कल्पना सोरेन की राजनीति कहां जाती है, ये तो वक्त बतायेगा, लेकिन कल्पना सोरेन के जरिये झारखंड की राजनीति नये रास्ते पर आगे बढ़ गयी है, जिसका परिणाम सुखद ही होगा।

---

# विशेष शिविर लगाकर भरवायें मंईयां सम्मान योजना का फार्म : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता


**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंईयां सम्मान योजना में व्याप्त लापरवाही की ओर बुधवार को हेमंत सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। साथ ही कहा कि मंईयां सम्मान योजना के भुगतान में भी भारी लापरवाही बरती जा रही है।

मरांडी ने कहा कि पिछले दो दिनों से धनवार विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों से संवाद कर रहा हूं। इस दौरान धनवार प्रखंड के कोड़ाडीह, जगदीशपुर सहित एक दर्जन से भी ज्यादा अन्य गांवों की अधिसंख्य महिलाओं ने अपनी समस्याओं को साझा किया। अधिकांश महिलाओं ने कहा कि वे मंईयां सम्मान योजना के लाभ से वे अब तक वंचित हैं। कई पात्र महिलाओं के फॉर्म भरे ही नहीं गये हैं, जिसके कारण उन्हें योजना का कोई लाभ नहीं मिल पाया है।

मरांडी ने कहा कि इसके अतिरिक्त वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन भी कई महीनों से लंबित है। राशन वितरण में भी भारी अनियमितता की शिकायतें मिली हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अनुरोध किया कि धनवार विधानसभा क्षेत्र सहित राज्य के दूसरे इलाकों में भी विशेष शिविर का आयोजन कर मंईयां सम्मान योजना से वंचित सभी महिलाओं के फॉर्म भरे जायें और उन्हें योजना का भुगतान ससमय दिया जाये। साथ ही लंबित पेंशन और राशन का अद्यतन भुगतान सुनिश्चित किया जाये ताकि महिलाओं को अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए परेशान न होना पड़े।

## देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र विधायक दल का नेता चुने जाने पर बाबूलाल ने दी बधाई



**रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फडणवीस महाराष्ट्र को विकास एवं उन्नति के शिखर पर ले जायेंगे। बधाई और शुभकामनाएं देने वालों में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह आदि शामिल हैं।**

## डायन-बिसाही के आरोप में महिला को प्रताड़ित करने की घटना के दोषी पर हो कार्रवाई : मरांडी

**रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची में डायन-बिसाही के आरोप में आदिवासी महिला को प्रताड़ित करने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया है। मरांडी ने बुधवार को अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा कि रांची में आदिवासी महिला के ऊपर डायन-बिसाही का आरोप लगाकर प्रताड़ित किए जाने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। रांची पुलिस संबंधित मामले में दोषियों पर विधिसम्मत कारवाई करे और पीड़ित आदिवासी महिला को उचित सहायता प्रदान करे। मरांडी ने मुख्यमंत्री से भी आग्रह किया है कि वे इस मामले में अधिकारियों को निर्देशित करें कि महिलाओं के साथ ऐसी घटनाओं की पुनरावृति दोबारा ना हो। उल्लेखनीय है कि रांची के 50 किलोमीटर दूर चान्हो प्रखंड के चुटियों गांव की**



**आदिवासी महिला मंगरी उरांव को डायन बताकर पिछले चार महीने से प्रताड़ित किया जा रहा है। इससे मंगरी का पूरा परिवार दहशत में है। पीड़िता ने कहा है कि पूरा गांव गोलबंद होकर उसके पीछे पड़ गया है। घर तोड़ दिया है। पानी की पाइपलाइन और बिजली कनेक्शन भी काट दिया है। इसके बाद वह परिवार संग मायके पतरातू तेतर टोली चली गई। एक महीने वहां रहने के बाद धान काटने के लिए गांव लौटी तो ग्रामीण फिर से परेशान करने लगे। इसके बाद मंगरी ने नरकोपी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। नरकोपी पुलिस मामले को सुलझाने के लिए गांव पहुंची तो ग्रामीणों के विरोध के कारण वापस लौटना पड़ा। मंगरी ने कहा कि गांव में तीन-चार लोगों की मौत हो गई थी, जिससे गांव वालों को लगा कि डायन-बिसाही के कारण ही ऐसा हो रहा है।**

## झारखंड में हाड़ कंपाने वाली पड़ेगी ठंड

# 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरेगा तापमान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में इस साल हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ेगी। इसको लेकर मौसम विभाग ने लोगों को अलर्ट भी किया है। आने वाले दिनों में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट की संभावना जतायी गयी है। इस दौरान सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा छाया रहेगा। बाद में आसमान साफ हो जायेगा। छह और सात दिसंबर को सुबह में कोहरा या धुंध छाया रहेगा। बाद में आसमान साफ होगा।

**अगले दो दिनों के अंदर दिखेगा ठंड का असर :** मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों के अंदर ठंड का असर दिखने लगेगा। तापमान में भी गिरावट आयेगी। पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसांवा और सिमडेगा में तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। वहीं राज्य के शेष इलाकों में भी अगले तीन दिनों के अंदर तीन से पांच डिग्री



सेल्सियस तक तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

**राजधानी रांची में छाया रहेगा कोहरा :** मौसम विभाग के अनुसार, पांच दिसंबर को राजधानी रांची में सुबह में हल्का कोहरा छाया रहेगा। बाद में आसमान साफ हो जायेगा। पांच दिसंबर को राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जतायी गयी है। वहीं राज्य में सबसे अधित तापमान जमशेदपुर में 29.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि गढ़वा में न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel 1
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.6 °c | 12.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.02 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.15 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 05 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधायकों और अधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की





मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में विधायक अनंत प्रताप देव, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कुमार गौरव ने मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।










सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आइजी पंकज कंबोज, डीआइजी कोल्हान मनोज रत्न चौथे, एमडी जियाडा प्रेरणा दीक्षित, डायरेक्टर एग्रीकल्चर तारा चंद, रांची ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, एसपी सीआइडी पीयूष पांडेय, एसपी सीआइडी निधि द्विवेदी, जैप-2 कमांडेंट सरोजिनी लकड़ा ने शिष्टाचार मुलाकात की।

# लालजी हिरजी रोड में लगी भीषण आग, 12 से अधिक दुकानें राख

## लाखों का नुकसान, शॉर्ट सर्किट की संभावना, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के मेन रोड स्थित लालजी हिरजी रोड में भीषण आग लग गयी। आग एक कॉमर्शियल भवन में लगी। आगजनी की वजह से इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। लालजी हिरजी रोड घनी आबादी क्षेत्र है। ऐसे में जब तक आग पर काबू नहीं पाया गया तब तक भय का माहौल बना रहा। हालांकि सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड पहुंची और घंटे भर से अधिक की मशक्कत के बाद स्थिति नियंत्रण में ले लिया।

**12 से अधिक दुकानें हुईं राख :** इस आगजनी में विभिन्न तरह की 12 से अधिक दुकानें जल कर राख हो गयी हैं। जिस बिल्डिंग में आग लगी वहीं पास में बिजली का पोल भी है। ऐसे में आशंका है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी और तेजी से फैल गयी। इलाके में प्लाइवुड की दुकानें ज्यादा हैं। इस वजह से लोगों की सांसें घंटे भर अटकी रहीं। उसी रास्ते मारवाड़ी कॉलेज के लिए स्टूडेंट्स भी आते-जाते रहते हैं। जिस बिल्डिंग में आग लगी, वह मद्रास कैफे के बाद बगल वाली है। आग लगने की वजह से लाखों का नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है।




### बैट्री और इन्वर्टर की दुकानों को ज्यादा नुकसान

बुधवार की सुबह जैसे ही आग लगने की सूचना मिली दुकानदारों में भगदड़ मच गयी। जितनी दुकानें जलीं उसमें सबसे अधिक नुकसान बैट्री और इन्वर्टर की दुकानों का होने का बताया जा रहा है। आगजनी को नियंत्रित किये जाने के बाद इलाके के दुकानदारों को लाखों का नुकसान हुआ है। कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मचने की वजह से ट्रैफिक पर भी असर पड़ा। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के मुताबिक सूचना मिलते ही पुलिस एक्टिव हुई। फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। अब मामले की जांच के बाद ही यह खुलासा हो पायेगा कि आग कैसे लगी थी।

# हाइकोर्ट ने 5 विवि को जवाब के साथ एक हजार रुपये जुर्माना देने का दिया निर्देश




**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के 5 विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्ति को लेकर दायर याचिका पर अब झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई 18 दिसंबर को होगी। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि जिन विश्वविद्यालयों ने अभी तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है, वे दो हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल करें। साथ ही जवाब के साथ 10 हजार रुपये जुर्माना भी जमा करें तब ही उनका जवाब दाखिल होगा। यह याचिका अंजनी कुमार पांडेय ने दाखिल की है। उन्होंने रांची विश्वविद्यालय समेत राज्य के पांच विश्वविद्यालयों को प्रतिवादी बनाया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि कुलपति नियुक्ति में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों का पालन नहीं किया गया है।

# झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस के पिता के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव के दिवंगत पिता और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश स्वर्गीय एम जगन्नाथ राव के श्राद्ध कर्म में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। कहा कि मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दें। वहीं सीएम ने ट्वीट कर शोषकों और अत्याचारियों के खिलाफ विद्रोह करने वाले, जल-जंगल-जमीन के रक्षक, महान आदिवासी योद्धा जननायक टंट्या भील के शहादत दिवस पर उन्हें याद किया। साथ ही अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम के प्रतीक देश के वीर जांबाज नौ सैनिकों और उनके परिवारजनों समेत समस्त देशवासियों को भारतीय नौसेना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं।



## चीफ जस्टिस के पिता के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए राज्यपाल



**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव के पिता सह सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधिश दिवंगत एम जगन्नाथ राव के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए। राज्यपाल ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। साथ ही राज्यपाल ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## राज इंटरनेशनल स्कूल में देव संस्कृति विश्व विद्यालय से आये लोगों का स्वागत



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राज इंटरनेशनल स्कूल में हरिद्वार से देव संस्कृति विश्वविद्यालय से कुछ लोग पहुंचे छात्रों के बीच कुछ महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में शिक्षा के साथ संस्कार भी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्हें बताया कि हमें अपने बड़ों का, शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए तभी हम अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। संस्कार ही शिक्षा है, संस्कार का अर्थ जीवन में अच्छी बातों की आदत डालना है इसके साथ उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य वैसे ही अधूरा है, जैसे जल बिन मछली की स्थिति होती है। ऐसे में हर व्यक्ति को शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़कर समाज को एक नई दिशा देनी चाहिए। छात्रों को कुछ बेसिक योगा (ताड़ासन, वृक्षासन) और योग के गुण सिखाये। उन्होंने कहा कि योग करने से तनाव कम होता है और मूड बेहतर होता है, एकाग्रता बढ़ता है, योग करने से डिप्रेशन के शिकार लोगों को लाभ मिलता है। योग करने से वजन घटाने में मदद मिलती है। उनलोगों ने मोबाइल एडिक्शन अर्थात मोबाइल की लत से खुद को कैसे बचाएं इसके बारे में बच्चों को महत्तवपूर्ण जानकारी दी। विद्यालय के प्रचार्य राहुल घोष ने कहा कि हमारे विद्यालय में समय प्रबंधन, एकाग्रता बढ़ाना और योग का विशेष प्रशिक्षण नियम से दिया जाता है। कार्यक्रम में कक्षा चतुर्थ से आठवीं तक के छात्र-छात्रा, इसके साथ विद्यालय के शिक्षक कुशल आशीष, एमडी इकबाल और अनीता सिंह उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच बांटे स्वेटर



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** ठंड को देखते हुए जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से मुहैया कराये गये स्वेटर का वितरण दक्षिण पंचायत स्थित बिरहोर टोला आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच बुधवार को किया गया। इस दौरान 40 नोनिहालों के बीच दो दो सेट स्वेटर का वितरण बीडीओ मरकच्चो हुलास महतो ने किया। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजें। 3 से 6 वर्ष के जो भी बच्चे केंद्र में आते हैं उन्हीं के बीच स्वेटर वितरण किया जा रहा है। केंद्र से गर्भवती महिलाओं और धात्री महिलाओं को भी इसी तरह की सुविधा दी जाती है। प्रत्येक माह बच्चों का टीकाकरण, आयरन गोली का वितरण और रेडी टू इट पोषाहार का वितरण किया जाता है। लोगों को इसका लाभ लेना चाहिए। मौके पर सहायिका मोती बिरहोरीन, सहिया दीदी रौशन खातुन समेत कई अभिभावक उपस्थित थे।

## एनटीपीसी की खान सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ




**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना में बुधवार को वार्षिक माइन सुरक्षा सप्ताह 2024 का उद्घाटन समारोह मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नवीन गुप्ता, महाप्रबंधक, चट्टी बरियातु और सभी विभाग के प्रमुख उपस्थित रहे परियोजना और एमडीओ के कर्मचारियों ने कार्यक्रम में जोरदार उत्साह और भागीदारी दिखायी उद्घाटन समारोह की शुरुआत नवीन गुप्ता ने सुरक्षा ध्वज फहरा के की और इसके बाद गुब्बारे छोड़ने की रस्म अदा की गयी। इसके बाद कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण गतिविधियां आयोजित की गयी। माइन मैनेजर ने सभी उपस्थित कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलायी, जिससे सुरक्षा के प्रति जागरूकता और संकल्प को प्रगाढ़ किया गया। सभी सीनियर अधिकारियों ने अपने अनुभव और सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण सलाहें दीं। इसके बाद चट्टी बरियातु परियोजना और एमडीओ के कर्मचारियों ने एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें डंपर में सुरक्षा सुविधाओं के साथ छेड़छाड़ के परिणाम विषय पर प्रकाश डाला गया। इसके अलावा प्राथमिक चिकित्सा और अग्निशमन पर लाइव प्रदर्शन भी किया गया जिससे कर्मचारियों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के कौशल में सुधार हुआ। नवीन गुप्ता ने विद्युत और यांत्रिक विभाग के स्टॉल का दौरा भी किया। अंत में नवीन गुप्ता और सभी विभाग प्रमुखों, माइन एजेंट और माइन मैनेजर ने मिलकर सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाई जो सुरक्षा जागरूकता फैलाने के लिए पूरे परिसर में यात्रा करेगा।

## बड़कागांव में अडाणी फॉउंडेशन ने टीबी के 80 मरीजों को दिया पोषण किट




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बुधवार को गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अडाणी फॉउंडेशन ने तीसरे चरण के तहत छठे और अंतिम कैंप में गोद लिए 80 टीबी मरीजों के बीच नि:शुल्क पोषण किट वितरित किया। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान अडाणी फाउंडेशन की ओर से वितरित किये गये प्रत्येक किट में च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग, सरसों तेल और हॉर्लिक्स जैसी आहार सामग्रियां शामिल हैं। प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत छः महीने के ईलाज के दौरान रोगियों को सभी छः माह पोषक आहार प्रदान किया गया। तीनों चरण के तहत अब तक 210 टीबी मरीजों को गोद लिया जा चुका है, जिनमें से अधिकतर अब स्वस्थ हो चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है। इस अवसर पर बड़कागांव स्थित सामुदायिक चिकित्सा केंद्र के प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने कहा कि अडाणी फॉउंडेशन टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ठ कार्य कर रहा है जो प्रशंसनीय है। इसके अलावा अडाणी फॉउंडेशन द्वारा नि:शुल्क एम्बुलेंस भी प्रदान किया गया है, जिससे ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग क्षेत्र के मरीजों के लिए आपात परिस्थिति में यह एम्बुलेंस सुविधा त्वरित रूप में उपलब्ध है। आगे उन्होंने बताया कि अडाणी फॉउंडेशन की ओर से अब तक 210 टीबी के मरीजों को गोद लिया जा चुका है, इनमें से अधिकतर अब तक स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं, नए 80 मरीजों को लगातार छह महीने तक पोषण आहार प्रदान किया गया। अभी इन्हें छठे और आखिरी महीने का किट वितरित कर दिया गया है। इस अवसर पर सीएसआर विभाग के उप प्रबंधक मोहित गुप्ता और तारकेश्वर कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

### हजारीबाग सदर, बड़कागांव और मांडू विधायक ने की डीसी से मुलाकात

# जिले के विकास और सुरक्षा को लेकर विधायकों ने उपायुक्त के साथ की चर्चा

**जनता की सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं हमारी प्राथमिकता हैं: सदर विधायक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी और मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने बुधवार को डीसी से मुलाकात की। इस दौरान जिले में बढ़ रहे अपराध, विकास परियोजनाओं की प्रगति और क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर गहन चर्चा की गयी। सभी विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं और समाधान के लिए संभावित योजनाओं पर सुझाव दिए। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता पर जोर देते हुए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल को उन्नत बनाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज जिले का प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान है। इसे बेहतर चिकित्सा उपकरणों, पर्याप्त डॉक्टरों और उन्नत इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित करना हमारी प्राथमिकता है। इससे जिलेवासियों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में देरी और मरीजों को हो रही असुविधा पर चिंता जताई। श्री प्रसाद ने जिले में बढ़ रहे अपराधों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने डीसी से कहा की जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना प्राथमिकता होनी चाहिए। बढ़ते अपराध न केवल जनता की सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि विकास कार्यों को भी बाधित करते हैं। प्रशासन को अपराध नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने होंगे।

बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को विस्तार से डीसी के समक्ष रखा। उन्होंने कहा बड़कागांव क्षेत्र में सड़क, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी अब भी बड़ी समस्या है। विकास परियोजनाएं धीमी गति से चल रही हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी और सिंचाई योजनाओं की धीमी प्रगति पर भी ध्यान दिलाया। मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को साझा करते हुए कहा मांडू क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने, कृषि के लिए सिंचाई योजनाओं को बेहतर बनाने और गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने क्षेत्र में बढ़ती बेरोजगारी और युवाओं के पलायन पर चिंता व्यक्त की। श्री महतो ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान विकास योजनाओं में प्राथमिकता देकर ही किया जा सकता है। डीसी नैंसी सहाय ने सभी विधायकों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि प्रशासन इन समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित कदम उठायेगा। उन्होंने कहा जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने, स्वास्थ्य सुविधाओं को उन्नत करने और विकास परियोजनाओं को गति देने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जनप्रतिनिधियों के सुझावों को प्राथमिकता देकर योजनाओं को लागू किया जायेगा।

सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि हमने जिले में बढ़ते अपराध पर नियंत्रण और शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज की सुविधाओं को उन्नत बनाने पर चर्चा की। जनता की सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं हमारी प्राथमिकता हैं।

# सड़क दुर्घटना में महिला की दबकर मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम तिलोकरी फाटक के निकट मंगलवार की देर शाम एक ऑटो सड़क पर बालू गिट्टी रखे होने के कारण अनियंत्रित हो गया और पलट गया। जिससे ऑटो में बैठी गिरिडीह जिले के बिरनी थाना क्षेत्र के बरोटांड गांव निवासी पिंकी देवी (35, पति स्व. विनोद रजक) की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि 3 अन्य लोगों को मामूली चोटें आयी हैं। मिली जानकारी के अनुसार पिंकी देवी अपने मायके चंदवारा थाना क्षेत्र के बंदाचाक से जयनगर थाना क्षेत्र के पिसपिरों अपने किसी रिश्तेदार के यहां बर्थ डे पार्टी में शामिल होने जा रही थी। ऑटों के पलटने से ऑटों के नीचे महिला दब गयी और उसकी घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बबलू कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है की मृतका पिंकी देवी के पति की मौत डेढ साल पूर्व किडनी फेल हो जाने के कारण हो गयी थी। पति की मौत होने के बाद पिंकी देवी अपने मायके बंदाचक में ही रहती थी और किसी गैराज में काम करती थीं। मृतका के दो पुत्र एक बारह साल और एक चौदह साल का है।

## कुआं में डुबने से युवक की मौत

**चलकुशा/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोपीडीह में मंगलवार की शाम राम बाबू मालाकार 29 वर्ष पिता राजू मालाकार का कुआं में डुबने से मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि में देर शाम काम कर घर आया था और अपने घर के कुआं पर स्नान करने गया। स्नान करने के दौरान पैर फिसलने से कुआं में गिर गया। परिजनों के द्वारा सोर मचाने पर आस पास के काफी ग्रामीण एकत्रित हो गये, और रशि झगर के सहारे बचाने का प्रयास किया गया। लेकिन काफी पानी और शाम होने के कारण लोगों को काफी मशक्कत और सहयोग से युवका को बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। युवक अपने पिछे पत्नी और तीन बच्चे छोड़ गया। वहीं इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जिसकी सुचना पर परिजनों को ढांढस बंधाने बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव के छोटे भाई समाजसेवी रवि निराला, मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, मनैया मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, लखन साव, मुन्ना यादव, बिंदेश्वर यादव, धीरेन्द्र शर्मा, सिकंदर यादव, इंद्रदेव यादव, तुलसी यादव, अशोक दास, निर्मल यादव, अलखदेव सिह, केदार यादव, उमेश यादव, सुरेश यादव, राजकुमार पांडेय, अशोक पांडेय, सुरेश सिंह और काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं भी पहुंचे।

## संस्था ने विवाह में किया सहयोग



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** सतडीहा पंचायत के गांव नवादा में भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था पे टू पे सोशल फाऊंडेशन जो बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुहिम के अंतर्गत कार्य कर रही संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभु दयाल शर्मा के मार्गदर्शन से झारखंड कोडरमा के एरिया मैनेजर अनूप पंडित द्वारा जिला कोडरमा प्रखंड जयनगर ग्राम नवादा में सुरेश सिंह की पुत्री दीपा कुमारी की शादी में संस्था द्वारा चेक और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। मौके पर एरिया मैनेजर सतीश मोदी, एरिया कोऑर्डिनेटर अजय मोदी, एक्टिव कार्यकर्ता सरिता देवी, रविता देवी, शोभा देवी और लतबेधवा के समाजसेवी प्रदीप राणा व अन्य लोग मौजूद रहे।

# उपायुक्त ने मुखिया और उनके पति के खिलाफ जांच का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला पंचायत राज शाखा हजारीबाग के द्वारा आदेश जारी कर बताया गया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णुगढ़ के पत्रांक 1422 द्वारा प्राप्त विस्तृत प्रतिवेदन के क्रम में ग्राम पंचायत अलपिटो के मुखिया सुमिता देवी और मुखिया पति धनेश्वर यादव के विरुद्ध मनमाने ढंग से कार्य करने और सरकारी दस्तावेजों में गलत तरीके से हस्ताक्षर किये जाने, साथ ही मनरेगा योजना के तहत नियम विरुद्ध कुल 19 योजनाओं का निर्माण कराने के क्रम में संबंधित मुखिया, तत्कालीन पंचायत सचिवों और अन्य कर्मियों भेंडरों पर कुल 27,87,811.68 रु सरकारी राशि गबन करने का आरोप अधिष्ठापित किया गया है। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णुगढ़ के पत्रांक 1484 द्वारा ग्राम पंचायत अलपिटो के पंचायत भवन में अभिलेख, रोकड़ पंजी, योजना पंजी इत्यादि की चोरी हो जाने संबंधी सूचना प्राप्त है। उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में सरकार के सचिव, ग्रामीण विकास विभाग (पंचायती राज) झारखंड रांची के कार्यालय आदेश संख्या-26 सपठित ज्ञापांक 371 दिनांक 15.02.2019 की कंडिका-''' के आलोक में उक्त संदर्भ में विस्तृत जांच हेतु जांच दल गठित किया गया है। गठित जांच दल में निदेशक, लेखा प्रशासन और स्व-नियोजन, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग को अध्यक्ष के रूप में और जिला पंचायती राज पदाधिकारी हजारीबाग, सहायक अभियंता (मनरेगा) विष्णुगढ़ प्रखंड और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा दारू को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। उपर्युक्त मामलों को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय ने उक्त गठित जांच समिति को निदेशित किया है कि तीन दिनों के अंदर संयुक्त रूप से जांच करते हुए विस्तृत संयुक्त जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

# जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की कार्यकारिणी बैठक हुई

# पर्यटन विकास के लिए ली गयी योजनाओं की दी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की कार्यकारिणी निकाय की बैठक हुई। सर्वप्रथम बैठक में जिला पर्यटन पदाधिकारी कैलाश राम ने विभाग से पर्यटकीय विकास हेतु वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2023-24 के बीच प्राप्त आवंटन के बारे में बताया और प्राप्त आवंटन के विरुद्ध कोडरमा जिलान्तर्गत पर्यटन विकास के लिए ली गयी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने चंचला धाम के रास्ते का सुदृढ़ीकरण, पेयजल व्यवस्था, तिलैया डैम के नवीकरण, वृन्दाहा जल प्रपात का सुदृढ़ीकरण, करमा बाबा धाम के रास्ते का सुदृढ़ीकरण और पेयजल व्यवस्था, घोड़सिमर मंदिर की मरम्मति और सुंदरीकरण, झील रेस्टोरेंट के समीप एडवेंचर पार्क निर्माण समेत अन्य पर्यटन स्थलों के विकास के लिए योजनाएं क्रियान्वित की जानकारी दी। उपायुक्त ने पर्यटन स्थलों के विकास के लिए की जा रही कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। चंदवारा प्रखंड अंतर्गत एडवेंचर पार्क का निर्माण कार्य और निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद उसके रख रखाव और संचालन को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया। ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए तिलैया डैम, उरवां में प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। वृदांहा जल प्रपात और पेट्रो जल प्रपात को पर्यटन क्षेत्रों में और विकास के लिए प्लान तैयार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला पर्यटन पदाधिकारी कैलाश राम, प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा, झुमरी तिलैया नगर परिषद समेत समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## भारत जकात मांझी परगना बरकट्ठा के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** भारत जकात मांझी परगना महाल बरकट्ठा के आदिवासी समाज के सदस्यों ने झारखंड के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन से शिष्टाचार भेंट की। सभी सदस्यों ने पुष्प गुच्छ देकर विधानसभा में चुनाव में प्रचंड बहुमत से सरकार बनने की बधाई दी। साथ ही बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के जन समस्याओं को लेकर अवगत कराया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा, सचिव मनोज मुर्मू, युवा समाज सेवी सुनील कुमार मुर्मू, महेश टुडू, बाबूराम मांझी, पोखनलाल हंसदा, कन्हैया मांझी, दसों मुर्मू, जीवलाल मांझी, शिवलाल मुर्मू, सहदेव हेंब्रम समेत कई लोग उपस्थित थे।

## तिलैया जलाशय में मत्स्य अंगुलिका संचयन और केज प्रणाली का निरीक्षण



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग द्वारा तिलैया जलाशय में मत्स्य अंगुलिका संचयन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लोकेश बारंगे, आइएएस, सहायक समाहर्ता की उपस्थिति में कुल 8 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं का सफलतापूर्वक संचयन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोकेश बारंगे ने केज प्रणाली में मत्स्य पालन का भी निरीक्षण किया। यह प्रणाली जलाशय में मछलियों का पालन नियंत्रित और वैज्ञानिक तरीके से करने के लिए एक आधुनिक तकनीक है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मत्स्यपालकों के प्रयासों की सराहना की और इस तकनीक को और अधिक प्रोत्साहित करने की बात कही। जिला मत्स्य अधिकारी ने जानकारी दी कि तिलैया जलाशय में मत्स्य अंगुलिका संचयन और केज प्रणाली के माध्यम से मत्स्य उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। इस पहल से न केवल मत्स्य कृषकों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी बल मिलेगा। यह कार्यक्रम मत्स्य पालन को बढ़ावा देने और स्थानीय मत्स्य कृषकों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने की दिशा में जिला मत्स्य कार्यालय का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस दौरान जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी डॉ रजनी गुप्ता के अलावा कई किसान मौजूद थे।

## बरियातू पंचायत की मुखिया का निलंबन वापस

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बरियातू पंचायत की मुखिया नीतू कुमारी का निलंबन वापस को लेकर वित्तीय शक्ति प्रदान कर दी गयी है। इसे लेकर उपायुक्त हजारीबाग के आदेश ज्ञापांक 590,2.12.2024 के तहत नोटिस जारी किया गया था जिसके बाद केरेडारी बीडीओ विवेक कुमार ने भी इनके निलंबन वापसी को लेकर चिट्ठी जारी किया है। विदित हो की पूर्व में अबुआ आवास योजना में अवैध तरीके से राशि वसूली करने के आरोप में प्रथम दृष्टया संलिप्त पाये जाने की वजह से इनकी वित्तीय शक्तियों को वापस लेते हुए निलंबित किया गया था।

## पीएम श्री मध्य विद्यालय में पौधरोपण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव स्थित पीएम श्री मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक अशोक कुमार के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजन किया गया। विद्यालय में दर्जनों पौधे लगाये गये। जिसमें से विभिन्न किस्म के गुलाब, डेजी, फूल गेंदा फूल, छायादार पौधे, कई ग्रीन प्लांट लगाये गये। पौधा रोपने वाले शिक्षकों में चेतलाल राम, विनोद रजक, दीपक राणा, कमलेश श्रीवास्तव, रवि कुमार रवि, देवेंद्र कुमार, राजू कुमार, तुलसी कुमार, मिताली कुमारी, तुलसी महतो, देवनाथ कुमार, संजय सागर, नकुल महतो, रामवृक्ष राम, छात्रों में से सागर कुमार, विक्की कुमार, सक्षम कुमार, अरुण कुमार, बादल कुमार, लव कुमार, कुश कुमार, मोहम्मद तोहिद अंसारी, साजन कुमार, सिद्धांत कुमार ने पौधे लगाये। मौके पर शिक्षक हेमेंद्र कुमार, बिना साहू, नीलू कुमारी, निगर सुलताना, कैसर अंजुम, कार्तिक कुमार सोनी, शकुंतला कुमारी, संतोषी कुमारी, पुष्पा कुमारी, रजनी कुमारी, बसंती कुमारी, देवनाथ कुमार, मो जमशेद अंसारी आदि मौजूद थे।

## दिव्यांगता अभिषाप नहीं है, शिक्षा और जागरूकता ने इसे खारिज किया: पोद्दार



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा ने कोडरमा रेलवे स्टेशन पर दिव्यांग यात्रियों के लिए एक व्हीलचेयर उपलब्ध कराया। यह पहल स्वर्गीय शंकर लाल चौधरी की स्मृति में और प्रेरणा शाखा के सहयोग से की गयी। व्हीलचेयर को स्टेशन प्रबंधक संतोष कुमार को सौंपा गया, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के कुलपति प्रो (डॉ) पवन पोद्दार ने सुपुर्द किया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो पवन पोद्दार ने कहा कि दिव्यांगता अब अभिशाप नहीं मानी जाती। शिक्षा और जागरूकता के बढ़ते प्रसार ने इस धारणा को खारिज कर दिया है। उन्होंने बताया कि आज दिव्यांग व्यक्तियों ने समाज में अपना अलग और सफल मुकाम हासिल किया है। इस दिशा में मारवाड़ी युवा मंच और अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। गझंडी के सहायक मंडल अभियंता उमाशंकर प्रजापति ने कहा कि प्रेरणा शाखा पहले भी स्टेशन पर दो वाटर कूलर उपलब्ध करा चुकी है। आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार, वाणिज्य पर्यवेक्षक बच्चा कुमार, स्टेशन अधीक्षक संतोष कुमार और स्वास्थ्य अधिकारी केसी प्रसाद ने भी इस अवसर पर प्रेरणा शाखा के कार्यों की सराहना की। प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि मारवाड़ी युवा मंच दिव्यांगों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए सतत प्रयासरत है। इस अवसर पर समाजसेवी अरविन्द चौधरी के अलावा प्रदीप जाना, प्रेरणा शाखा की उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया, दीपा गुप्ता, उषा शर्मा, कृति चौधरी, मीना हिसारिया, आकृति चौधरी, नीतू अग्रवाल, मिनी हिसारया, ऋचा भोजानवाला, प्रीति पचीसिया आदि उपस्थित थे।

## डैम से अज्ञात शव बरामद

**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत जामुखाडी स्थित रेलवे ओवरब्रिज के समीप बुधवार को अज्ञात शव बरामद किया गया। शव के देखे जाने के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 05 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in
05

## पत्रकार को पितृशोक



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** पत्थलगड़ा के वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र कुमार तिवारी के पिताजी लक्ष्मी नारायण तिवारी उम्र 89 वर्ष नहीं रहे। बीती रात उन्होंने अंतिम सांस ली। कुछ दिनों से वे बीमार थे। बुधवार को दुंबी गांव स्थित पंचबहनी नदी घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। लक्ष्मीनारायण तिवारी क्षेत्र के जाने-माने किसान थे। वे आजीवन चतरा और हजारीबाग में कांग्रेस पार्टी के कई महत्वपूर्ण पदों पर आसीन रहे। उनके निधन की खबर सुनकर पत्थलगड़ा में शोक की लहर है। उनके पांच पुत्र मिथिलेश तिवारी, गोपाल तिवारी, रामकिशोर तिवारी, राज किशोर तिवारी और जितेंद्र तिवारी समाज सेवा व कई पदों पर कार्यरत हैं। उनके निधन की खबर सुनकर सिमरिया विधायक उज्जवल कुमार दास, प्रखंड विकास पदाधिकारी कलिंद्र साहू, अंचलाधिकारी उदल राम, थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी समेत कई पंचायत प्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के लोग, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्थलगडा के व्यवसायी और गणमान्य उनके आवास पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही शोक संतप्त परिजनों को ढाढस बंधाया। लक्ष्मी नारायण तिवारी के छोटे भाई वासुदेव तिवारी पत्थलगड़ा के पूर्व मुखिया थे। क्षेत्र के विकास और पत्थलगड़ा को पहचान दिलाने के लिए उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किये। ब्राह्मण समाज के काफी संख्या में लोग उनके निधन की खबर सुनकर बरवाडीह स्थित आवास पहुंचे। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में विधायक उज्जवल दास समेत भाजपा, कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, जिले के कई पत्रकार और समाजसेवी उपस्थित हुए। उपस्थित लोगों ने उनके द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की और कहा कि वे पत्थलगड़ा के एक धरोहर थे। उनके आकस्मिक निधन से क्षेत्र को अपूर्णीय क्षति हुई है।

## सांप काटने से महिला अचेत

**प्रतापपुर/ चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कोलमालहन गांव निवासी सोहन यादव की 45 वर्षीय पत्नी सरिता देवी को बुधवार को एक विषैले सर्प ने काट लिया। जिससे महिला अचेत हो गयी। ग्रामीण उपेंद्र दांगी और अन्य लोगों के सहयोग से आनन फानन में उसे प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया। जिसके बाद प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल चतरा रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया की महिला अपने गांव से सटे जंगल में जानवरों को चराने गयी थी। इसी दौरान विषैले सर्प ने उसे काट लिया। जिससे महिला अचेत होकर गिर गयी। उसके साथ जंगल गयी अन्य महिलाओं ने हो हल्ला किया जिसके बाद अन्य ग्रामीण जुट गये और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उसे भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बताया कि अचेत होने का कारण स्पष्ट नहीं है।

## हाइवा ट्रक की टक्कर में चालक घायल

**कुजू (आजाद सिपाही)।** डीएस पेट्रोल पंप, नयामोड़ के पास आगे चल रहे हाइवा को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना मंगलवार की देर रात की है। इस घटना में ट्रक चालक स्टेयरिंग में बुरी तरह फंस गया। जिसे पुलिस ने स्थानीय लोगों व क्रेन की मदद से बाहर निकाल कर गंभीर रूप से घायल चालक को इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेजा। वहीं, घटना के बाद अज्ञात हाइवा फरार हो गया।

## विधान से समाधान विधिक जागरूकता शिविर




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा), झारखंड राज्य विधि सेवा पदाधिकार (झालसा) और राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वावधान में प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार आलोक कुमार दुबे के मार्गदर्शन में बुधवार को चितरपुर प्रखंड में विधान से समाधान विधिक जागरूकता कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डालसा सचिव द्वारा दो रिसोर्स पर्सन पैनल अधिवक्ता मंजूरी चाकी और बीबी जाहिदा खातून को नियुक्त किया गया था। इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और उनके सशक्तिकरण के लिए प्रेरित करना था। घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, मानव तस्करी, यौन उत्पीड़न, एसिड अटैक, अपहरण, और दहेज के लिए मृत्यु जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा की गयी। साथ ही वित्तीय साक्षरता, कौशल विकास योजनाओं, और महिला उत्पीड़न, बाल विवाह, महिलाओं की शिकायतों के समाधान में एनसीडब्ल्यू के हेल्पलाइन नंबर 112 और नालसा की भूमिका को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में चितरपुर प्रखंड के विभिन्न विभागों से जुड़ी महिलाएं, शिक्षिकाएं, आंगनबाड़ी सेविकाएं, सहिया दीदी, और जेएसएलपीएस की कुल 60 महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपक मिंज, डालसा रामगढ़ के कर्मचारीगण, चितरपुर प्रखंड के कर्मचारियों, और पारा लीगल वॉलंटियर दुर्गेश कुमार, विनोद कुमार, निरंजन कुमार का विशेष योगदान रहा। शिविर में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और आत्मनिर्भर बनने में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी। डालसा सचिव ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बीडीओ चितरपुर की सराहना की।

## आरसी रूंगटा के प्लांट में जारी है जीएसटी टीम की छापेमारी



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** आरसी रूंगटा के प्लांट में दूसरे दिन बुधवार को भी जीएसटी टीम की छापेमारी जारी रही। इस दौरान रामगढ़ जिले में स्थापित झारखंड इस्पात, मां छिन्नमस्तिका स्पंज आयरन प्लांट और आलोक स्टील प्लांट में जीएसटी टीम के अधिकारी फाइल को खंगाल से रहे। हालांकि इस दौरान किसी भी अधिकारियों ने मीडिया से बात नहीं की उन लोगों ने प्लांट के प्रवेश द्वार पर ही सुरक्षा गार्ड बिठा दिया। यहां तक कि प्लांट में आने वाली गाड़ियों को भी सड़क पर ही रुकना पड़ा। अधिकारी प्लांट में होने वाले कार्यों से जुड़े हुए सभी दस्तावेजों को खंगाल रहे हैं। रॉ मटेरियल के खरीदारी से लेकर उत्पाद के बिक्री तक के दस्तावेजों को अधिकारियों ने अपने कब्जे में ले लिया है। रामगढ़ शहर में जहाज कोठी के पास बनाये गये कार्यालय में भी टीम की जांच चल रही है।

### 438 अग्निवीर रिक्रूट्स ने पासिंग आउट परेड में हुए शामिल

# देश सेवा का जज्बा हर सैनिक को बनती है महान: ब्रिगेडियर

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़।** रामगढ़ छावनी में स्थित पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के किलाहरी ड्रील स्क्वायर में बुधवार को चौथे बैच के 438 अग्निवीर रिक्रूट्स ने पासिंग आउट परेड में मरते दम तक देश सेवा की शपथ ली। 31 सप्ताह के कठिन शारीरिक प्रशिक्षण और मानसिक प्रशिक्षण के समापन पर यह पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान अग्निवीर रिक्रूट्स ने पवित्र गीता और गुरु ग्रंथ को साक्षी मानकर देश व रेजीमेंट की आन-बान व शान और सुरक्षा की शपथ लेकर भारतीय सेवा के अंग बने। वही, शपथ अधिकारी केंद्र के मेजर शुभम कालिता ने सभी 438 अग्निवीर रिक्रूट्स को शपथ दिलायी।

**देश सेवा का जज्बा हर सैनिक को बनती है महान: ब्रिगेडियर:** अग्निवीर रिक्रूट्स का हौसला बुलंद करते हुए ब्रिगेडियर संजय चंद्र कंडपाल ने कहा कि अब सभी नौजवान सैनिक राष्ट्र की सेवा के लिए पंजाब रेजिमेंट की विभिन्न यूनिटों में तैनात किये जायेंगे। जहां सभी देश की सेवा व सुरक्षा में लगेंगे। इस दौरान जवानों को कई तरह के चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। उस वक्त प्रशिक्षण के दौरान सिखाये गये सभी गुर को याद करते हुए चुनौतियों का सामना करते हुए अपने मिशन में कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पंजाब रेजिमेंट का गौरवमयी इतिहास रहा है। पंजाब रेजिमेंट ने 11 युद्ध सम्मान हासिल किये हैं। महावीर चक्र, कीर्ति चक्र, दर्जनों शौर्य चक्र, वीर चक्र सहित कई सामानों से यह रेजिमेंट सुशोभित है। कई ओहदे अपने नाम पर लिखे हैं। कसम परेड में शामिल होने आए अग्निवीर जवानों के माता-पिता को ब्रिगेडियर ने पारंपरिक गौरव पदक भी प्रदान किया। देश सेवा का जज्बा हर सैनिक को महान बनाती है।

### ब्रिगेडियर ने किया परेड का निरीक्षण

पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के किलाहरी ड्रील स्क्वायर में सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय चंद्र कंडपाल ने सलामी लेते हुए परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान ब्रिगेडियर ने प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल प्रदर्शन करने वाले चार रिक्रूट्स को मेडल पहनाकर और रेजिमेंटल का झंडा प्रदान कर पुरस्कृत किया।

### स्वास्थ्य विभाग के कार्यों को लेकर डीसी ने बैठक

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरकाकाना में संचालित होगा एमटीसी केंद्र पतरातू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों को लेकर बुधवार को डीसी चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय के सभागार में समीक्षा बैठक किया। इस दौरान बैठक में सर्वप्रथम सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने डीसी सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग की पूर्व में हुई समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देश के आलोक में किये गये कार्यों की जानकारी दी गयी। जिसके उपरांत डीसी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को मिल रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने और प्रभावी तरीके से आयुष्मान भारत योजना का संचालन करते हुए प्रत्येक योग्य मरीज को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। साथ ही मातृत्व स्वास्थ्य अंतर्गत विभिन्न कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच ससमय सुनिश्चित करने और प्रसव पूर्व जांच के तहत संतोषजनक कार्य नहीं करने वाली सहियाओं की पहचान करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिये।

**जल्द से जल्द सिजेरियन सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश:** पतरातू प्रखंड में गर्भवती महिलाओं के लिए सिजेरियन ऑपरेशन की सुविधा सुनिश्चित करने को लेकर बैठक के दौरान डीसी ने पतरातू प्रखंड कार्यालय के पुराने भवन का निरीक्षण कर जल्द से जल्द सिजेरियन सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

चिकित्सा पदाधिकारी मांडू से डीसी ने मांगा स्पष्टीकरण इन सब के अलावा बैठक के दौरान डीसी ने बच्चों के नियमित टीकाकरण संबंधित मामले में संतोषजनक कार्य नहीं करने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मांडू से स्पष्टीकरण पूछने, सदर अस्पताल सहित अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों आदि में मरीजों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक मेंसिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ मृत्युंजय कुमार सिंह, डीआरसीएचओ, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### ऑटोप्सी सुनिश्चित करने का निर्देश

संस्थागत प्रसव संबंधित मामलों की समीक्षा में क्रम में डीसी ने सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में हो रहे प्रसव आदि की जानकारी लेते हुए उपलब्ध सुविधाओं को और भी प्रभावी तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने प्रसव के दौरान गर्भवती महिलाओं अथवा बच्चों की मृत्यु से संबंधित मामलों की गंभीरता पूर्वक जांच सुनिश्चित करने और संबंधित मामलों में ऑटोप्सी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीसी ने गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों की पहचान प्रसव पूर्व जांच के दौरान विशेष ध्यान देते हुए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर डीसी ने सदर अस्पताल सहित अन्य सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि में 24 घंटे आकस्मिक सेवाएं, प्रसव आदि के लिए चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# आम्रपाली चंद्रगुप्त परियोजना में मनाया गया 67वां खान सुरक्षा सप्ताह

**आइएसओ सीबी प्रसाद, डीजीएमएस आफताब अहमद अतिथियों ने सुरक्षा सबंधित पुस्तक अनावरण के साथ शुरुआत कराया**

आजाद सिपाही संवाददाता





**टंडवा।** आम्रपाली चन्द्रगुप्त परियोजना क्षेत्र के जीएम कार्यालय में 67वां खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची डीजीएमएस माइंस आफताब अहमद, आइएसओ मुख्य पदाधिकारी रांची सीबी प्रसाद, टाटा कंपनी घाटों खान से सुरक्षा दल की टीम शामिल हुए।इस दौरान परियोजना जीएम अमरेश कुमार सिंह, पीओ मो अकरम सहित अधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र और श्रीफल, पौधा देकर किया।मौके पर आईएसओ मुख्य पदाधिकारी सीबी प्रसाद ने कहा की सुरक्षा सप्ताह हम अपने प्रति सुरक्षा के नियमो की जानकारी को पुनः जानने के लिए सुरक्षा सप्ताह मनाते है। यह कठिन परिस्थिओं में अप्राकृतिक रूप से कार्य कीये जाने वाला कार्य है। इसमें बहुत कुछ कठिनाइया आते रहती है नई-नई चुनौतियां आती रहती है, हम उन सब से बचने के लिए अपने लिए नियम बनाए हुए हैं। हमारे स्टैंडिंग समितिया है। उसका पालन किया जाता रहा है। इसमें कुछ कमी रह जाती है। या समय के अंतराल में हम उसे भूल जाते हैं। या किसी न किसी दुर्घटना के रूप में आता है, हमारे घर में उसके परिवार के लिए हमारे पूरे क्षेत्र के सभी कर्मियों में हमें सारे अपने उत्पादन में बुरा असर डालता है और आत्मविश्वास स्तर और उत्पादन में कमी आती है। हमारा एक उदेश्य है उत्पादन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए सुरक्षा के प्रति कम्युनिटी में प्रचार प्रसार करते है और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धत्ता को दोहराते है। इसलिए हम लोग हर साल सुरक्षा सप्ताह मनाते है। जिसे जीवन में उपयोग में लाने की इच्छा में प्रबलता आ जाती है। सेफ्टी बोर्ड के सदस्य से आग्रह करते है की रह रह के जांच करते रहे निर्देश करती रहे। आम्रपाली खदान सुरक्षा के सभी मानको में नई आयाम कायम किया है। यह सुरक्षा के दृष्टि से सुरक्षित खदान है। हमारा संज्ञान में जो भी कोई त्रुटि आयेगी उसे हमलोग सुधार करने की काम करेंगे।सुरक्षा का पालन में कार्य करने के लिए आदत में होना। हम कोई भी सुरक्षित ढंग से काम करने की बात कहि। उन्होने आने वाले दिनों में शून्य दुर्घटना में काम करते रहने की शुभकामनाये दी। इस उपरांत में सेफ्टी बोर्ड के सदस्य और घाटो खदान से चल के सुरक्षा के जांच दल ने कामगारों को नई नई नियमो के बारे में क्रमशः बात रखी। 67वां खान सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत 4 दिसंबर से 13 दिसंबर तक चलेगी। इस अवसर पर 73 कामगारों को अच्छे कार्य करने पर पुरूष्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर परियोजना जीएम और टेक्निकल टीम के द्वारा सुरक्षा संबंधित पर बनी पुस्तक का अनावरण मुख्य अतिथि और सेफ्टी टीम के हाथों किया गया। कार्यक्रम में कस्तूरबा उच्च विधालय गाड़ीलौंग के छात्राओं ने अतिथियो के स्वागत गीत की प्रस्तुति किया। छात्राओं को उत्साहित करने के लिए डीजीएमएस के प्रमुख आफताब अहमद से पांच हजार देकर विधार्थियों को हौसला बढ़ाया। इस मौके पर टाटा कंपनी से आये सुरक्षा दल के संयोजक राजेश पटेल, खान प्रबंधक संजय डे, सीनियर मेनेजर मेंटेनेंस राकेश साव, आसुतोष गौरव, लावजी साव, संजीव सिंह, अलोक कुमार उपाध्याय, सेफ्टी बोर्ड सदस्य रवीन्द्र सिंह, सुरेश पेटल, बीएमएस नेता मुकेश साव, रवीन्द्र गुप्ता सहित सैकड़ों कर्मी उपस्तिथ थे।

## ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज का निरीक्षण



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव अतुल कुमार तिवारी ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातू बुधवार को पहुंचे। यहां पहुंचने पर सर्व प्रथम पतरातू जिंदल स्टील और पावर प्लांट के हेड सतेंद्र सिंह ने सचिव अतुल कुमार तिवारी को स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। इसके बाद उपस्थित छात्र-छात्राओं ने नृत्य और स्वागत गान करते हुए मुख्य भवन तक ले गये जहां पर संस्थान के प्राचार्य ने अतिथियों को शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन और प्रशिक्षण विभाग के निदेशक और श्रमायुक्त संजीव कुमार बेसरा, जिंदल फाउंडेशन पतरातू के रवि निवास, मानव संसाधन विभाग के सतीश कुमार सिंह आदि लोगों की उपस्थित में सचिव ने संस्थान के मुख्य भवन और वर्कशाप का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होनें संस्थान में उपस्थित वर्कशाप और परिसर को देख। प्रशिक्षुओं से बातचीत भी की इसके बाद उन्होंने संस्थान के लोगों के साथ एक औपचारिक बैठक कर संस्थान के प्राचार्य से संस्थान के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की। इस दौरान सचिव ने संस्थान के प्रबंधन को संस्थान में नए व्यवसाय को संचालित करने के लिए क्षेत्रीय निदेशालय (आरडीएसडीइ) के प्रमुख क्षेत्रीय निदेशक बीके दुबे और कार्यालयाध्यक्ष पीके मडावी से परामर्श कर शीघ्र ही नये व्यवसाय संचालित करने का भी निर्देश दिया।

## कैंसर विशेषज्ञ डॉ सतीश शर्मा अब मेडिका रांची में देंगे सेवा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** रांची के जाने माने कैंसर विशेषज्ञ सह कुजू निवासी कोयला व्यवसायी बालेश्वर शर्मा के पुत्र डॉ सतीश शर्मा अब रांची बरियातु स्थित भगवान महावीर मेडिका अस्पताल में कैंसर रोगियों को अपनी सेवा देंगे। डॉ शर्मा इससे पहले रांची के इरबा स्थित एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल में बतौर ऑनकोलॉजिस्ट कार्यरत थे। इससे पूर्व, वे मुंबई के प्रसिद्ध कोकिलाबेन अस्पताल में भी अपना योगदान दे चुके हैं। डॉ शर्मा डीएम मेडिकल ऑनकोलॉजिस्ट हैं और उनका इस क्षेत्र में नौ साल से अधिक का अनुभव है। मेडिका अस्पताल में वे सोमवार से शनिवार तक कैंसर संबंधित समस्याओं से परेशान मरीजों का इलाज करेंगे।

## अज्ञात वृद्ध महिला का शव बरामद

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के नयामोड़ गिद्दी हीरक मार्ग स्थित सीसीएल जीएम ऑफिस के पास कुजू पुलिस ने एक वृद्ध महिला ( करीब 62 वर्ष) का शव बरामद किया है। साथ ही, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। बताया जाता है कि स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बुधवार की सुबह सड़क के किनारे झाड़ियों में मृत वृद्ध महिला का शव देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय को दिया। इसके बाद उन्होंने ओपी के सअनि राजेश पासवान को भेजकर शव को बरामद करवाया। इधर, समाचार लिखे जाने तक शव का शिनाख्त नहीं हो पाया था। वही, शव को सदर अस्पताल के शीतगृह में रखा गया है।

## मलेरिया से एक बच्चे की मौत

**प्रतापपुर/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बामी गांव में मलेरिया का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। बुधवार की अहले सुबह 5 बजे एक मासूम बच्चे की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बच्चा मलेरिया बुखार से ग्रसित था। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत है। मृतक बच्चे की पहचान बामी गांव निवासी रविंद्र भारती के ढाई वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि बामी गांव के दर्जनों लोग मलेरिया से ग्रसित हैं। इस संदर्भ में प्रभारी चिकित्सक डॉ कुमार संजीव ने बताया कि मलेरिया की शिकायत मिलते ही हमारी टीम ने बामी गांव में कैंप लगाकर ग्रामीणों को इलाज शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले बामी गांव के बगल नवादा गांव में मलेरिया का प्रकोप था। जहां कैंप लगाकर लोगों का इलाज किया गया और अब वहां सभी लोग स्वस्थ हैं।

## वाहन जांच अभियान चलाया गया

**गोला (आजाद सिपाही)।** थाना के समीप बुधवार को यातायात पुलिस रामगढ़ के द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। नेतृत्व यातायात इंस्पेक्टर गजेंद्र पांडेय कर रहे थे। इस दौरान दर्जनों दो पहिया और चार पहिया वाहनों को पकड़ा गया। जिसके बाद चालान काटने के बाद छोड़ दिया गया। थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप ने पकड़े गये यात्रियों को चालान काटने के बाद छोड़ने के समय चेतावनी देते हुए कहा कि बीना हेलमेट और तीन सवार बाइक चालकों व चार पहिया वाहनों में बीना सीट बेल्ट लगाये चलने वाले चालकों को अब खैर नहीं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है कि लोग सावधान हो जायें बीना हेलमेट लगाये और बीना सीट बेल्ट लगाये सड़क पर वाहन न चलायें। अन्यथा कार्रवाई की जायेगी। थाना के समीप कभी भी अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि पकड़े गये वाहनों से 35 हजार चार सौ रुपए वसूला गया। अभियान में यातायात पुलिस के एएसआई शंकर कुमार, उदय कुमार सिंह, हवलदार और सैप के जवान शामिल थे।

## गोला में स्कार्पियों को हुई चारी

**गोला (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हेरमदगा निवासी मो असलम के घर पर बने पार्किंग में खड़ी स्कार्पियों को मंगलवार की रात अज्ञात चोर लेकर फरार हो गये। इस संबंध में चाड़ी निवासी पीड़ित मो शाहीद पिता माईनुद्दीन आवेदन देकर केस दर्ज कराया है। जिसमें कहा गया है कि बीती रात 10 बजे मैं अपने भाई मो असलम के घर जरूरी काम से गया हुआ था। अधिक रात होने के कारण मैं अपने काला रंग के स्कार्पियो संख्या जेएच01ईडब्लू -8348 को घर के बाहर बने पार्किंग में खड़ा कर सो गये। करीब 2-3 रात्रि को मैं शौच करने के लिए उठे तो देखे कि मेरा वाहन पार्किंग में नहीं है। तब हम दोनों भाई अगल-बगल में खोजबीन करने लगे। लेकिन स्कार्पियों का अता पता नहीं चला। इसके बाद बगल के सुबोध चन्द्र पोद्दार के दुकान में लगे सीसीटीवी का फुटेज को देखे तो पता चला की अज्ञात चोर मेरे स्कार्पियो की चोरी कर गोला रजरप्पा मोड के ओर भाग गये है। कहा गया है कि मेरे वाहन में गाड़ी का कागजात और कन्ट्रक्शन से संबंधित कागजात भी था। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले की छानबीन की जा रही है।


**शपथ पत्र**



शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 9954 दिनांक 18.11.2024 मैं संजय प्रजापति पिता श्री मोती प्रजापति, उम्र-लगभग 40 वर्ष, धर्म - हिन्दू, पेशा - सहायक अध्यापक, राष्ट्रीयता भारतीय, निवास स्थान- ग्राम शेरपुर, पो० जोरी, थाना चतरा, जिला चतरा (झारखण्ड) शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ कि :- यह कि मेरे पुत्र के 10वीं के सर्टिफिकेट में उसका नाम सिद्धार्थ राज अंकित है जो वास्तविक नाम है लेकिन आधार कार्ड सं० 4858 0214 9369 में गलत तरीके से शुभम कुमार अंकित है। 2. यह कि मेरे पुत्र का नाम सिद्धार्थ राज उर्फ शुभम कुमार एक ही है और एक ही लड़का है। 3. यह कि मेरे पुत्र सिद्धार्थ राज के वास्तविक जन्म प्रमाण पत्र में जन्म तिथि 02/04/2009 दर्ज है लेकिन उसके आधार कार्ड में जन्म तिथि गलत तरीके से 02/04/2008 दर्ज है। 4. यह कि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम सिद्धार्थ राज है और जन्म प्रमाण पत्र में जन्म तिथि 02/04/2009 है जिसे आधार कार्ड में अंकित करने का कृपा करें। 5. यह कि मेरे गाँव एवं मुहल्लें मे मेरे अलावा कोई भी मेरे पुत्र शुभम कुमार के नाम से नहीं जानता है। 5. यह कि उपरोक्त बातें सत्य एवं सही है।

# बुरे फंसे बाइडन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बेटे हंटर बाइडन को आपराधिक मामलों में माफी देकर अपने कार्यकाल के आखिरी दिनों को विवादास्पद बना दिया है। विशेष परिस्थितियों में किसी दोषी को माफी देना राष्ट्राध्यक्ष का विशेषाधिकार होता है, लेकिन यहां जिस तरह से उसका इस्तेमाल किया गया, उसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। यह मामला सीधे-सीधे परिवारवाद का है और अगर राष्ट्रपति जैसे पद पर बैठी शख्सियत इस तरह के फैसले लेगी, तो उससे जनता के विश्वास को चोट ही पहुंचेगी। बाइडन के पूरे कार्यकाल में उनके बेटे हंटर भी चर्चा में रहे। उन पर दो गंभीर संघीय अपराध साबित हुए थे। एक, बंदूक खरीदने के दौरान ड्रग्स इस्तेमाल करने से जुड़ी गलत जानकारी देना और दूसरा केस टैक्स चोरी का था। हंटर को इसी महीने के आखिर में दोनों केस में सजाएं होनी थीं, लेकिन अपने पिता की 'दया' से अब उन पर कोई आरोप नहीं है। इसने डॉनल्ड ट्रंप को पूछने का मौका दे दिया है कि जनवरी 2021 में हुए दंगे में शामिल लोगों को भी क्या माफी दी जायेगी? कोई हैरत नहीं, अगर अगले महीने पद संभालने जा रहे ट्रंप अपने समर्थकों को नये साल के तोहफे में माफी दे दें। बाइडन इसलिए भी इस मामले में घिर रहे हैं, क्योंकि उन्होंने गंभीर आपराधिक मामलों में अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल किया।

**विशेष परिस्थितियों में किसी दोषी को माफी देना राष्ट्राध्यक्ष का विशेषाधिकार होता है, लेकिन यहां जिस तरह से उसका इस्तेमाल किया गया, उसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। यह मामला सीधे-सीधे परिवारवाद का है।**

आमतौर पर इस तरह के निर्णय मानवीयता के आधार पर लिए जाते हैं या फिर उन जगहों पर, जहां मामले राजनीतिक प्रकृति के हों। वैसे, अपनों को राहत देने वाले बाइडन अकेले अमेरिकी राष्ट्रपति नहीं। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में दामाद को और बिल क्लिंटन ने चचेरे भाई को माफी दी थी। हालांकि दोनों केस में सजा हो चुकी थी, जबकि यहां राष्ट्रपति ने पहले ही क्षमा दे दी, जिसे न्याय व्यवस्था में दखल कहा जायेगा। भारत में भी राष्ट्रपति और राज्यपाल के पास सजा को कम करने या माफ करने का अधिकार है। मंशा जो भी रही हो, लेकिन इस तरह के कदम कई बार विवाद भी पैदा कर देते हैं। 2013 में यूपी सरकार ने सीरियल ब्लास्ट के संदिग्धों पर से इस आधार पर केस वापस लेने का फैसला लिया था कि आरोप राजनीति से प्रेरित थे। हालांकि तब हाइकोर्ट को दखल देना पड़ा। स्टेट हेड को क्षमा का अधिकार इसलिए दिया गया है, ताकि न्याय प्रणाली में मानवीयता बनी रहे। यह आखिरी हथियार की तरह है, जिसका इस्तेमाल तभी किया जाता है, जब यह लग रहा हो कि किसी को न्याय नहीं मिल सका और उसे सजा देने में गलती हुई है। क्षमा करना सबसे बड़ा धर्म है, लेकिन यह भी मायने रखता है कि इसका पात्र कौन है और जिसे दूसरा मौका दिया जा रहा है, क्या वह उसके लायक है।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

महान दार्शनिक सुकरात कहते है कि अपना जीवन ऐसे लोगों के साथ बिताये जो आपसे अधिक जानता हैं, और वह ज्ञान या बुद्धि के लिए अंर्तदृष्टि के माध्यम से खुद को जागरूक करता है। जीवन की समस्याओं का सत्य और समाधान जो केवल अंतकरण की प्रेरणा से प्राप्त करते हैं, वहीं सत्य को जानते हैं। आगे बढ़ने के लिए जो तरकीब का प्रयोग करते है, वे एक शिल्प जानते हैं। आपको यह बताना होगा कि जीवन का मूल्य क्या है। आपको यह जानना होगा कि आप यहां क्यों है ? जब तक आप ऐसा नहीं कर सकते, तब तक आपके जीवन निरर्थक और बेअसर रहेंगे।

# सबसे अच्छा जीवन कैसे जिया जाये



**डॉ मयंक मुरारी**



जीवन में सबसे महत्वपूर्ण क्या है? भुखमरी का शिकार व्यक्ति भोजन कहेगा। ठंड से मरनेवाला व्यक्ति गरमी। यही सवाल जब हम अकेला व्यक्ति से करेंगे तो वह समाज का साथ चहेगा। भोजन, प्रेम और समाज के अलावा भी कुछ है जिसके लिए हम इस धरती पर आए है। हम यहां क्यों है? इस सवाल के साथ ही एक और सवाल स्वाभाविक रूप से उठेगा सबसे अच्छा जीवन कैसे जिया जाए। जब हम जीवन पथ पर आगे बढ़ने के बारे में सोचना शुरू करते हैं तो सवाल यह नहीं होता कि मुझे अब क्या करना चाहिए? सवाल यह होना चाहिए कि सबसे अच्छा जीवन कैसे जिया जाये? आरंभ ही गलत ट्रैक पर कदम बढ़कर किया जाता है, जिसका परिणाम अंत तक सही नहीं होता है। महान दार्शनिक सुकरात कहते है कि अपना जीवन ऐसे लोगों के साथ बिताये जो आपसे अधिक जानता हैं, और वह ज्ञान या बुद्धि के लिए अंर्तदृष्टि के माध्यम से खुद को जागरूक करता है। जीवन की समस्याओं का सत्य और समाधान जो केवल अंतकरण की प्रेरणा से प्राप्त करते हैं, वहीं सत्य को जानते हैं। आगे बढ़ने के लिए जो तरकीब का प्रयोग करते है, वे एक शिल्प जानते हैं। आपको यह बताना होगा कि जीवन का मूल्य क्या है। आपको यह जानना होगा कि आप यहां क्यों है ? जब तक आप ऐसा नहीं कर सकते, तब तक आपके जीवन निरर्थक और बेअसर रहेंगे।

**हरेक व्यक्ति एक आंतरिक दिव्य आवाज से निर्दिष्ट होता है, और वह बताता है कि सही क्या है।**

अलेक्जेंडर नेहामास अपनी किताब द आर्ट ऑफ लिविंग में कहते है कि जब हम इस व्यक्तित्व को देखते हैं, तो हम हमेशा अनिश्चितता की एक भयावह स्थिति में होते हैं - और इसी कारण से सुकरात का व्यक्तित्व उन लोगों के लिए भी एक तरह का मॉडल हो सकता है, जो उनका अनुकरण करने से बचते है। आम जीवन में दुख की बात है कि हम जैसे बड़े होते जाते हैं, हम आराम में चलते जाते हैं। इस अस्तित्व के विभिन्न आयामों की ओर आरोहण का सोचना भी नहीं चाहते हैं। केवल विरले ही भाषा और अस्तित्व के बाहरी छोरों की चरम सीमा तक पहुंचने का जोखिम भरे अभियान पर निकलते हैं। हम सभी इस अस्तित्व में तैर रहे हैं।

जीवित होना जितना बड़ा आश्चर्यजनक है, उससे बड़ा आश्चर्य जीवन कैसे जिया होना चाहिए? तभी यह धरती सुंदर और शुभता का घर बन सकेगा। सुकरात कहते है कि सही अंतर्दृष्टि व्यक्तियों को सही कार्य की ओर ले जाती है। हरेक व्यक्ति एक आंतरिक दिव्य आवाज से निर्दिष्ट होता है, और वह बताता है कि सही क्या है। उदाहरण के लिए, सुंदरता क्या है, इसका सामान्य विवरण देने की कोशिश में आप अटक जाते हैं, लेकिन सुकरात ऐसी शर्तें सुझाते हैं जो उत्तर पर लागू होनी चाहिए। सुकरात अक्सर सौंदर्य को ज्ञान और सत्य से जोड़ते हैं। उनका मानना है कि सच्ची सुंदरता की सराहना केवल ज्ञान और दार्शनिक जांच के माध्यम से की जा सकती है। सुकरात के लिए, सुंदरता का अच्छाई और सद्गुण से गहरा संबंध है। शरीरों की सुंदरता की प्रशंसा, फिर आत्मा की सुंदरता और अंत में मन की सुंदरता और सौंदर्य के अंतिम रूप तक पहुँचती है। यह यात्रा सौंदर्य की गहरी समझ को दशार्ती है क्योंकि व्यक्ति भौतिक से आध्यात्मिक और बौद्धिक की ओर बढ़ता है।

सुकरात का मानना था कि हमारे जीवन के लिए लिखित शब्द और परंपरागत विचार एक बुरी चीज है, क्योंकि यद्यपि यह बुद्धिमानी भरा लगता है, लेकिन जब भी आप कोई प्रश्न पूछते हैं, तो यह हमेशा एक ही उत्तर देता है, चाहे प्रश्न कोई भी पूछे। सुकरात का मानना था कि उसे कुछ नहीं आता है, फिर भी वह एथेंस का सबसे बुद्धिमान व्यक्ति था। यही कारण है कि वह यूथिफ्रो जैसे मूर्ख से कहता है - मुझे सिखाओ, क्योंकि मैं इस विषय के बारे में कुछ नहीं जानता, लेकिन मुझे यकीन है कि तुम जानते हो, इसलिए तुम मुझे सही कर सकते हो। बुद्ध की भांति सुकरात ने भी कोई ग्रंथ नही लिखा। हमारे पास सुकरात के बारे में केवल अन्य लोगों के लेखन हैं जिन्होंने उन्हें एक चरित्र या एक मॉडल के रूप में इस्तेमाल किया। अरस्तूफेन्स, हास्य नाटककार, जेनोफोन, एक बहुत ही नीरस इतिहासकार, सुकरात के संवादों के अन्य सभी रचनाकार जो चैथी शताब्दी में प्रचलित थे - और निश्चित रूप से प्लेटो , जिनके नायक वे आमतौर पर हैं। प्लेटो की सबसे प्रसिद्ध रचनाओं में से एक, द एपोलॉजी है। इस किताब के अनुसार सुकरात कहते हैं-आपने मुझे जीवित रहने लेकिन दर्शनशास्त्र छोड़ने या और मौत की सजा पाने का विकल्प दिया। मैं दूसरा विकल्प चुनता हूं। दर्शनशास्त्र छोड़ने की तुलना में मृत्यु बेहतर है। इस वाक्य के माध्यम से सुकरात हमारे समक्ष यह सवाल उठाते है कि हम अपने पूरे जीवन के मूल्यों को कैसे समझते हैं। क्या ऐसा है कि जीवन का मूल्य तब होता है जब यह बहुत लंबे समय तक चलता है, इसमें ऐसी चीजें नहीं होतीं जो इसे मूल्यवान बनाती हैं, या यह उन चीजों में निहित है जो इसे मूल्यवान बनाती हैं?

पांचवीं सदी के अंत में एथेंस की झलक पाने के लिए अरिस्टोफेन्स के नाटक द क्लाउड्स बेहतरीन किताब है। इसमें बताया गया है कि अच्छा जीवन जोखिम भरा होता है। इसलिए हरेक क्षेत्र में बहुत थोड़े लोग दुनिया के प्रति आश्चर्य करते हैं। सुकरात भी सुखी जीवन जी सकते थे। परंतु उनको परम श्रेय में विश्वास था। सुकरात ने जहर का प्याला खुशी-खुशी पिया और जान दे दी। उसे कारागार से भाग जाने का आग्रह उसे शिष्यों ने किया किंतु उसने कहा-भाइयो, तुम्हारे इस प्रस्ताव का मैं आदर करता हूं कि मैं यहां से भाग जाऊँ। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन और प्राण के प्रति मोह होता है। भला प्राण देना कौन चाहता है? किंतु यह उन साधारण लोगों के लिए हैं जो लोग इस नश्वर शरीर को ही सब कुछ मानते हैं। मनुष्य यह नश्वर कायामात्र नहीं, वह सजग और चेतन आत्मा में निवास करता है। इसलिए हमें आत्मानुसंधान की ओर ही मुख्य रूप से प्रवृत्त होना चाहिए। सुकरात ने इस विचार का प्रतिपादन किया कि संसार में समस्त वस्तुओं, विचारों, धारणााअें तथा विश्वासों के मूल में एक शाश्वत सत्य होता है। उनके लिए ज्ञान किसी वस्तु को बुद्धि द्वारा जानना मात्र न था, वरन उसे संपूर्ण हृदय तथा आत्मा से अनुभव करते हुए अपने-अपने अस्तित्व का एक अंग बना लेना था।

रामायण में वर्णन आता है कि वनवास लक्ष्मणजी भगवान श्रीराम जी से पांच प्रश्न पूछते हैं? इसमें एक सवाल है कि कहहु ग्यान बिराग अरु माया। हे देव! मुझे समझाकर बताइए कि ज्ञान किसको कहते हैं? हम ज्ञानी किसे कहेंगे? जो बहुत प्रकांड पंडित हो, शास्त्रों को जानता हो, बड़ा ही अच्छा प्रवचन कर सकता हो, दृष्टांत के साथ सिद्धांत को समझाये, संस्कृत तथा अन्य बहुत सी भाषाओं का जिसे ज्ञान हो, वह ज्ञानी है। पंडित और ज्ञानी में अंतर है, उसे पंडित कह सकते हैं लेकिन ज्ञानी नहीं। गोस्वामी तुलसीदासजी ने बड़ी अद्भुत व्याख्या की है ज्ञानी की - ग्यान मान जहँ एकउ नाहीं । देख ब्रह्म समान सब माहीं ।। ज्ञान उसको कहते हैं - जहां मान न हो अर्थात जो मान-अपमान के द्वंद्व से रहित हो और सबमें ही जो ब्रह्म को देखे । ज्ञान के द्वारा तो ईश्वर की सर्वव्यापकता का अनुभव हो जाता है, तो सबमें भगवान को देखने लग जाता है। जीवन जब ऐसा बन जाता है, तब ही अच्छा जीवन जीया। इसकी संतुष्टि होती है।

**(लेखक : चिंतक और लेखक हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# राहुल-प्रियंका संभल नहीं जा सके, गाजीपुर बॉर्डर से लौटे

**दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर 4 घंटे जाम से लोग परेशान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**दिल्ली/संभल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी बुधवार को उत्तर प्रदेश के संभल नहीं जा सके। यहां उन्हें हिंसा में मारे गये लोगों के परिजन से मिलना था। यूपी पुलिस ने उनके काफिले को गाजीपुर बॉर्डर पर रोक लिया। इससे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर 4 घंटे तक 5 किमी लंबा जाम लगा रहा। हालांकि, राहुल-प्रियंका यहां 3 घंटे ही रुके थे। जाम की वजह से ट्रैफिक में फंसे लोग नाराज हो गए। उनकी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से झड़प हुई। लोगों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पीट दिया।

इससे पहले राहुल ने भी अफसरों से बातचीत की। कहा- मैं पुलिस की गाड़ी में अकेले जाने को तैयार हूं। लेकिन अफसर राजी नहीं हुए। राहुल हाथ में संविधान लेकर कार पर चढ़ गये। मीडिया को संबोधित किया। इसके बाद राहुल-प्रियंका दिल्ली लौट गये। उन्होंने कहा- अब 6 दिसंबर को संभल जायेंगे।

संभल में कोर्ट के आदेश पर 24 नवंबर को जामा मस्जिद का सर्वे किया जा रहा था। इस दौरान हिंसा भड़क गयी थी, जिसमें गोली लगने से चार युवकों की मौत हो गयी थी। इससे पहले, शनिवार को सपा और रविवार को कांग्रेस के डेलिगेशन ने भी संभल जाने का एलान किया था। हालांकि, पुलिस ने जगह-जगह घेराबंदी करके किसी को संभल नहीं जाने दिया।

# आरबीआइ ने यूपीआइ लाइट वॉलेट की लिमिट 5000 रुपये तक बढ़ायी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने बुधवार को मोबाइल फोन के जरिए भुगतान करने वालों को खुशखबरी दी है। केंद्रीय बैंक ने यूपीआइ लाइट वॉलेट लिमिट को 5000 रुपये और प्रति लेन-देन की लिमिट 1000 रुपये तक बढ़ा दिया है। इस कदम का मकसद मोबाइल फोन के जरिए तत्काल भुगतान की प्रणाली को और अधिक बढ़ावा देना है।

**पहले 2000 रुपये थी ऑफलाइन लेन-देन की कुल लिमिट :** यूपीआइ लाइट से पैसे का लेन-देन ऑफलाइन होते हैं। यानी इन लेन-देन में अतिरिक्त सुरक्षा प्रमाण (एएफए) की जरूरत नहीं होती और लेन-देन की जानकारी रियल टाइम में नहीं भेजी जाती। अब तक ऑफलाइन लेन-देन की अधिकतम सीमा 500 रुपये थी और एक भुगतान उपकरण पर कुल ऑफलाइन लेन-देन की सीमा 2000 रुपये थी। आरबीआइ ने बुधवार को जनवरी 2022 में जारी ऑफलाइन ढांचे में संशोधन किया था, ताकि छोटी राशि के डिजिट भुगतान को ऑफलाइन मोड में सुगम बनाया जा सके। आरबीआइ की एक अधिसूचना में कहा गया, यूपीआइ लाइट के लिए बढ़ी हुई लिमिट एक हजार रुपये प्रति लेन-देन होगी और कुल लिमिट 5000 रुपये होगी। इस संबंध में घोषणा अक्तूबर 2023 में की गई थी। ऑफलाइन भुगतान में लेन-देन के लिए इंटरनेट की जरूरत नहीं होती।

# पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल पर फायरिंग, बाल-बाल बचे

**गोल्डन टेंपल के बाहर सेवा कर रहे थे, हमलावर खालिस्तानी आतंकी गिरफ्तार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अमृतसर।** अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल में बुधवार को पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर सिंह बादल पर खालिस्तानी आतंकी ने फायरिंग की। सुखबीर बादल गोल्डन टेंपल के गेट पर सेवादार बन कर बैठे थे। डेरा सच्चा सौदा के मुखी राम रहीम को माफी देने को लेकर सिखों की सर्वोच्च अदालत अकाल तख्त ने उन्हें यह सजा दी है। वारदात के वक्त हमलावर ने जैसे ही उन पर गोली चलायी, उसी समय सिविल वर्दी में तैनात उनके सुरक्षाकर्मियों ने उसका हाथ पकड़ कर ऊपर उठा दिया, जिससे गोली गोल्डन टेंपल की दीवार पर जा लगी। इससे सुखबीर बादल बाल-बाल बच गये। इसके बाद हमलावर ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। सुखबीर बादल को तुरंत सुरक्षा घेरे में ले लिया गया। गोल्डन टेंपल के बाहर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है।

**कट्टरपंथी संगठन से जुड़ा रहा है आरोपी :** सुखबीर पर हमला करने वाला आरोपी गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक का रहने वाला नारायण सिंह चौड़ा है। वह सिख संगठन दल खालसा का मेंबर है। वारदात के बाद पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत भुल्लर गोल्डन टेंपल पहुंचे। उन्होंने बताया कि आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चौड़ा ने बयान दिया कि सुखबीर बादल पर बेअदबी और डेरा मुखी राम रहीम को माफी दिलाने के आरोप थे। इसी से हताहत होने के बाद उसने ये कदम उठाया। अकाली नेता डॉ दलजीत चीमा ने कहा कि गुरदासपुर से कांग्रेस सांसद सुखजिंदर रंधावा का साथी मार्केट कमेटी का चेयरमैन है। गोली चलाने वाला व्यक्ति चेयरमैन के साथी का भाई है।

# आरबीआइ-90 क्विज : जोनल राउंड

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने होटल मेफेयर, भुवनेश्वर में आरबीआइ-90 क्विज के पांचवें और अंतिम जोनल राउंड का आयोजन 4 दिसंबर को किया। रिजर्व बैंक के 90 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चल रहे समारोहों के हिस्से के रूप में अंडर ग्रेजुएट छात्रों के लिए राष्ट्रव्यापी आरबीआइ-90 क्विज आयोजित किया गया है। जोनल राउंड में बिहार, झारखंड, ओडिशा, सिक्किम, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के राज्य स्तर के विजेताओं द्वारा उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गयी। एनआइटी, राउरकेला, ओडिशा की विजेता टीम अर्पण चक्रवर्ती और दिव्यज्योति तराई ने 6 दिसंबर को मुंबई में आयोजित होने वाले आरबीआइ-90 क्विज के राष्ट्रीय दौर में अपना स्थान सुरक्षित किया है, जहां वे अन्य क्षेत्रों से क्वालीफाई करने वाली टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। नर बहादुर भंडारी डिग्री कॉलेज, सिक्किम और राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी, उत्तर प्रदेश की टीमों ने क्रमशः दूसरा एवं तीसरा स्थान हासिल किया। शीर्ष तीन टीमों ने क्रमशः 5 लाख, 4 लाख और 3 लाख का पुरस्कार जीता। इस अवसर पर आरबीआइ के कार्यपालक निदेशक अविरल जैन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आरबीआइ-90 क्विज की परिकल्पना अंडर ग्रेजुएट छात्रों के साथ जुड़ने और वित्तीय प्रणाली में आरबीआइ की बहुमुखी भूमिका के बारे में उनके ज्ञान को बढ़ाने के लिए की गई थी। उन्होंने 'आरबीआइ कहता है' नामक मल्टीमीडिया अभियान जैसी पहलों के माध्यम से वित्तीय जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवा वयस्कों के बीच वित्तीय साक्षरता के महत्व के साथ-साथ उनके परिवारों और सामाजिक मंडलियों में वित्तीय जागरूकता को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका को रेखांकित किया।

# योगी आज रामायण मेला का शुभारंभ करेंगे

**अयोध्या (आजाद सिपाही)।** चार दिवसीय रामायण मेले का उद्घाटन गुरुवार को सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे। पांच से आठ दिसंबर तक सरयू तट स्थित रामकथा पार्क में गीत-संगीत व अध्यात्म की त्रिवेणी प्रवाहमान होगी। सीएम सुबह 10:55 बजे रामकथा पार्क के पास स्थित हेलीपैड पर उतरेंगे और 11 बजे रामायण मेले का उद्घाटन करेंगे। सीएम करीब दो घंटे तक अयोध्या में रहेंगे। वे हनुमानगढ़ी व रामलला के दरबार में भी हाजिरी लगायेंगे। जानकी महल ट्रस्ट में चल रहे विवाहोत्सव में भी सीएम के शामिल होने की संभावना है। यहां से योगी आदित्यनाथ दोपहर 12 बजे हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के लिए जायेंगे। इसके बाद 12:20 बजे रामलला के दरबार में हाजिरी लगायेंगे।

# पार्थ चटर्जी भ्रष्ट व्यक्ति : सुप्रीम कोर्ट

**खुद को दूसरे आरोपियों जैसा बताने पर शर्म आनी चाहिए**

**पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में आरोपी हैं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में बधुवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी से जुड़े इडी के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुनवाई हुई। चटर्जी के वकील मुकुल रोहतगी ने जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच से चटर्जी को जमानत देने की मांग की। मुकुल ने दलील देते हुए कहा- चटर्जी को छोड़ कर इस मामले के सभी आरोपियों को जमानत मिल चुकी है, एक हफ्ते पहले भी एक आरोपी को जमानत मिली थी। चटर्जी 2.5 साल से जेल में हैं।' इस पर बेंच ने कहा- पार्थ चटर्जी को दूसरे आरोपियों के जैसे होने का दावा करने में थोड़ी शर्म आनी चाहिए, क्योंकि वे सभी इसके कारण ही आरोपी हैं। हर कोई मंत्री नहीं होता। पहली बात तो ये कि आप (पार्थ चटर्जी) भ्रष्ट व्यक्ति हैं। आपके घर से करोड़ों रुपये बरामद हुए हैं। आप समाज को क्या संदेश देना चाहते हैं? क्या इस तरह से भ्रष्ट व्यक्ति को जमानत मिल सकती है?' बेंच ने कहा कि आप (पार्थ चटर्जी) दूसरों के जैसे व्यवहार की मांग नहीं कर सकते। जांच में देरी और दूसरे पक्ष की भूमिका पर सवाल उठा सकते हैं, लेकिन मामले की योग्यता पर नहीं। सुनवाई के बाद बेंच ने पार्थ की जमानत पर अपना फैसला सुरक्षित रखा लिया। बता दें कि इडी ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामल में पार्थ चटर्जी को 25 अप्रैल 2023 में गिरफ्तार किया था। 22 जुलाई को पार्थ और उनकी करीबी अर्पिता के 18 ठिकानों से इडी ने रेड में 20 करोड़ कैश बरामद किया था। गिरफ्तारी के बाद से ही पार्थ जेल में हैं।

# चुनाव में भाजपा विरोधी कार्य में संलिप्त सदस्यों पर होगी करवाई : जिलाध्यक्ष

आजद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पिंडरा गढ़वा में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर और वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। बैठक के दौरान विधानसभा चुनाव 2024 का समीक्षा किया गया। साथ ही जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने चुनाव संचालन समिति और चुनाव प्रबंधन समिति को भंग किया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि गढ़वा विधानसभा चुनाव में मेहनत करने वाले कार्यकर्ता नेता पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। वहीं चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने वाले नेता को किसी भी बैठक कार्यक्रम में शामिल नहीं किया जायेगा। पार्टी विरोधी काम करने वाले नेताओं की गतिविधि से प्रदेश संगठन को अवगत कराया जायेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह ने कहा कि गढ़वा विधानसभा चुनाव में जीत कार्यकर्ताओं के संघर्ष का परिणाम है गढ़वा में लगातार पांच साल से व्याप्त भ्रष्टाचार गुंडाराज माफिया राज को उखाड़ फेंकने में भाजपा कार्यकर्ता सफल रहे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में पार्टी को धोखा देने वाले विरोध में काम करने वाले नेता के बारे में रिपोर्ट तैयार कर कारवाई किया जायेगा। बैठक का संचालन युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी और धन्यवाद ज्ञापन ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष लखन गुप्ता ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे, सोशल मीडिया अभिषेक कश्यप, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, भाजपा नेता हरेंद्र दुबे, बिनोद तिवारी, ब्रजेश उपाध्याय, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा, उत्तम पांडेय टिंकू गुप्ता, रुपु महतो, धनंजय गौड़, चंद्रमणि धर दुबे, शिवलाल सिंह, खुर्शीद आलम, रितेश दुबे, मनोज पाठक, बिनय चंद्रवंशी, मुंशी यादव, विशाल गुप्ता सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 10 दिसंबर से निःशुल्क डेंटल कैंप का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर के कचहरी रोड स्थित वारसी कंपलेक्स में अवस्थित जनता डेंटल क्लीनिक में 10 दिसंबर से निःशुल्क डेंटल कैंप का आयोजन किया जायेगा। इसकी जानकारी जनता डेंटल क्लीनिक के प्रोपराइटर डॉ एमएन खान ने दी। उन्होंने कहा कि 10 दिसंबर से 31 दिसंबर तक निःशुल्क डेंटल कैंप का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक स्थिति दयनीय होने के कारण कई लोग अपनी दातों का इलाज नहीं कर पाते हैं। जिसके कारण लोग दांत की विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हो जाते हैं। जिसके कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे लोगों की परेशानी को देखते हुए 10 दिसंबर से निःशुल्क डेंटल कैंप का आयोजन किया गया है। ताकि लोगों को दांत की बीमारियों से मुक्ति मिल सके।

## संत रविदास की प्रतिमा लगाने के लिए भूमि पूजन



**रमकंडा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के उपरटोला मोड़ पर भारत के संविधान निमार्ता डॉ बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर और संत रविदास जी की प्रतिमा लगाने के लिए बुधवार कोभूमि पूजन को किया गया। भूमिदाता अकलू राम ने नींव खोद कर आधारशिला रखी। इस दौरान उपस्थित क्षेत्र के प्रतिनिधि, गांव के ग्रामीणो सहित अन्य पूर्ण सहयोग देने की बात कही। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए हरहे पंचायत के मुखिया श्रवण प्रसाद कमलापुरी ने कहा कि यहां प्रतिमा लगाने की पहल बहुत ही सराहनीय है। क्योंकि उन्होंने अपने पूरे जीवन समतामूलक समाज निर्माण के लिए न्यौछावर कर दिया। वही रविदास महासभा कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष सुरेद्र राम ने कहा कि प्रखंड के सभी गांवों में बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा बनायी जायेगी। कहा कि इसके लिए संगठन को धारदार और मजबूत बनाने के लिए गांव-गांव में बैठक की जा रही है। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू पांडेय, बीडीसी नसीम इमाम, वार्ड सदस्य दिलीप कुमार, अली राजा, उमाशंकर कुमार, कोषाध्यक्ष शंभु राम, सचिव मुनेश राम, कृष्णा राम, हरिहर राम, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## किसानों को अभी तक नहीं मिला सरसों और चने का बीज, खरीद कर बुआई कर रहे



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के किसानों को कृषि विभाग की ओर से सरसों और चना का बीज नहीं मिलने से किसान महंगे दरों पर खरीदारी कर अपने खेतों में बुवाई का कार्य कर रहे हैं। बुधवार को प्रखंड के कैलान सिंदुरिया अरसली पंडरिया चपरी बनसानी मकरी और भवनाथपुर में किसानों को रवि फसल सरसों और चना बीज की बुवाई करते देखा गया। बुवाई के दौरान उपेंद्र यादव और राकेश यादव ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा किसानों के बीच सरसों और चना का बीज वितरण नहीं किया गया है जबकि रवि फसल का बुवाई का समय गुजरता जा रहा है। कई किसान तो महंगे दरों पर निजी दुकानों से बीज की खरीदारी कर बुवाई कर ले रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र के छोटे-छोटे किसान सरकारी बीज वितरण के आस में अभी तक बुवाई नहीं कर पाये हैं। अन्य किसानों ने बताया कि कृषि विभाग के घोर उदासीनता के कारण भवनाथपुर प्रखंड के किसानों के लिए समय पर सरसों, मसूर और चना बीज का वितरण नहीं किया जा रहा है। मजबूरन हम लोग उपजे धान को साहूकारों के पास सस्ते दरों पर बेचकर निजी दुकान से महंगे दरों पर बीज खरीद रहे हैं। किसानों ने बताया कि अभी भी विभाग की ओर से बीज उपलब्ध हो जाता और वितरण हो जाता तो रवि फसल की खेती बाड़ी करने में हम लोगों को काफी सहूलियत होती। इस संबंध में पूछे जाने पर बीटीएम राकेश कुमार ने बताया कि कृषि विभाग की ओर से बीज उपलब्ध हुआ है। जल्द ही प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर बीज का वितरण किसानों के बीच करा दिया जायेगा।

## विकास कार्यों के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा देगी सरकार: धीरज दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि गढ़वा रंका विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों हेतु जिस भी ग्रामीण जनता की भूमि अधिग्रहित किया जा रहा है उनका एक-एक इंच का मुआवजा हेमंत सरकार देने का काम करेगी। ग्रामीण जनता किसी के बहकावे में आने की बजाय सरकारी प्रक्रिया को पूरा करें ताकि मुआवजा का पैसा उनके खाते में आ सके। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता अपने विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के इशारे पर पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक समाज के ग्रामीणों को बरगलाकर षड्यंत्र के तहत जमीन का मुआवजा नहीं मिलेगा ऐसा भ्रम फैला रहे हैं और संवेदकों से विकास योजनाओं में कमीशन लेने के लिए भोली-भाली जनता को बहला-फुसलाकर विकास कार्यों को रोकने के लिए ढाल बना रहे हैं। वैसे लोग अर्बन नक्सली के रूप में संवेदकों से दोहन-शोषण हेतु विकास योजनाओं को रोकने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं। ऐसे विकृत मानसिकता के लोग गढ़वा के विकास की बजाय अपना जेब भरने के लिए जनता को गुमराह कर गलत इस्तेमाल करना चाहते हैं। अब चुनाव जीतने के बाद पूर्व की ही भांति विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी और उनके समर्थक क्षेत्र में विकास योजनाओं को अवरुद्ध कर अपना और अपने समर्थकों का जेब भरने में जुट गये हैं। परंतु इनके दोहन शोषण की राजनीति और लूट-खसोट की रणनीति को झारखंड मुक्ति मोर्चा कभी सफल नहीं होने देगी तथा प्रत्येक वर्ष मिलने वाले विधायक कोटे की राशि का भी जनता के बीच हिसाब करायेगी। तथा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के द्वारा भाई-भतीजावाद की राजनीति को भी जनता के बीच उजागर करने का काम करेगी।

## आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**व्यक्ति के सवार्गीण विकास के लिए खेलकूद अत्यंत महत्वपूर्णः एसडीएम**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गढ़वा में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू। बुधवार से खेलकूद प्रतियोगिता की शुरूआत पारंपरिक रूप से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय कुमार पांडेय अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा , शैलेंद्र कुमार पाठक जिला ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष, जितेंद्र सिन्हा एव विद्यालय के निदेशक अनूप सोनी और विद्यालय प्रबंधक समिति के सदस्यों द्वारा पूजा अर्चना कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय के सभी हाऊस के विद्यार्थियो ने शानदार मार्च पास्ट कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने खेलकूद के प्रति निष्ठा, सहयोग और खेल भावना से हिस्सा लेने की शपथ ली। विद्यालय के निदेशक और अन्य अतिथियो ने मशाल जलाकर स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि व्यक्ति के सवार्गीण विकास के लिए खेलकूद अत्यंत महत्वपूर्ण। विद्यालय के निदेशक ने कहा कि खेल गतिविधियो से विद्यार्थियों में खेल भावना, समय का सदुपयोग, प्रतियोगिता के साथ-साथ अनुशासन के भाव का भी विकास होता है। निःसंदेह ये सारे विशिष्ट गुण उनके व्यक्तित्व के सवार्गीण विकास के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रबंधन समिति के सदस्य और शिक्षकगण सुमित कुमार, अमित कुमार, सुधांशु मिश्रा, मंगल पांडेय, इनाम मलिक, राहुल गिरि, दिरेंद्र कुमार, जॉर्डन तमांग, पंकज कुमार गुप्ता, निवेदिता बाला, अंकिता कुमारी सिंह, नेहा प्रीति लकड़ा, रिम्पा दास, संचयिता सहाना, रूत भँगरा, शिल्पी कुमारी, मनीषा शर्मा, अनिमा एक्का, सीमा एक्का, श्रुति शर्मा, विजेता लकड़ा, उपासना छेत्री, आशिष्टा टोप्पो, श्रीपर्णा घोष, रंजु कुमारी एवं विद्यालय के सभी कर्मचारीगण भी मौजुद थे।

## घर में घुसकर मारपीट करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के तरके गांव में विधानसभा चुनाव के दौरान नुक्कड़ सभा के बाद समुदाय विशेष के द्वारा दूसरे पक्ष के घर में घुसकर मारपीट करने के मुख्य आरोपी को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि चुनाव के दौरान थाना क्षेत्र के तरके गांव में एक नुक्कड़ सभा के बाद दूसरे पक्ष के घर में घुसकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था। मौके पर पहुंच कर दो समुदायों के बीच दंगा भड़काने की बड़ी घटना को रोका गया था। उक्त मामले में पांच नवंबर को तरके गांव निवासी अक्षय चौधरी पिता कपिल देव चौधरी द्वारा मेराल थाने में लगभग दो दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने आदि का आरोप लगाया गया था।

## दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन में सात दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बुधवार को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के सेमिनार कक्ष में सात दिवसीय अभिविंयास कार्यक्रम का समापन सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता और सभी शिक्षकों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। सात दिवसीय कार्यक्रम में नवआगन्तुक प्रशिक्षुओ को पाठ्यक्रम से संबंधित सभी जानकारी तथा सभी प्रयोगशालाओ, पुस्तकालय और पाठ्यसहगामी क्रियाओं से संबंधित सभी जानकरी दिया गया। महाविद्यालय से संबंधित नियम तथा अनुशासनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। प्रशिक्षुओ को प्रयोगशाला भ्रमण, पुस्तकालय भ्रमण कराया गया तथा पुस्तकालय में उपलब्ध किताबों के बारे में जानकारी दी गयी। पाठ्यक्रम से संबंधित सभी पाठ्य सहगामी क्रियाओ की जानकारी भी दी गयी। सभी प्रशिक्षुओ को विश्वविद्यालय अंतर्गत सभी महाविद्यालयों का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम के समापन सत्र में प्राचार्य डॉ सुनीता गुप्ता ने कहा कि बीएड एक प्रशिक्षण कार्यक्रम है और प्रशिक्षण के दौरान नियमित उपस्थिति तथा पाठ्यक्रम और पाठ्य सहगामी क्रियाओ का अध्ययन करना अति आवश्यक है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रध्यापको में मनोज कुमार गुप्ता, आनंद कुमार चौबे आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन सहायक प्राध्यापक मनोज कुमार गुप्ता और विश्वविद्यालय भ्रमण का संचालन सहायक प्राध्यापक आनंद कुमार चौबे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## दुलदुलवा में अतिक्रमण हटाने के लिए चला बुलडोजर



**मेराल (आजाद सिपाही)।** अंचल क्षेत्र के दुलदुलवा गांव में बुधवार को सीओ यशवंत नायक ने अपने कर्मचारी तथा थाना पुलिस के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। इस संबंध में नायक ने बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत अंचल क्षेत्र के दुलदुलवा गांव में सरकारी जमीन पर बनाये गये पांच खपरैल मकान को जेसीबी के माध्यम से हटाया गया। उन्होंने कहा कि गांव की सड़क को अतिक्रमण करने वाले कुल नौ लोगों को अतिक्रमण हटाने का नोटिस पूर्व में ही दिया गया था, लेकिन अतिक्रमणकारियों द्वारा नोटिस को नजर अंदाज किए जाने के बाद बाध्य होकर प्रशासन द्वारा रास्ता वाला सरकारी जमीन को मुक्त कराया गया। इस दौरान नसरुद्दीन अंसारी, उस्मान अंसारी, निर्मल कुमार चंद्रवंशी और सत्येंद्र चंद्रवंशी द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाया गया। वहीं चार अन्य लोग खुद से अतिक्रमण को हटाने के लिए एक दिन का मोहलत लिए हैं। उनके आग्रह पर एक दिन का उन्हें समय दिया गया है, अगर निर्धारित समय पर अतिक्रमण नहीं हटाते तो वहां भी बुलडोजर चला कर अतिक्रमण हटाया जायेगा। अतिक्रमण हटाओ अभियान में थाना प्रभारी विष्णु कांत, राजस्व कर्मचारी मुकेश किस्कू, अमीन कामिल लकड़ा आदि शामिल थे।

## दो पक्षों के बीच हुई मारपीट

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। **थाना क्षेत्र अंतर्गत अरसली उतरी गांव में बीते दिनों दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में संलिप्त नामजद आरोपी सुरेश चौरसिया पिता लक्ष्मण पनेरी को भवनाथपुर पुलिस द्वारा बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया गया।**

## आपराधिक घटनाओं पर नकेल कसने के लिए भाजपा नेताओं ने पुलिस पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल जिला महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से मिलकर आपराधिक घटनाओं पर ठोस कार्रवाई करते हुये दोषियों को चिन्हित कर सजा दिलाने की मांग किया है। आवेदन में नेताओं ने कहा है कि अनुमंडल मुख्यालय में विगत कुछ दिनों से चोरी, अपराध और हत्या की घटना होने लगी है। तीन दिसम्बर को गोसाईबाग के निकट दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या की घटना नगर उंटारी के इतिहास में पहलीबार हुई है। पूर्व में चोरी की अनेकों घटनाएं हुई है,जिसमे अपराधियों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिसके कारण अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है। आम जनों के साथ साथ व्यवसायियों के बीच भय व्याप्त है और वे अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। आवेदन देने वालों में अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, अशोक पासवान, मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, विकास कुमार पांडेय, मुकेश चौबे के नाम शामिल है।

## एसडीओ और सीओ के संज्ञान के बावजूद हो रहा है अवैध निर्माण



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत के द्वारा कराई जा रहे पुस्तकालय भवन सह वेंडिंग जोन भवन निर्माण कार्य पर अंचल पदाधिकारी प्रमोद कुमार के द्वारा अधिक जमीन अधिग्रहण के आरोप में रोक लगा दी गयी थी। नगर पंचायत और संवेदक को नोटिस भी दी गयी थी। जिसमें स्पष्ट किया था कि बिना अनुमति के पुरानी पंचायत भवन को तोड़ा गया तथा उसका छड़ और ईट भी गायब था। वही अंचल द्वारा मापी कराकर दी गयी जमीन जिसमें उससे अधिक जमीन अधिग्रहण कर भवन निर्माण किये जाने की बात लिखि गयी थी। परंतु कार्य को पुनः फिर से शुरू करा दी गयी। जबकि इस मामले में अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के द्वारा पत्रकारों को बताया गया था कि संज्ञान में मामला आया है। इस पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी। जिला के पीपीपी अनुमंडल पदाधिकारी और अंचल के अंचल पदाधिकारी के संज्ञान के बावजूद भी निर्माण कार्य जारी है। जिसमे बुद्धी जीवियों, ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्य पदाधिकारियों की मिली-भगत से ही कार्य किया जा रहा है,यह रोक लगाना मात्र दिखावा बताया गया। इसि तरह ब्लॉक की जमीन अधिग्रहण होते रहा तो ब्लौक का जमीन सीमित कर रह जायेगा और सभी चौक चौराहे पर या चर्चा का विषय बना हुआ है कि रोक के बावजूद और अनुमंडल पदाधिकारी को संज्ञान में दिए जाने के बावजूद भी कार्य जारी होना सवालिया प्रश्न चिन्ह लग जा रहा है। इधर इस संबंध में सीओं प्रमोद कुमार ने बताया कि वे बाहर है। फिर भी सीआई के द्वारा रोक लगवाया गया था। परंतु फिर से कार्य को चालू कराना पदाधिकारी के निर्देश का खुल्लम-खुल्ला अवहेलना बताया है। जबकि अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के द्वारा बताया गया था कि संज्ञान में आया है जांचों उपरांत कारवाई की जायेगी। इधर धीरे धीरे पदाधिकारियों और अधिकारियों के द्वारा रोक लगता रहा तथा कार्य को रूक- रूक कर किया जाता रहा ।जो अबुझ पहेली बनी हुई है।

# बढ़ रही ठंड, ठिठुर कर रात बिताने को विवश जरूरतमंद और असहाय नहीं मिला कंबल

**प्रखंड में ऐसे कई असहाय, जरूरतमंद, और वृद्ध हैं, जिनके पास ठंड से बचाव के लिए नहीं है गर्म कपड़े**

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में तापमान में गिरावट होने से लगातार ठंड और कनकनी का प्रकोप बढ़ रहा है। जिससे इस ठंड के मौसम में असहाय, वृद्ध के साथ चौक चौराहे पर रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब तक चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था नहीं होने से दिहाड़ी मजदूर ठेला चलाने वाले लोगों को ठंड में काफी परेशानी का समाना करना पड़ रहा है। वही सरकार के द्वारा वृद्ध, जरूरतमंद लोगों को मिलने वाला निशुल्क कंबल का वितरण नहीं हो सका है। जिससे इस ठंड में खासकर वृद्ध और असहाय लोगों को परेशानी बढ़ गयी है। समर्थ लोग तो अपना गुजारा कर ले रहे ह, लेकिन असहाय व वृद्ध को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उनके पास ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त गर्म कपड़े नहीं होने ठिठुरते हुए रात गुजारने को विवश हैं। ऐसे लोग सरकार और प्रशासन की ओर टकटकी लगा बैठे है कि सरकार के द्वारा कब कंबल का वितरण होगा। प्रखंड में ऐसे कई असहाय, जरूरतमंद, और वृद्ध हैं, जिनके पास ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े नहीं है। ठंड का प्रकोप प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। ऐसे असहाय जरूरतमंद लोग लोग सरकार के द्वारा मिलने वाले कंबल और गर्म कपड़ों की आस लगाा बैठे हैं। दिसंबर माह से ही ठंड का प्रकोप शुरू हो गया है। जनवरी माह में कड़ाके की ठंड बढ़ जाती है, लेकिन इस ठंड से बचाव के लिए अब तक सरकार के द्वारा मिलने वाला निःशुल्क कमल नसीब नहीं हो सका है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार के द्वारा मिलने वाला निशुल्क कमल प्रत्येक वर्ष ठंड शुरू होने के साथ ही कंबल का वितरण होना शुरू हो जाता था, लेकिन इस वर्ष अब तक कमल वितरण शुरूआत नहीं हो सका है।

झारखंड सरकार
राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय
पूर्व सैनिक रैली, राँची

आवश्यक सूचना

सभी भूतपूर्व सैनिकों/वीर नारियों/विधवाओं एवं उनके आश्रितों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 21 दिसम्बर 2024 दिन शनिवार 09.00 बजे पूर्वाह्न में सुगनू मैदान, दीपाटोली कैन्ट, राँची के परिसर में कल्याणार्थ एक पूर्व सैनिक रैली का आयोजन किया गया है। इस रैली में निदेशक, राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखंड एवं जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों के प्रतितिधि उपस्थित रहेंगे।

2. अतः आप सभी से निवेदन है कि इस सम्मेलन में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं तथा किसी भी प्रकार का पेंशन से संबंधित कोई त्रुटियाँ हों तो उसे अवगत करायें, उन्हें समाधान करने की प्रक्रिया की जाएगी। इसके अलावा केन्द्र/राज्य सरकार/सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखंड द्वारा प्रदत्त अनुदानों एवं अन्य सारी सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करें। रैली में चिकित्सा सेवा भी उपलब्ध रहेगा।

3. आगन्तुकों के आवागमन हेतु 523 ASC बटालियन के द्वारा यातायात एवं परिवहन की व्यवस्था की गई है, जो निम्न प्रकार है :–

| S. No | Civil Transport | | DD Veh | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 X Bus | Simdega | 01 X Bus | Ranchi Bus Stand |
| 2 | 01 X Bus | Palkot | 02 X Bus | Ranchi & Hatia Rly Stn |
| 3 | 01 X Bus | Ghagra | 01 X Bus | Ranchi Airport |
| 4 | 01 X Bus | Gumla | 01 X Bus | Ramgarh |
| 5 | 01 X Bus | Sisoi | 01 X Bus | Hazaribag |
| 6 | 01 X Bus | Torpa | 01 X Bus | Jamshedpur |
| 7 | 01 X Bus | Khunti | 02 X Gypsy | TCP 2 (Dipatoli Cantt) |
| | - | - | 02 X Gypsy | TCP 4 (Lalganj) |

आदेशानुसार
कर्नल एस0पी0 गुप्ता (अ0प्रा0) सहायक निदेशक

PR 341026 Home(24-25)D

# राशन वितरण में केवाइसी के नाम पर अवैध उगाही का आरोप, कार्डधारकों से लिये जा रहे 100 रुपये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के गढ़वातांड के सहेली स्वयं सहायता समूह के द्वारा राशन उपभोक्ताओं से अवैध तरीके से पैसे की उगाही का मामला प्रकाश में आया है। बता दे कि राशन की दुकान के डीलरों द्वारा राशन कार्ड धारकों के लिए ईकेवाईसी (इलेक्ट्रॉनिक नो योर कस्टमर) प्रक्रिया पूरी करने के लिए 100 रुपये वसूलने का आरोप उपभोक्ता फैजुल अंसारी गुलाम रसूल,समेत अन्य ने लगाया हैं। ईकेवाईसी प्रथा इस तथ्य के बावजूद सामने आई है कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने अनिवार्य किया है कि ईकेवाईसी प्रक्रिया निःशुल्क होनी चाहिए। विभाग ने कार्डधारकों की सुविधा सुनिश्चित करने और उन्हें कई स्थानों पर जाने से बचाने के लिए ईकेवाईसी करने की जिम्मेदारी राशन दुकान डीलरों को सौंपी है। हालांकि सहेली स्वयं सहायता समूह डीलर द्वारा अनधिकृत शुल्क का भुगतान न करने पर राशन कार्ड रद्द करने की धमकी देकर इस स्थिति का फायदा उठा रहे हैं। कई कार्डधारक अपनी आवश्यक खाद्य सब्सिडी के नुकसान के डर से अनिच्छा से इस अवैध शुल्क का भुगतान कर रहे हैं।

**मामले पर क्या कहती है बीडीओ**

जब इस संबंध में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज से दूरभाष पर बात किया गया तो उन्होंने कहा कि ऑफिस आइए यंहा बात होगी। क्या है मामला अब देखना होगा कि मामले पर क्या कारवाई होती है। या फिर उपभोक्ता पैसे देने मजबूर होते है। ये बड़ा सवाल है।

# बांग्लादेश में हिंदू और हिंदू मंदिरों पर हमला बंद हो : संजय



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** बांग्लादेश में हिंदु और हिंदुओं के मंदिरों पर हो रहे हमले एवं अत्याचार के विरोध में बुधवार को लातेहार में सर्व सनातन समाज के तत्वावधान में एक रैली निकाली गयी। रैली में लोगों ने बांग्लादेश में हिंदु और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले को रोकने की मांग की। रैली लातेहार शहर के बाजारटांड़ से प्रारंभ हुई और मुख्य पथ होते हुए समाहरणालय पहुंची। यहां महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन उपायुक्त, लातेहार को सौपा गया। ज्ञापन में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को तत्काल बंद कराने, इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को अन्यायपूर्ण करावास से मुक्त कराने, इस्लामिक कट्टर अल्पसंख्यकों के द्वारा हिंदुओं पर हमले, हत्या, लूट, आगजनी और महिलाओं पर हो रहे अमानवीय व्यवहार तत्काल बंद कराने की मांग की गयी है। कहा गया कि वर्तमान की बांग्लदेश सरकार और अन्य एजेंसियां इसे रोकने के बजाय मूकदर्शक बनी हुइ है। ज्ञापन में कहा गया है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिंदुओं का नेतत्व कर रहे इस्कान के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश सरकार के द्वारा कारावास में भेजना अन्यायपूर्ण है। ज्ञापन में बांग्लादेश में हिंदु और अन्य अल्पसंख्यक समाज पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करने का आग्रह भारत सरकार से किया गया। ज्ञापन सौंपन वालों मे संजय तिवारी, रमेश प्रसाद, अनिल कुमार ठाकुमर, राजीव रंजन पांडेय, दिनेश प्रसाद के अलावा कई लोगों का नाम शामिल है।

# शिक्षण व्यवस्था की हकीकत जानने पहुंचे आयुक्त के सचिव-सह-उप निदेशक कल्याण

बरवाडीह(आजाद सिपाही)। आयुक्त के सचिव-सह-उपनिदेशक कल्याण बिजय वर्मा बरवाडीह प्रखण्ड के राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, छीपादोहर एवं राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय मध्य विद्यालय, हेंदेहास का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इन विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था की हकीकत को जाना। साथ ही बच्चों को उपलब्ध होने वाले स्कूल कीट(पाढ्य सामग्री), पोशाक एवं जूते का भी अवलोकन किया। इसके अलावा विद्यार्थियों को मिलने वाली अन्य सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली। साथ ही शिक्षकों की उपस्थिति, उनके द्वारा अध्यापन कार्य कराए जाने की व्यवस्था, मेन्यू आधारित भोजन दिये जाने की व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं की सूक्ष्मता से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा- निदेश दिए। राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, छीपादोहर का निरीक्षण के दौरान घंटी आधारित शिक्षक रेश्मा कौशर, नंद किशोर कुमार, विजय दशमी बिना किसी सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित पाये गये। इन अनुपस्थित शिक्षकों से स्पष्टीकरण का सख्त निदेश देते हुए जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा कार्रवाई के लिए लिखते हुए उनके माध्यम से रिपोर्ट भेजने का सख्त निदेश दिया। साथ ही अध्यापन के समय कक्षा में पढ़ाने के बजाए कॉपी काटते नजर आये घंटी आधारित शिक्षक विक्रम कुमार गौरव एवं अनीस कुजूर को कड़ी चेतावनी देते हुए अध्यापन कार्य कराने का सख्त निदेश दिया गया।उन्होंने कहा कि पढ़ाई की अवधि में विद्यार्थियों को पढ़ाने के अलावा अन्य कार्य नहीं किये जाएं। उन्होंने विद्यालय से अनुपस्थित विद्यार्थियों की उपस्थिति हेतु उनके अभिभावकों से अभिलंब संपर्क स्थापित करते हुए ड्रॉप आउट होने की संभावना से बचाते हुए विद्यालय में उपस्थित कराने एवं उन्हें शिक्षण कार्य से जोड़े रखने का स्पष्ट निदेश दिया गया।उन्होंने सभी कक्षाओं का निरीक्षण कर अध्ययनरत विद्यार्थियों से बातचीत की। उनके पाठ्य सामग्री पोषाक, जूते आदि का अवलोकन किया। कई विद्यार्थी पूर्ण पोषाक धारण नहीं किये हुए थे। वहीं कई विद्यार्थी चप्पल पहनकर कक्षा में उपस्थित पाये गये। इसपर आयुक्त के सचिव ने कड़ी नाराजगी जताते हुए प्राचार्य को व्यवस्था सुधारने का सख्त निदेश दिया। इधर, अनुसूचित जनजाति आवासीय मध्य विद्यालय, हेंदेहास* के औचक निरीक्षण के दौरान मुक्कमल सफाई व्यवस्था नहीं पाई गयी। वहीं शिक्षक नवीन कुमार मेदिनीनगर से आवाजाही करते हैं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पिछले तीन दिनों से सोलर सिस्टम खराब पड़ा है। इससे बच्चों को पेयजल एवं शौचालय जाने में समस्याएं आ रही हैं। इसके अलावां आवासन एवं कक्षाओं में प्रकाश व्यवस्था में कमी पायी गयी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा इसकी सूचना किसी वरीय पदाधिकारियों को नहीं दी गयी है और न ही सोलर सिस्टम बनवाने की कोई ठोस पहल ही की गयी है। हॉस्टल एवं कक्षाओं में समुचित प्रकाश व्यवस्था नहीं मिलने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसपर आयुक्त के सचिव-सह-उपनिदेशक कल्याण ने कड़ी हिदायत देते हुए सोलर सिस्टम को शीघ्र ठीक कराने का निदेश दिया।

# बैद्यनाथ राम ने की शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बारियातू।** पूर्व शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने बुधवार को प्रखंड के दो नौजवानों के असामयिक निधन पर उनके परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में मैं और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) परिवार मजबूती से खड़े हैं। पहले, साल्वे पंचायत के रेंची ग्राम में जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष भुनेश्वर यादव के 22 वर्षीय पुत्र श्रवण कुमार यादव की अचानक मृत्यु पर शोक प्रकट किया। इसके बाद, इटके ग्राम स्थित कटहलटोला निवासी और हाइवा चालक सुबेंद्र उरांव (24) की बालूमाथ में सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर उनके परिवार से मिलकर सांत्वना दी। पूर्व मंत्री ने दोनों युवकों के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने परिजनों को ढांढ़स बंधाते हुए कहा आपके हर दुख-दर्द में मैं और जेएमएम परिवार आपके साथ हैं। राज्य में जेएमएम की सरकार है, और हर किसी का काम प्राथमिकता के साथ पूरा किया जायेगा। शोक प्रकट करने के बाद, पूर्व मंत्री ने महागठबंधन कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की और उन्हें राज्य सरकार के विकास कार्यों की जानकारी देते हुए उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है, और किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

इस दौरान जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, मो. होजैफा,लाल आशीष नाथ शाहदेव कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार, आरजेडी अध्यक्ष लवकुश यादव, बिरेंद्र पासवान, मो. सलीम, फुलचंद गंझू, शशी कुमार सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे। पूर्व मंत्री राम ने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़ी रहेगी और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जायेगा। यह दौरा न केवल शोक संतप्त परिवारों के लिए सहारा बना, बल्कि महागठबंधन कार्यकताओं के लिए भी नई ऊर्जा का स्त्रोत साबित हुआ।

# महिलाओं के खिलाफ हिंसा रोकने को लेकर जागरूकता रैली



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला समाज कल्याण ,लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान और झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के सहयोग से लोहरदगा प्रखंड के ग्राम बसरी के राजकीय उच्च विद्यालय ,बसरी में छात्राओं के बीच लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए उद्देश्य से महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए आगामी 10 दिसंबर को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर रैली का आयोजन कर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।इस जागरूकता कार्यक्रम के अंर्तगत छात्र-छात्राओं को चाईल्ड लाइन नंबर 1098,112 और 181 घरेलू हिंसा हेल्फ लाइन नंबरों से अवगत कराया गया। साथ ही कम बाल विवाह कहीं हो रहा हो या होने वाला हो तो उस हेल्फ लाइन नंबर में निःशुल्क सेवा पर अपने मानवता का परिचय देते हुए आवाज उठाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के प्रतिनिधि द्रोपदी कुजूर, संध्या देवी, प्रधानाध्यापक अनिल टोप्पो,जिला बाल संरक्षण इकाई से अखिलेश्वर पांडेय, सेविका यसोदा उरांव ,मीना उरांव एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र ,छात्राएं उपस्थित थी।

# राष्ट्रव्यापी स्कूली शिक्षा सर्वेक्षा के तहत परीक्षा आयोजित



सेन्हा(आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के तहत परीक्षा का आयोजन किया गया। इस सर्वेक्षण परीक्षा में कक्षा नवम के 13 भैया बहनों ने भाग लिया और साथ ही इस सर्वेक्षण परीक्षा में कक्षा नवम के आचार्या एवं प्रधानाचार्य ने भाग लिया। वही प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि परख का मुख्य उद्देश्य है शिक्षा के क्षेत्र में समग्र विकास के लिए भैया बहनों के बीच समावेशी और भागीदारी माहौल बनाना है, जिसे परख के जरिये बच्चों का शैक्षणिक स्तर के अलावे अन्य कार्यो का विश्लेषण किया जाता है.साथ ही उनकी जरूरतों के मुताबिक शिक्षण प्रणाली में सुधार किया जाता है। वही सर्वेक्षण कार्यक्रम का संचालन पर्यवेक्षक चंचल लता मिंज और सहयोगी प्रीति कुल के निर्देशन में आयोजित किया गया। मौके पर विद्यालय के आचार्य आचार्या और सभी भैया बहन उपस्थित थे।

# रेलवे यूनियन का मतदान शुरू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरवाडीह।** लगभग दस साल के लंबे अंतराल के बाद रेलवे में श्रम यूनियन की मान्यता को लेकर बुधवार सुबह 8 बजे से मतदान की प्रकिया शुरू हो गयी हैं। मतदान को लेकर बरवाडीह रेलवे क्लब के साथ सीएंडडब्लू बिल्डिंग में मतदान केंद्र बनाये गए हैं। जहां एक हजार तीन सौ दो रेल कर्मी मतदान केंद्र में यूनियन को मान्यता दिलाने को लेकर वोट करेंगे । बरवाडीह के रेलवे क्लब मतदान केंद्र में 751 और आरओएच मतदान केंद्र में 581 रेल कर्मी मतदाता अपना वोट करेंगे। जहां मतदान को लेकर बुधवार को पहले दिन शाम चार बजे तक 500 से अधिक कर्मियों नें अपना वोट डाला था। मतदान की प्रकिया को पूरी पारदर्शिता बनाये रखने को लेकर मतदान कर्मियों की नियुक्ति की गयी हैं। जहां मतदान केंद्र में सीसीटीवी और सुरक्षा की बीच शांति पूर्ण तरिके से मतदान सुबह से कराया जा रहा हैं। तीन दिनों की चुनाव प्रकिया में सत्ताधारी यूनियन ईसीआरकेयू के साथ ईसीआरएमसी, ईसीआरईयु, पीएमआरएमएस समेत कुल छह सगठन मान्यता प्राप्त करने को लेकर चुनावी मैदान में हैं। 4, 5 और 6 दिसंबर को होने वाले मतदान के बाद 12 दिसंबर को मतगना धनबाद डिविजन ऑफिस में होंगी।

## कोल्हान की खबरें

# ममता देवी को मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के झामुमों नेता लालटू महतो ने महागठबंधन सरकार में ईचागढ़ से दो बार विधायक बनी शहीद परिवार के बहू सविता महतो और रामगढ़ से क्रांतिकारी नेत्री विधायक ममता देवी को मंत्रिमंडल में शामिल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वीर शहीद निर्मल महतो के परिवार की बहू और पूर्व डिप्टी सीएम दिवंगत सुधीर महतो के धर्मपत्नी सविता महतो को दोबारा ईचागढ़ विधानसभा की जनता ने चुन कर विधान सभा भेजने का काम किया है। हेमंत सरकार के मंत्रिमंडल में उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाने की मांग करते है। उन्होंने कहा विधायक सविता महतो उस शहीद परिवार से हैं जिन्होंने झारखंड निर्माण में अपने प्राणों की आहुति दे दी। ऐसे परिवार के बहु को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मंत्रिमंडल में एक स्थान मिलने से शहीद निर्मल महतो और दिवंगत सुधीर महतो के अधूरे सपना को पूरा करने मौका मिलेगा। वही लालटू महतो ने कहा कांग्रेस कोटे से लगातार जनता के लिए आंदोलन करने वाली क्रांतिकारी नेत्री ममता देवी को निश्चित तौर पर मंत्रिमंडल में स्थान मिलना चाहिए।

इन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह करते हुए कहा कांग्रेस और झामुमो से दोनों महिला विधायकों को मंत्रिमंडल में स्थान देने की मांग की।

# श्री श्याम मित्र मंडल ने रामदास सोरेन को किया सम्मानित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला ।** श्री श्याम मित्र मंडल मुसाबनी के सदस्यों ने बुधवार को विधायक रामदास सोरेन के आवास घोराबांधा पहुंचकर उन्हें फूलमाला पहनाकर और बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर कमेटी के सदस्यों ने श्री श्याम महोत्सव में भाग लेने के लिए उन्हें निमंत्रण पत्र भी दिया। 6 दिसंबर को मुसाबनी अग्रसेन भवन में श्री श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। विधायक रामदास सुरेंद्र श्री श्याम मित्र मंडल के सदस्यों को भरोसा दिलाया कि वे फुर्सत निकालकर इस धार्मिक अनुष्ठान में जरूर शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में श्री श्याम बाबा के भक्ति संगीत और भजन कीर्तन के लिए जमशेदपुर एवं कोलकाता से कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के तहत 6 दिसंबर शुक्रवार सुबह 7 बजे से मुसाबनी 1 शिव मंदिर से निशान यात्रा निकाली जाएगी, शाम के समय शीश के दानी का भव्य श्रृंगार, अखंड ज्योत, छप्पन भोग, शाम 7 बजे विशाल संकीर्तन, शाम 8 बजे से प्रसाद एवं भंडारा और भजन संध्या का भव्य आयोजन होगा। श्री श्याम महोत्सव में भक्ति संगीत की समा बांधने कोलकाता से गायक तुषार चौधरी, मौनी केड़िया ,गगन म्यूजिकल ग्रुप एवं जमशेदपुर के प्रसिद्ध गायक महावीर अग्रवाल कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और कार्यक्रम को लेकर अग्रसेन भवन में भव्य पंडाल निर्माण कार्य जोरों पर है ।

# ग्रामीणों ने जर्जर सड़क निर्माण के लिए विधायक प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटमदा।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के पटमदा प्रखंड मुख्यालय से लगभग 4 किमी सड़क जर्जर होने का कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को लावा गांव के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मंडल जुगसलाई विधायक मगंल कालिंदी के पटमदा प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू से मुलाकात कर सड़क निर्माण के लिए एक मांग पत्र सौपा।ग्रामीणों के अनुसार बांसतोला से सालबनी तक सड़क जर्जर हो चुकी है। आने जाने में ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा ढाई किमी सड़क में एक किमी से अधिक रैयती जमीन है। रैयती जमीन दर्जनों लोगों ने आने जाने के लिए दान में दिया है। उन्होंने श्रमदान कर चलने लायक सड़क भी बनाया है। लेकिन अब जर्जर हो गया है। वर्तमान में लोगों को सालबनी जाने के लिए 7 किमी दूरी तय करना पड़ता है। इसलिए यह सड़क बनना बहुत ही जरूरी है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि ने आश्वासन देते हुए कहा विधायक मंगल कालिंदी से इस संबंध में बात हो चुकी है। वित्तीय वर्ष तक सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलेगी। साथ ही जल्द ही काम शुरू कराने का प्रयास किया जायेगा। मौके पर माझी बाबा विभूति हांसदा, प्रधान हांसदा, राजू हांसदा, प्रदीप हांसदा, धर्मू हांसदा, बीरबल हांसदा, भांदा हांसदा, रासु मुर्मू, बाबूलाल हांसदा, कृष्ट तंतुबाई सहित अन्य शामिल रहे।

# समाजसेवी सीकोरेश गोप का निधन



घाटशिला(आजाद सिपाही)पोटका प्रखंड के धिरौल गांव निवासी समाजसेवी सह जादूगोड़ा सेंट्रल स्कूल के हेड क्लर्क रहे सिखोरेश गोप का निधन हो गया है। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। बुधवार को सिखोरेश गोप ने तामोलिया स्थित ब्रम्हानंद अस्पताल में प्रातः अंतिम सांस ली। उनके निधन का समाचार सुनकर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। सिखोरेश गोप की पहचान पोटका में एक समाजसेवी की थी। वे गांव में प्रत्येक वर्ष रक्तदान कराने, मंदिर निर्माण, श्री मद्भागवत कथा आयोजन, हरिनाम संकीर्तन, भारत सेवाश्रम संघ के कार्य में सहयोग जैसे सामाजिक और धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। वे गांव के किसी भी व्यक्ति के दुख में साथ देते थे। उन्होंने अपने पाकेट से पैसे खर्च कर गरीबों की सहायता किया करते थे। उनके असामयिक निधन से धिरौल सहित आसपास गांव में शोक की लहर छा गयी है। उनका पार्थिव शरीर ज्योंहि गांव लाया गया, शुभचिंतकों की भीड़ उमड़ी। उनके अंतिम संस्कार में भी सैंकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। वे अपने पीछे माता-पिता और दो भाई को अकेला छोड़ गए है।

# विधायक ने सपरिवार पुरीधाम में जगन्नाथ महाप्रभु का किया दर्शन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा में भाजपा की शानदार जीत के बाद विधायक पूर्णिमा साहू ने सपरिवार ओडिशा के पुरीधाम पहुंचे। बुधवार को जगन्नाथ महाप्रभु के दर्शन और पूजन किया। विधायक पूर्णिमा साहू ने महाप्रभु जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना कर जमशेदपुरवासियों की खुशहाली, सुख-समृद्धि और क्षेत्र की प्रगति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर की जनता ने जो अपार स्नेह और आशीर्वाद दिया है उसके लिए मैं सदैव आभारी रहूंगी। उन्होंने जगन्नाथ महाप्रभु से जनता की सेवा में निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने की शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की।

# आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर न्यायिक अधिकारियों ने की बैठक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आगामी 14 दिसंबर को जमशेदपुर न्यायालय मेब राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। बुधवार को तैयारियों को लेकर जिला व्यवहार न्यायालय कैम्पस में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जमशेदपुर के द्वारा की गयी। मौके पर सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया वे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए अधिकतम संकलनीय मामलों की पहचान करें,ताकि इनका समाधान जल्द से जल्द किया जा सके। अधिकारियों से कहा गया वे ऐसे मामलों की पहचान करें जिनमें समझौते के माध्यम से निपटारा और इनका निवारण लोक अदालत के मंच पर किया जा सके। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य विवादों का समाधान त्वरित और सुलभ तरीके से करना है। ताकि आम लोगों को न्याय प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया वे इस पहल में सक्रिय रूप से भाग लें और राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता में अपना योगदान सुनिश्चित करें। यह लोक अदालत जनता के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें न्यायिक प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाने की कोशिश की जा रही है।

# बंगाल में सनातनी अत्याचार के विरोध में रैली का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** बंगाल में सनातनी समाज के खिलाफ बढ़ते अत्याचारों के विरोध में गुमला में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा एक विशाल रैली और जनसभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन पालकोट रोड स्थित केदार बागान से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए दुंदरिया बस डिपो तक पहुंचा। रैली के समापन के बाद उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने और झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ पर सख्त कदम उठाने की मांग की गयी। रैली और जनसभा के समर्थन में हिंदू समाज ने जिला मुख्यालय की सभी दुकानें और प्रतिष्ठान स्वतः बंद रखे। इस बंद से स्पष्ट संदेश दिया गया कि सनातनी समाज अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए पूरी तरह एकजुट है और किसी भी प्रकार के अत्याचार को सहन नहीं करेगा। इस आयोजन में भाजपा के कई प्रमुख नेता और हिंदू समाज के लोग साथ ही चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी और सदस्य भी रैली में भाग दिये। पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने कहा की बांग्लादेश में हिंदू समाज के मानवीय मूल्यों का हरण हो रहा है। इसे रोकना अत्यंत आवश्यक है। यदि ऐसा नहीं हुआ तो भारत सरकार को कड़ा कदम उठाना होगा। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने कहा की हिंदुओं पर अत्याचार बर्दाश्त से बाहर हो चुका है। बांग्लादेशी घुसपैठ झारखंड के संथाल क्षेत्र की सभ्यता और संस्कृति को बदल रहे है, जो हमारी पहचान और अस्तित्व के लिए घातक है। झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ को सख्ती से रोका जाये। धार्मिक स्वतंत्रता और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाये की मांग रखी गयी। ज्ञापन में यह भी चेतावनी दी गयी कि यदि इन मांगों पर तुरंत कार्रवाई नहीं की गयी, तो सनातनी समाज उग्र आंदोलन करेगा। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिन्होंने अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। विश्व हिंदू परिषद और आयोजकों ने सभी से अपील किया कि वे इस आंदोलन को और मजबूत बनायें। रैली के दौरान मौजूद लोगों ने यह स्पष्ट कर दिया कि सनातनी समाज अब किसी भी प्रकार के अन्याय को सहन नहीं करेगा।

# सड़क दुर्घटना में मारे गये बनारसी यादव के परिजनों ने आरकेडी कंस्ट्रक्शन कंपनी के ऑफिस में किया हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** रांची-गुमला फोरलेन सड़क पर सिसई महुआडीपा के समीप सड़क दुर्घटना में मरे गये डाल्टनगंज निवासी बनारसी यादव के परिजनों ने आरकेडी कंस्ट्रक्शन कंपनी के रेड़वा ऑफिस में जमकर हंगामा किया। मृतक के परिजन और कंपनी के कामगार मृतक के आश्रितों को तीस लाख रुपये मुआवजा देने की मांग कर रहे थे, परिजनों और कंपनी के अधिकारियों से कई दौर चले वार्ता के बाद आरकेडी कंपनी अधिकारी आश्रितों को पांच लाख रुपये का चेक और कंपनी के सभी कर्मियों के एक दिन का वेतन सहायता के रूप में देने पर सहमति बनी है। साथ ही कंपनी के पास बकाया मृतक के दो माह के वेतन भुगतान की बात भी कम्पनी के अधिकारियों द्वारा कही गयी। कंपनी अधिकारियों और परिजनों के बीच सहमति बनने के बाद आरकेडी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा पांच लाख रुपये का चेक आश्रितों को सौंपा गया। जिसके बाद आश्रित मृतक का शव लेकर वापस अपने घर हरिहरगंज पलामू लौट गये। इस अवसर पर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, पुलिस इंस्पेक्टर विनय कुमार, सीओ नितेश रौशन खलखो, थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह और बड़ी संख्या मे पुलिस बल उपस्थित थे।

# दिव्यांग बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शिक्षा विभाग गुमला द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए मंगलबार को एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रखंडों से चयनित दिव्यांग बच्चों को विज्ञान केंद्र गुमला, नवरत्न गढ़ का किला और अंजन धाम का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान बच्चों को नवरत्न गढ़ किले के ऐतिहासिक महत्व और उसकी सांस्कृतिक धरोहर से परिचित कराया गया। विज्ञान केंद्र में बच्चों ने विभिन्न विज्ञान मॉडल और तकनीकों का अवलोकन किया, जिसने उनके मन में जिज्ञासा और उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, सुश्री कविता खलखो ने विज्ञान केंद्र में पहुंचकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों को प्रत्येक गतिविधि को ध्यानपूर्वक समझने और सीखने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में सभी 12 प्रखंडों से कुल 66 दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया। साथ ही, कार्यक्रम में रिसोर्स शिक्षक, फिजियोथैरेपिस्ट और प्रभाग प्रभारी डॉक्टर मीतू सिन्हा की भी सक्रिय सहभागिता रही। दिव्यांग बच्चों के इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य उन्हें नयी जानकारियों और अनुभवों से अवगत कराते हुए उनकी शिक्षा और विकास में योगदान देना था। जिला प्रशासन की यह पहल समावेशी शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## भदौली विवाह मंडप को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए लीजधारक को तीन साल के लिए सपुर्द कराया



**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई सीओ नितेश रौशन खलखो और थानेदार संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में बुधवार को भदौली विवाह मंडप को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए लीजधारक को तीन साल के लिए सपुर्द कराया गया। इस दौरान लीजधारक दीपक कुमार अधिकारी ने बताया कि बीते मार्च महीने में कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद गुमला द्वारा भदौली विवाह मंडप का तीन साल के लिए लीज प्राप्त हुआ है। स्थानीय लोगों द्वारा विवाह मंडप की चाबी नहीं मिलने पर अधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया था। ज्ञात हो जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय सीओ को लीजधारक को विवाह मंडप आवंटित कराने का निर्देश दिया गया था। जिस पर बुधवार को कार्रवाई करते हुए सीओ नितेश रौशन खलखो और थानेदार संतोष कुमार सिंह सीआई सह उप निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह, अमीन प्रेम कुमार और स्थानीय लोगों की उपस्थिति में विवाह मंडप भवन का ताला खुलवाकर लीजधारक दीपक कुमार सिंह को सौंप दिया गया है। दुसरी ओर प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बहुचर्चित रावण मैदान की घेराबंदी का कार्य सीओ और थानेदार की उपस्थिति में बुधवार को संवेदक द्वारा शुरू करा दिया गया है।

# शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए 'शिक्षा कर भेंट' अभियान को स्कूलों में चलाया जा रहा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले में मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा के बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त गुमला के नेतृत्व में 'शिक्षा कर भेंट' अभियान के तहत विद्यालयों का गहन अनुश्रवण किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले और प्रखंड के वरीय अधिकारियों द्वारा लगातार विद्यालयों का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस माह के अभियान के तीसरे दिन, उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, गुमला का दौरा कर विद्यालय की शैक्षणिक स्थिति का जायजा लिया। वहीं, अनुमंडल पदाधिकारी बसिया, श्रीमती जयवंती देवगम ने बसिया कस्तूरबा में छात्राओं से मुलाकात कर उनकी तैयारियों की समीक्षा की और उनका हौसला बढ़ाया। इसके अतिरिक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) घाघरा ने प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय, घाघरा का निरीक्षण किया और बीडीओ रायडीह ने कस्तूरबा रायडीह विद्यालय का दौरा किया।

इस दौरान अधिकारियों ने विद्यार्थियों को रेमेडियल कक्षाओं में हिस्सा लेने, कमजोर छात्रों की पहचान करने, मॉडल प्रश्नों का अभ्यास करने, और प्री-बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। अन्य अधिकारियों ने भी विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया, जिनमें अंचलाधिकारी भरनो, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी पालकोट, अंचलाधिकारी बसिया, मनरेगा सहायक अभियंता सिसई, महिला प्रसार पदाधिकारी सिसई, और बीपीआरओ सिसई शामिल हैं। इन अधिकारियों ने अपने-अपने आबंटित विद्यालयों में शैक्षणिक सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की और छात्रों को आवश्यक निर्देश दिये। अभियान के तहत आज 12 विद्यालयों और पिछले तीन दिनों में कुल 32 विद्यालयों का अनुश्रवण किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा यह पहल शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने और छात्रों को परीक्षा के लिए तैयार करने के लिए जारी रहेगी।

## घाघरा पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सेमला गांव से घाघरा पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। शव को जंगली जानवर और कुत्तों द्वारा कमर से नीचे का आधा भाग को खाकर खत्म कर दिया गया था। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। शव की स्थिति को देख यह प्रतीत हो रहा था कि उसकी मौत लगभग चार दिन पूर्व ही हो चुकी हो। व्यक्ति का शव सरसों के खेत में छुपाने के ख्याल से फेंक दिया हो। हत्या है या कुछ और संशय बना हुआ है। वही ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। हालांकि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी तरुण कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि लगभग चार दिन पूर्व ही उक्त अज्ञात व्यक्ति का मौत हो गयी हो। कुत्ता द्वारा उक्त शव को खाने के कारण शव क्षत बिक्षत हो गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## सीमा बल के जवानों ने 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' का दिया संदेश




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** चैनपुर के कुरुमगढ़ 32 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने 'स्वच्छता ही सेवा मिशन-2024' कार्यक्रम के अंतर्गत कुरुमगढ़ चौराहा, आरोग्य मंदिर और आसपास के सार्वजनिक स्थानों पर स्थानीय लोगों और स्कूली बच्चों के साथ मिल कर एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया, और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई करके जन जागरूकता तथा जनसहभागिता का संदेश दिया। इस स्वच्छता अभियान को एस एसबी कमांडेंट राजेश कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में कुरुमगढ़ स्थित सशस्त्र सीमा बल के जवानों द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय लोगों, राजकीय बुनियादी उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों ने स्वच्छता ही सेवा से संबन्धित बैनर तथा स्लोगन के माध्यम से घरों से निकलने वाले गीले कूड़े, सूखे कूड़े तथा अन्य अवशिष्ट पदार्थों के सही शोधन की जानकारी जन सामान्य को देने का प्रयास किया। इस प्रकार के अयोजन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता को बढ़ाना है। इस कार्यक्रम के दौरान सहायक कमांडेंट ईशांत राठी, प्राध्यापक रवि बेक एवं स्टाफ मौजूद रहे।

## शिक्षा कर भेंट कार्यक्रम को लेकर बीडीओ ने घाघरा प्रोजेक्ट बालिका हाइस्कूल का किया भ्रमण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** शिक्षा का भेट कार्यक्रम के तहत बीडीओ दिनेश कुमार ने घाघरा प्रोजेक्ट बालिका हाई स्कूल का भ्रमण किया। वही मैट्रिक के छात्राओं को बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु बोर्ड पेपर की जानकारी दी। इसके साथ ही छात्राओं को परीक्षा में दिये जाने वाले प्रश्न संबंधित कई जानकारी दिया। साथ ही अनुपस्थित बच्चों के उपस्थिति के लिए उनके अभिभावक के साथ वार्ता हेतु शिक्षकों को दिशा निर्देश दिया। बच्चे अनुपस्थित ना हो हर दिन विद्यालय आये। ताकि मैट्रिक का रिजल्ट शत प्रतिशत हो सके। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि मैट्रिक और इंटर परीक्षा को लेकर उपायुक्त के निदेर्शानुसार शिक्षा का भेट कार्यक्रम के निमित विद्यालयों का भ्रमण कर छात्रों को बेहतर शिक्षा प्राप्त हो और बेहतर करें और मैट्रिक में शत रिजल्ट हो। जिसे लेकर यह प्रयास किया जा रहा है। मौके पर कई शिक्षक, छात्राएं उपस्थित थे।

# पाकुड़ की टीम ने सरायकेला को दस विकेट से पराजित किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** जेएससीए अंतर जिला अंडर-14क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को खेले गये मुकाबले में पाकुड़ ने सरायकेला खरसावां को एकतरफे मुकाबले में दस विकेट से पराजित किया। जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया स्टेडियम में चल रहे मैच में सरायकेला-खरसावां की टीम पहले बल्लेबाजी करते 76 रनो के मामूली स्कोर पर सिमट गयी। टीम की ओर से जयकुमार ने 25, अमन मिश्रा 19व अर्पण कुमार ने 11 रनो की पारी खेली। पाकुड़ की ओर से सुमित सिंह ने आठ ओवरो में 12 रन देकर चार विकेट हासिल किया। देवनाथ भगत ने दो और अभिनव भगत को एक विकेट मिला। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकुड़ की टीम ने बगैर किसी नुकसान के कप्तान सुमित के 54 रनो की अर्धशतकीय पारी के बदौलत 11ओवरो में आसान जीत दर्ज कर लिया। पारितोषिक वितरण मे विशेष रूप से उपस्थित जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष डॉ अरुण उरांव ने बल्ले और गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्लेयर ऑफ द डे पाकुड़ के सुमित सिंह को पांच हजार नगद और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव जीतेन्द्र सिंह, टीआरडीओ रोनित सिंह, अंपायर रमेश कुमार, प्रशांत कुमार स्कोरर शशिभूषण मिश्रा, मनोज चौधरी, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, मधुसूदन उरांव, आयुष अग्रवाल, ओम शंकर सिंह, बघाम्बर ओहदार, राजीव कुमार आकाश आनंद, शशि, विनीत सहित अन्य मौजूद थे। गुरुवार को कोडरमा का मुकाबला सरायकेला-खरसावां के साथ होगा।

## सकारात्मकता को साथी बना कर देखो, जो चाहोगे पा लोगे : चौहान



**गुमला (आजाद सिपाही)।** बुधवार को राजकीयकृत प्लस टू उवि टोटो और आदिवासी उवि फौरी में खुशी क्लास का आयोजन हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को सम्बोधित करते हुए संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि सिर्फ कैरियर पर फोकस नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकाश पर ध्यान केंद्रित करें। यह खुशी के साथ ही संभव है। चौहान ने बताया कि सकारात्मकता के गर्भ से खुशी जन्मती है। खुश रहकर ही आप मंजिल को पा सकते हैं, जिंदगी जिंदादिली के साथ जी सकते हैं। इसका कोई विकल्प है ही नहीं। तनाव क्रोध के रूप में बाहर निकलकर हमारे व्यक्तित्व को तहस-नहस कर देती है। तनाव में कोई भी मंजिल पा ही नहीं सकते। इसलिए खुशी के साथ सकारात्मकता को हथियार बना मंजिल फतेह कीजिए। उन्होंने कहा कि मुस्कान को सदैव अपने चेहरे पर सहेजे रखें। जादू की छड़ी है यह मुस्कान। आपके व्यक्तित्व को निखार देती है। यह मुस्कान सकारात्मकता और खुशियों से ही उपजेगी। उन्होंने छात्रों से कहा, आप किसी भी प्रश्न को तनाव में हल करने की कोशिश करना। कभी नहीं कर पाओगे। जब खुश होकर सकारात्मक भाव से प्रश्न का हल ढूंढोगे तो 99 प्रतिशत हल कर ही लोगे। 1 प्रतिशत अगर नहीं भी कर पाये तो यह रास्ता जरूर पता चल जायेगा कि प्रश्न सॉल्व कैसे होगा। अंत में छात्रों ने संकल्प लिया कि वो सकारात्मकता, खुशी के साथ आगे बढ़ेंगे। विपरीत परिस्थितियों का मुकाबला सकारात्मक भाव से ही करेंगे। साथ ही यही संदेश अपने घर और समाज को भी देंगे।

## अनदेखा: अस्पताल प्रबंधक की लापरवाही मवेशी खा रहे प्लास्टिक



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल प्रबंधक के घोर लापरवाही का मार मवेशियों और अस्पताल में ईलाजरत मरीजों को झेलना पड़ रहा है। अस्पताल के पीछे पोस्टमार्टम हाउस है। जहां पर अस्पताल के सफाई कर्मी सफाई कर सारे कचरे को फेकते है और पोस्टपार्टम हाउस जाने वाले रास्ते में डंपिंग गेट को खुला छोड़ते है। जिससे मवेशी(गाय) अंदर घूस कर प्लास्टिक को खाती है। प्लास्टिक मवेशियों के लिए किसी खतरे से कम नहीं है। मगर इसे देखने का वाला कोई नहीं है। वही कचरे का अंबार रहने से अस्पताल में ईलाजरत महिलाओं को बिमारियों का डर बना रहता है। क्योंकि कचरे के बगल में ही महिला वार्ड है।

# बड़ा जिलिंगा में अपराधियों ने टांगी से काटकर युवक की हत्या की, छानबीन में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के डूमरडीह पंचायत अंतर्गत बड़ा जिलिंगा गांव में मंगलवार की रात 12:00 बजे पांच से छह अज्ञात अपराधियों ने 37 वर्षीय विनय उरांव को टांगी से काट कर मौत के घाट उतार दिया।

बुधवार की सुबह घटना की जानकारी पर टोटो थाना की पुलिस गांव पहुंची और पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नकाबपोश अपराधी घर पहुंचे उनके हाथ में टांगी था। इसके बाद उन्होंने विनय को आवाज लगाई साथ ही आंगन में लगे बल्ब को खोल दिया जिसके बाद आंगन में अंधेरा हो गया। तभी घर के एक सदस्य ने दरवाजा खोला। इसके बाद वे लोग घर के अंदर घुसकर विनय को पकड़ कर घर से आंगन में निकाला। इसके बाद मारपीट करने लगे वही उसके पेट में चाकू से दो से तीन बार वार किया। विनय के जमीन पर गिरने के बाद टांगी से सिर और गर्दन में वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। आंगन में अंधेरा होने के कारण परिवार वाले अपराधियों को नहीं पहचान पाये साथ ही अपराधियों ने चेहरा को कपड़े से ढक रखा था। इसके बाद अपराधी गांव से निकल गये। घटना के बाद पुलिस परिवार वालों से पूछताछ कर रही है। वहीं जांच के क्रम में पुलिस को कई अहम सुराग हाथ लगे हैं।

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न, हर हाल में अवैध खनन रोकने का निर्देश

# अवैध खनन करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज कर सभी को जेल भेंजें : उपायुक्त

**कहा- जिले में अवैध माइनिंग किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता



खनन टास्क फोर्स की बैठक में शामिल डीसी शशि रंजन व अन्य अधिकारी।

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार ने अवैध खनन पर कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया। इस दौरान बताया कि पिछले दो महीने में अबतक अवैध परिवहन व खनन कर रहे कुल 43 वाहनों को जब्त किया गया है। साथ ही 32.35 लाख रुपये जुर्माना भी वसूला गया है। जबकि छह प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है। वहीं, समीक्षा के दौरान डीसी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी को उनके क्षेत्र में संचालित अवैध माइनिंग के खिलाफ स्पेशल टास्क फोर्स का गठन कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने बिना सीटीआई और लाइसेंस प्राप्त किए जिले में संचालित क्रेशर को सील करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने ओवरलोडिंग की समस्या को भी रेखांकित करते हुए ऐसे वाहनों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी एवं सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर अवैध माइनिंग के विरुद्ध छापामारी करने को कहा। बैठक में इंटर स्टेट बॉर्डर को अवैध माइनिंग की दृष्टि से सुरक्षित करने को लेकर नाईट विजन एनेबल्ड सीसीटीवी अधिष्ठापन करने पर भी विचार किया गया। उन्होंने छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी को अवैध माइनिंग पर लगाम लगाने को लेकर टोल प्लाजा की मदद लेने को कहा। साथ ही डीआईओ को माइंस को लेकर नजरी नक्शा बनाने के भी निर्देश दिया।

### जहां भी अवैध बालू उठाव की संभावना दिखे वहां ट्रेंच खोदकर रास्ता को अवरुद्ध कर दें

उन्होंने सभी थाना प्रभारी व अंचलाधिकारी से कहा कि जहां भी आपके क्षेत्र में अवैध बालू के उठाव की संभावना है, वहां ट्रेंच खोदकर उस रास्ते को अवरुद्ध करना सुनिश्चित करें। उन्होंने क्रशरों के आसपास विभिन्न तरह के अवैध गतिविधि पर रोक लगाने पर बल दिया। इस कार्य में उत्पाद अधीक्षक का सहयोग लेने की भी बात कही। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, डीएफओ, अपर समाहर्ता समेत विभिन्न एसडीओ, एसडीपीओ व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन जारी रहेगा : सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों से हटिया-आनंद विहार अप/डाउन झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस 12873/12874 का परिचालन जारी रहेगा। विदित हो कि रेलवे बोर्ड की ओर से दो दिसंबर 2024 से 10 जनवरी 2025 तक ठंड में कोहरे का बहाना बनाकर इस ट्रेन को बंद करने का निर्णय लिया गया था। सांसद ने इसे लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार को पत्र लिखकर एवं व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उक्त ट्रेन का परिचालन जारी रखने का अनुरोध किया था। कहा था कि इस ट्रेन से सर्वाधिक लाभ पलामू एवं गढ़वा जिले के लोगों को मिलता है। देश की राजधानी से जुड़ी होने और दिल्ली में उच्चतर चिकित्सा संस्थान में इलाज के लिए आने-जाने में उक्त ट्रेन सर्वोत्तम साधन है। पलामू, गढ़वा, लातेहार (झारखंड) एवं सोनभद्र (उत्तर प्रदेश) आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल हैं। उपरोक्त जिलों के छात्र/छात्राओं, व्यवसायियों एवं मरीजों के आवागमन के साधन को बढ़ाने के बजाय 38 दिनों के लिए कम करना उचित नहीं है। उक्त ट्रेन का परिचालन जारी रहने से यात्रियों को आवागमन सुगम होगी। सांसद ने इसके लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार को पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।

### मेदिनगर को जल संकट से बचाने के लिए कोयल एवं अमानत नदी पर बने बांध



पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत मेदिनीनगर शहर में पेयजल की समस्या के निवारण के लिए कोयल एवं अमानत नदी में दो-तीन जगहों पर बियर बनाने से संबंधी महत्वपूर्ण मामले को उठाया।

सांसद ने कहा कि पलामू में मुख्य शहर मेदिनीनगर है जो कोयल नदी एवं अमानत नदी के तट पर बसा हुआ है। ये दोनों नदी वहां के लोगों की लाइफ लाइन है। पर दुर्भाग्यवश गर्मी के दिनों में दोनों नदियां बिल्कुल सुख जाती है और मेदिनीनगर शहर का जल स्तर काफी नीचे चला जाता है। जिस कारण शहर में पाइप के माध्यम से वहां के निवासियों को पेयजल उपलब्ध कराना दुष्कर हो जाता है। इतना ही नही वहां इतनी प्रचंड गर्मी पड़ती है कि जलस्तर नीचे चले जाने से सारे चापाकल एवं डीप बोरिंग बेकार हो जाते हैं। यह भी उल्लेख करना आवश्यक है कि पलामू जिला रैन सेकडो एरिया में पड़ता है जहां हर साल पर्याप्त मात्रा में वर्षा नहीं होती है। अतः हमेशा सुखाड़ की स्थिति बनी रहती है। साथ ही जलस्तर नीचे चला जाता है जिससे पेयजल का भी संकट उत्पन्न हो जाता है। उपरोक्त स्थिति में जलस्तर को बनाये रखने के लिए यह आवश्यक है कि कोयल एवं अमानत नदी में दो-तीन जगहों पर बियर बनाया जाय, ताकि कोयल एवं अमानत नदी में हमेशा पानी मौजूद रहे। सांसद ने कहा कि अनुरोध है कि जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार को निर्देश देने की कृपा की जाय, ताकि इस योजना को क्रियान्वित करने की दिशा में कार्यवाई सुनिश्चित की जा सके जिससे गर्मी के दिनों में भी पानी की उपलब्धता बनी रहे एवं मेदिनीनगर के निवासियों को पेयजल के संकट से उबारा जा सके।

## हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में डिजिटल एक्सरे सेवा का शुभारंभ

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडलीय अस्पताल में बुधवार को डिजिटल एक्सरे का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनेश कुमार, डॉ मुकेश कुमार सिंह, डॉ शशि भूषण, डॉ राकेश रंजन, डॉ मंजूर आलम आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस सेवा को शुरू कराने में पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार का सार्थक प्रयास प्रयास रहा। उनके प्रयास से ही हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में एक्स रे सेवा शुरू किया जा सका। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि डिजिटल एक्सरे सेवा का प्रति एक्स रे प्लेट केवल 70 रुपए शुल्क रखा गया है। मौके पर प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता के साथ ही कई चिकित्सा कर्मी एवं प्रशिक्षु एएनएम उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद के पूर्व सैनिक कार्यालय में मना नौसेना दिवस



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय परिसर के समीप पूर्व सैनिक कार्यालय में बुधवार को नौसेना दिवस मनाया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम के मंच का संचालन हवलदार सुधीर सिंह एवं अध्यक्षता लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने किया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हुसैनाबाद एसबीआइ के शाखा प्रबंधक रवि नायक एवं विशिष्ट अतिथि संगठन संरक्षक कर्नल (डॉ) संजय कुमार सिंह व लोकनाथ केसरी मौजूद रहे। इसस दौरान नौ सेना से सेवानिवृत लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद भी मौजूद रहे। स्वागत भाषण में लेफ्टिनेंट (रिटायर) प्रेमतोष प्रसाद ने सभी अतिथियों, पूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट एवं स्कूली बच्चों को नौसेना दिवस की बधाई दी।वहीं, कर्नल संजय कुमार सिंह ने कहा कि हम सभी को इस तरह के कार्यक्रम को और भव्य तरीके से मनाना चाहिए और सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं को ऐसे कार्यक्रमों में शामिल करना चाहिए। वहीं, रवि नायक ने अनुमंडलीय स्तर पर सैनिक कार्यालय संचालित कर सभी पेंशनरों की समस्यायों का निदान, स्कूली बच्चों को सैन्य संबंधित जानकारी देने को काफी सराहनीय कार्य बताया। मौके पर कैप्टन दुखन सिंह, कैप्टन आरसी मेहता, सुबेदार सतेंद्र ठाकुर, असर्फी पाल, अक्षय कुमार सिंह, प्रसाद सिंह, सुबेदार राम टहल मेहता, सुमेर सिंह, यदुनंदन ठाकुर, बिगन चौधरी, गौरी शंकर ठाकुर, सत्यनारायण सिंह के अलावा बक्सी हाई स्कूल के एनसीसी कैडेट आदि उपस्थित रहे।

## 50 बाइक जब्त कर काटी चालान

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना गेट स्थित इंटर स्टेट चेकपोस्ट पर बुधवार को हरिहरगंज पुलिस ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जांच कर 50 बाइक को जब्त कर चालान काटी। वहीं, कार्रवाई से बाइक चालकों में हड़कंप मच गया। इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि एसपी के निर्देश पर सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया है। इस दौरान 50 बाइक जब्त कर न्यालय भेजा गया है। बताया कि जब्त बाइक चालकों का किसी के पास सही कागजात नहीं थे तो किसी के पास हेलमेट नहीं था।

## आठवीं के विद्यार्थियों को पढ़ाने के बदले शिक्षक खेतों में करवा रहे अपना नीजि काम

आजाद सिपाही संवाददाता



**छतरपुर/पलामू।** छतरपुर के युवा नेता संदीप सरकार ने बयान जारी कर बताया कि पीएम श्री राजकीय कृत मध्य विद्यालय कचनपुर के आठवीं कक्षा के छात्र से शिक्षक अपने घर का निजी कार्य करवा रहे हैं। विगत दो दिनों से मुझे यह सूचना मिल रही थी कि शिक्षक उपेंद्र पासवान करीब 12 बजे के आसपास प्रतिदिन आठवीं के छात्र को विद्यालय से अपने घर बुलाकर ले जाते हैं और वहां आलू की खेत में मिट्टी कोडना और चढ़ाने का काम करवा रहे हैं। इस बात की जांच तो सच पाया। इसके बाद तुरंत फोन कर छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी, पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी और छतरपुर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को इसकी सूचना दी। जब मैं विद्यालय पहुंचकर इस संबंध में प्रधानाध्यापक से बात की तो आठवीं कक्षा में कुल 41 विद्यार्थी की उपस्थिती बनाई गई थी, जबकि विद्यालय में आठवीं कक्षा के महज 21 विद्यार्थी ही उपस्थित थे। संदीप सरकार ने संलिप्त सभी शिक्षकों पर बाल अधिनियम 1986 के तहत केस कर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि मामले की लीपा पोती करने की कोशिश हुई तो पलामू के सभी युवा साथी चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। इस संबंध में प्रधानाध्यापक सुदाम जी ने बताया कि छात्रों से आलू के मेड़ पर मिटी चढ़वाने की बातें सही है। वहीं विद्यायल के सहयोगी शिक्षक उपेंद्र पासवान से पूछे जाने पर बताया कि रविवार को विद्यायल में पढ़ने वाले दो छात्र सहयोग करने के रूप में आलू के मेड़ पर मिट्टी चढ़ाये है जिसे लेकर राजनीति की जा रही है। मौके सिकंदर राम, प्रवेश यादव, मलिकचांद राम, प्रेमचंद कुमार, विजय राम और धर्मेंद्र राम आदि थे।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में नाबालिक लड़की से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसकी पहचान रवि कुमार के रूप में हुई है। हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय यादव ने घटना के बाद एसआई नर्मदेश्वर सिंह व पुलिस बल के साथ बुधवार की सुबह छापामारी कर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर भेज दिया है।

## हेमंत सोरेन ने जो कह दिया उसे पूरा भी करते हैं : चंदन सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** झारखंड सरकार जो कहती है सो करती है। यह सिर्फ झूठे वादे करने वालों की सरकार नहीं है। अपने वादे के अनुसार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना की राशि को एक हजार से बढ़ाकर 2500 रुपये कर दिया है। जो दिसंबर महीने की 11 तारीख को लाभुकों के खाते में चली जाएगी। राज्य के वैसी सभी बहनें जिनकी आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष के बीच है इस योजना के लिए आवेदन दे सकती हैं। इसके लिए पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव के अलावा किसी भी प्रज्ञा केंद्र से आवेदन किया जा सकता है। उसके बाद ग्रामीण क्षेत्र के लिए बीडीओ एवं शहरी क्षेत्र के लिए द्वारा कुद अप्रूव कर दिया जाता है। इसके लिए लाभुकों को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। बिचौलियों के चंगुल में नहीं फंसना है। फॉर्म भरने एवं अप्रूवल की व्यवस्था बहुत ही सुलभ है। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लगता है। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। कहा कि महिलाओं को स्वावलंबन बनाने एवं महिला सशक्तिकरण के लिए झारखंड सरकार की मंईयां सम्मान योजना मिल का पत्थर साबित हुई है। जिस कारण महिलाओं की भीड़ अंचल एवं प्रखंड कार्यालय में अप्रत्याशित रूप से बढ़ रही है।

## समता स्कूल में परख सर्वेक्षण परीक्षा संपन्न

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के शिव शक्ति नगर स्थित समता स्कूल में नई शिक्षा नीति के आधार पर कक्षा तीन की परख सर्वेक्षण परीक्षा आयोजित हुई। जिसमें कक्षा तीन के सभी विद्यार्थी शामिल हुए। यह सर्वेक्षण मुख्य रूप से एनसीईआरटी एवं सीबीएसई के आपसी समन्वय और सहयोग से विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाचार्य डॉक्टर अक्षय कुमार चौहान की देखरेख में संपन्न हुआ। सर्वेक्षण परीक्षा में सर्वेक्षण के उत्तरदाई पर्यवेक्षक के रूप में दीपक कुमार एवं राहुल आनंद शामिल थे।


झारखण्ड सरकार उद्योग विभाग

हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय

उद्योग भवन, रातू रोड, राँची–834001 (झारखण्ड)

(website-:jharsericulture.jharkhand.gov.in / Email ID-:dir-hsh@nic.in)

पत्रांक–1207 दिनांक–03.12.2024

सूचना

हस्तकरघा रेशम एवं हस्तशिल्प, निदेशालय, झारखण्ड, रॉची के ज्ञापांक–1166, दिनांक 19.11.2024 के द्वारा भाड़े पर वाहन लिये जाने से संबंधित आमंत्रित प्रकाशित निविदा संख्या–PR 340335 Directorate of Handloom Sericulture and Handicraft (24-25)_D को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह0/–

उप उद्योग निदेशक,
हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय,
झारखण्ड रॉची।

PR 341130 Directorate of Handloom Sericulture and Handicraft (24-25)D



कार्यालय नगर परिषद्, चतरा

पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401

दुरभाष : 06541–253030, ई–मेल : npchatra@gmail.com

पत्रांक 1195/न0प0, दिनांक 03.12.2024

आम सूचना

झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) योजना 2017 नगर विकास एवं आवास विभाग झारखण्ड सरकार के अधिसूचना के अध्याय VI में वर्णित पथ विक्रेताओं हेतु आधारभूत संरचनाओं का विकास एवं विकसित मार्केट के दुकानों के आवंटन की रीति/प्रक्रिया के अनुसार चतरा कॉलेज चतरा, TOP के निकट एवं काली पहाड़ी के पास स्थित वेंडिंग जोन के दुकानों का आवंटन किया जाना है। जिस तत्क्रम में कार्यालय द्वारा निर्गत आम सूचना संख्या 641, दिनांक–22.06.2024 के माध्यम से सर्वेक्षित/निबंधित/LOR प्राप्त फुटपाथ विक्रेताओं से दुकान आवंटन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। जिसके अंतर्गत अभी तक कुल 86 आवेदन पत्र प्राप्त हैं। उपलब्ध दुकानों के आवंटन हेतु आवेदनों की कमी के कारण पुनः दीनदयाल अन्त्योदय योजनाः राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM), नगर परिषद्, चतरा क्षेत्र अंतर्गत सर्वेक्षित फुटपाथ–विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वे दुकान प्राप्त करने हेतु अपना आवेदन नगर परिषद्, चतरा के DAY-NULM कोषांग में दिनांक–4.12.2024 से 10.12.2024 तक कार्यालय अवधि के दौरान जमा कर सकते हैं।

**चतरा कॉलेज चतरा वेंडिंग जोन के दुकानों आवंटन हेतु अनिवार्य कागजातः–**

1. फुटपाथ विक्रेताओं की सूची में नाम अथवा नगर परिषद्, चतरा कार्यालय द्वारा निर्गत विता पहचना पत्र/विक्रेता प्रमाण–पत्र/LOR
2. पहचान पत्र/विक्रेता प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
3. दुकान आवंटन का आवेदन पत्र।
4. शपथ–पत्र (नोटरी पब्लिक द्वारा 20/– का)
5. आधार कार्ड और पासपोर्ट आकार की फोटो।
6. पूर्व से नगर परिषद्, चतरा द्वारा दुकान आवंटित नहीं होनी चाहिए।

**महत्वपूर्ण सूचनाः–** लॉटरी के पश्चात यदि पाया जाता है कि आपको पहले से दुकान आवंटित है, तो आवंटित दुकान स्वतः रद्द कर दी जाएगी।

**नोटः–** आवेदन पत्र हेतु एवं अधिक जानकारी के लिए कृपया DAY-NULM कार्यालय, नगर परिषद्, चतरा से संपर्क करें।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा

PR 341134 Urban Development(24-25)#D



झारखण्ड सरकार

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

जिला नियोजनालय, (रोजगार कार्यालय) गढ़वा

राज्य के सभी जिलों के तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में योग्यता रखने वाले आवेदकों के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर।

भर्ती कैम्प सूचना – 2024

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गढ़वा के तत्वावधान में दिनांक–07.12.2024 (दिन–शनिवार) को पूर्वाह्न–11.00 बजे से अपराहन् 3.00 बजे तक जिला नियोजनालय,गढ़वा परिसर में एक दिवसीय "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत भर्ती कैम्प–2024" आयोजित किया जा रहा है।

भर्ती कैम्प में निम्न नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की हैः–

| S. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification Essential | Qualification Desirable | Experience | Age | Salary | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | G.S.A. Foundation, Jamtara | CNC/VMC Machine Operator | 100 | 10th Pass to Graduation | - | Fresher | 18 to 40 | 17892 CTC | Ahemdabad (Bus Canteen, Room, Dress, Provided by Company ) |
| 2 | AISECT, Garhwa (Mega Skill) | GDA Trainer | 04 | B.sc. Nursing | GNM | 2 years | 20 to 45 | 15000-20000 | Garhwa |
| | | Computer Trainer | 22 | BCA,PGDCA | - | 2 years | 20 to 45 | 10000-20000 | Garhwa |
| | | Agriculture Trainer | 04 | B.SC. Agriculture | - | 2 years | 20 to 45 | 10000-20000 | Garhwa |
| 3 | Svatantra Micro Finance Pvt. Ltd, Palamu | Filed Officer | 50 | 10th Pass | Bike & DL | - | 18 to 30 | 15003 CTC | Garhwa Or Daltonganj |

भर्ती कैम्प में भाग लेने वाले निजी नियोजकों एवं उनसे प्राप्त रिक्तियों की विस्तृत विवरणी से संबंधित सूचना झारखण्ड सरकार के वेबसाईट–WWW.jharniyojan.jharkhand.gov.in एवं garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

भर्ती कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो भर्ती कैम्प तिथि के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में जा कर या स्वयं अधिकृत वेबसाईट–WWW.jharniyojan.jharkhand.gov.in से स्वंय कर सकते हैं। भर्ती कैम्प के दिन निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

नोटः–निजी नियोक्ता कृपया, झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 का अनुपालन करना अनिवार्य है।

विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय,गढ़वा से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR.NO.341126 Labour Employment and Traning(24-25):D


## विवाह व बच्चों के जन्मदिन पर पौधा लगाकर उत्सव मनाने की परपंरा को अब विकसित करनी होगी: ट्री मैन डॉ कौशल

**पर्यावरणविद ने नाति के जन्म उत्सव व भतीजी की शादी पर वर-बधु को पौधा देकर सफल वैवाहिक जीवन की दी शुभकामनाएं**

आजाद सिपाही संवाददाता



बच्चे व वर-वधु को पौधा देते पर्यावरणविद, पार्षद अमित, मुखिया पूनम।

**मेदिनीनगर।** रांची व पतरातू में जन्म उत्सव व शादी समारोह में शामिल होकर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल, छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित जायसवाल व डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल ने पौधरोपण कर नवजात व वर वधु को स्वस्थ व सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी। छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार ग्राम पंचायत के राधेश्याम प्रसाद की पत्नी जानकी देवी की पौत्री व गिरीश जायसवाल की पत्नी दीपावली जायसवाल की पुत्री रितुपर्णा एवं मुंबई के बोरीवली वेस्ट निवासी सनेहल लक्ष्मी राम चौधरी की पत्नी दीपा चौधरी के पुत्र की शादी में डॉ कौशल, जिला पार्षद अमित, मुखिया पूनम भी शामिल हुए और वर-वधु को आशीर्वाद स्वरूप हिमाचल के कपूर पौधा देकर चिरंजीवी होने की कामना की। पार्षद अमित ने अपने भांजे व डॉ कौशल व मुखिया पूनम अपने नाती को रांची कोकर निवासी लालमन जायसवाल की पत्नी शीला जायसवाल के पौत्र और रोहित जायसवाल पत्नी ज्योति जायसवाल (शिक्षिका) के पुत्र के जन्मोत्सव पर पौधा रोपण कर उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाई। कहा कि अब समय आ गया है कि विवाह और बच्चों के जन्मदिन पर पौधा लगाकर उत्सव की परंपरा को फिर से जागृत किया जाए। मौके पर संस्था के सचिव अरविंद जायसवाल संजुक्ता, जायसवाल राहुल जायसवाल, आकाश जायसवाल, विशाल जायसवाल, पिंकी जायसवाल सूरज प्रकाश आर्य, रिंकी आर्य, अस्मिता, जायसवाल सरिता जायसवाल सत्येंद्र प्रसाद, सुचित कुमार, मुन्ना जायसवाल, निरंजन प्रसाद, राजन जायसवाल सुलेखा देवी, अमरेश जायसवाल, डॉ नीलम जासवाल, रविंदर प्रसाद, रामजी प्रसाद सहित परिवार के कई सदस्य शामिल थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 05 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हिंसा के खिलाफ दूसरे दिन भी सड़क पर उतरे हिंदू संगठन, किया प्रदर्शन

## पूर्व सांसद पीएन सिंह, विधायक राज सिन्हा, रागिनी सिंह, शत्रुघ्न महतो भी हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता





**धनबाद।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रही सिंहा-अत्याचार के प्रतिवाद में धनबाद में हिंदू संगठन बुधवार को भी सड़क पर उतरे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दिन सभी हिंदू संगठनों ने धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर एकजुट होकर हाथों में भगवा झंडा लिए प्रदर्शन किये। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद रणधीर वर्मा चौक से पदयात्रा भी निकाली गयी। इस विरोध प्रदर्शन में हिंदू संगठनों के साथ ही भाजपा के पूर्व सांसद पीएन सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक रागिनी सिंह, बाघमारा विधायक शत्रुध्न महतो, अमरेश सिंह, पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, भाजपा नेत्री तारा देवी आदि पैदल मार्च कर समाहरणालय पहुंचे और डीसी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रधानमंत्री से इस संबंध में अभिलंब कार्रवाई करने की मांग की गई। बतातें चलें कि बांग्लादेश में शेख हसीना को सत्ता से बेदखल करने और मोहम्मद युनुस की अंतरिम सरकार बनने के बाद से ही हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा का लगातार घटनाएं हो रही है। वहां के मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है। हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने पर सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास को भी 25 अक्टूबर को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ देशद्रोह का केस चलाया जा रहा है। जिसके प्रतिवाद में भारत के विभिन्न राज्यों के साथ ही झारखंड के अधिकांश जिलों में हिंदू सगठनों की ओर से लगातार विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

# सीओ ने राजस्व को लेकर की समीक्षा बैठक



**आइइएल (आजाद सिपाही)।** गोमिया अंचल कार्यालय परिसर में सीओ आफताब आलम ने राजस्व से संबंधित कर्मचारियों के साथ बुधवार को समीक्षा बैठक की। इस दौरान विभिन्न बिंदु पर चर्चा की गयी। जिसके बाद दाखिल-खारिज, सीमांकन, ई राजस्व कोर्ट, पीएम किसान सम्मन निधि योजना, झार सेवा प्रमाण पत्र, आपदा प्रबंधन, अतिक्रमण, भू-अर्जन, नीलम पत्र वाद, भारतमाला फेस-2 से संबंधित अंचल निरीक्षक, सभी राजस्व उप निरीक्षक और अंचल के कर्मी को निर्देश दिया कि सभी कार्य समय पर करना सुनिश्चित करें। बैठक में राजस्व निरीक्षक अरुण राम, आनंद भारती, ललन कुमार, विजय कुमार, गौतम कुमार, रवि रंजन तिवारी, अमर कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर सोनू यादव और अहमद राजा उपस्थित थे।

[भाग II—खण्ड 3(ii)] भारत का रापत्र :

21रजिस्ट्री सं. डी. एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ.-23102024-258165, CG-DL-E-23102024-258165
असाधारण, EXTRAORDINARY
भाग II–खण्ड 3–उप-खण्ड (ii), PART II--Section 3--Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित, PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4234] नई दिल्ली, मंगलवार, अक्तूबर 22, 2024/आश्विन 30, 1946
No. 4234] NEW DELHI, TUESDAY, OCTOBER 22, 2024/ASVINA 30, 1946

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 22 अक्तूबर, 2024

**का. आ. 4603(अ)**— केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि **झारखंड राज्य में एन.एच.–143AG के किमी 37.400 (डिजाइन चेनेज) से किमी 85.560 (डिजाइन चेनेज) बेरो–खूंटी खंड पर पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन का चौड़ीकरण/पुनर्निर्माण** (भू–अर्जन पदाधिकारी खूँटी) तक के भू–खण्ड के निर्माण, अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है ।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा ।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् भू–अर्जन पदाधिकारी खूँटी को लिखित रूप मे प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप मे या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा ।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा ।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है ।

**अनुसूची**

**झारखंड राज्य के खूंटी जिले में NH143AG के कि.मी. 37.400 से कि.मी. 85.560 (भू–अर्जन पदाधिकारी खूँटी) के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण**

| राज्य का नामः झारखंड | | | जिले का नामः खूंटी | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रमिक संख्या | सर्वेक्षण संख्या | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | भूमि का क्षेत्रफल (स्थानीय इकाई) | भूमि का क्षेत्रफल (हेक्टेयर) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| तालुक का नामः मुरहू | | | | | |
| गांव का नामः भोण्डा | | | | | |
| 670 | 100 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.0820001(एकर) | 0.033185 |
| 671 | 1000 | निजी (रैयती) | बाग आम | 1.808001(एकर) | 0.7316876 |
| 672 | 101 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.0950001(एकर) | 0.038446 |
| 673 | 103 | निजी (रैयती) | दोन I | 0.074(एकर) | 0.0299474 |
| 674 | 104 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती कदिम | 0.1300001(एकर) | 0.0526103 |
| 675 | 1049 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.127(एकर) | 0.0513962 |
| 676 | 1050 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.3229992(एकर) | 0.1307163 |
| 677 | 106 | निजी (रैयती) | परती कदिम | 0.0760001(एकर) | 0.0307568 |
| 678 | 107 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.201(एकर) | 0.0813436 |
| 679 | 1070 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.3210002(एकर) | 0.1299069 |
| 680 | 1073 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.4960014(एकर) | 0.2007289 |
| 681 | 1074 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 1.016001(एकर) | 0.4111696 |
| 682 | 1082 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.18(एकर) | 0.072845 |
| 683 | 1083 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.1880001(एकर) | 0.0760826 |
| 684 | 1084 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.1559999(एकर) | 0.0631323 |
| 685 | 1086 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.3210002(एकर) | 0.1299069 |
| 686 | 1087 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.0430001(एकर) | 0.0174019 |
| 687 | 1088 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.054(एकर) | 0.0218535 |
| 688 | 1090 | निजी (रैयती) | खलिहान | 0.017(एकर) | 0.0068798 |
| 689 | 1091 | निजी (रैयती) | खरहुल | 0.0109999(एकर) | 0.0044516 |
| 690 | 1092 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.3800003(एकर) | 0.1537839 |
| 691 | 1093 | निजी (रैयती) | खरहुल | 0.039(एकर) | 0.0157831 |
| 692 | 1094 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.1019999(एकर) | 0.0412788 |
| 693 | 1095 | निजी (रैयती) | टांड II | 0.108(एकर) | 0.043707 |
| 694 | 1121 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.397999(एकर) | 0.161068 |
| 695 | 1122 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.7440008(एकर) | 0.3010931 |
| 696 | 118 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.033(एकर) | 0.0133549 |
| 697 | 119 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती कदिम | 0.3670003(एकर) | 0.1485229 |
| 698 | 120 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.250001(एकर) | 0.101174 |
| 699 | 121 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | बड़ा जंगल | 0.3110001(एकर) | 0.12586 |
| 700 | 131 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.123(एकर) | 0.0497774 |
| 701 | 132 | निजी (रैयती) | दोन I | 0.5559997(एकर) | 0.2250101 |
| 702 | 133 | निजी (रैयती) | दोन I | 0.143(एकर) | 0.0578713 |
| 703 | 134 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | बाँध | 0.037(एकर) | 0.0149737 |
| 704 | 135 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती कदिम | 0.001(एकर) | 0.0004047 |
| 705 | 140 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती कदिम | 1.192001(एकर) | 0.4823958 |
| 706 | 141 | निजी (रैयती) | परती कदिम | 0.0859999(एकर) | 0.0348037 |
| 707 | 142 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती कदिम | 0.8290007(एकर) | 0.3354921 |
| 708 | 143 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती कदिम | 0.1000001(एकर) | 0.0404695 |
| 709 | 145 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती कदिम | 0.0449999(एकर) | 0.0182112 |
| 710 | 1501 | निजी (रैयती) | बाग आम | 1.700001(एकर) | 0.6879806 |
| 711 | 1502 | निजी (रैयती) | बाग आम | 3.054996(एकर) | 1.236342 |
| 712 | 1503 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | गड़हा | 0.0630001(एकर) | 0.0254958 |
| 713 | 1514 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती कदिम | 0.273001(एकर) | 0.1104816 |
| 714 | 1515 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | जंगल बड़ा | 0.015(एकर) | 0.0060704 |
| 715 | 1516 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती कदिम | 2.837993(एकर) | 1.148523 |
| 716 | 1518 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती कदिम | 0.219(एकर) | 0.0886281 |
| 717 | 1524 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 1.222001(एकर) | 0.4945366 |
| 718 | 1525 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.2109999(एकर) | 0.0853905 |
| 719 | 1526 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती कदिम | 0.5050007(एकर) | 0.2043707 |
| 720 | 1529 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.143(एकर) | 0.0578713 |
| 721 | 1570 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | नदी | 0.3129991(एकर) | 0.1266694 |
| 722 | 171 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.143(एकर) | 0.0578713 |
| 723 | 172 | निजी (रैयती) | परती जदीद | 0.2750001(एकर) | 0.111291 |
| 724 | 173 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.3970007(एकर) | 0.1606641 |
| 725 | 19 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.1690001(एकर) | 0.0683934 |
| 726 | 196 | निजी (रैयती) | परती गड़हा | 0.0109999(एकर) | 0.0044516 |
| 727 | 197 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | नाला | 0.055(एकर) | 0.0222582 |
| 728 | 2 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती कदिम | 1.264001(एकर) | 0.5115338 |
| 729 | 3 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.235(एकर) | 0.0951032 |
| 730 | 499 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती कदिम | 0.1690001(एकर) | 0.0683934 |
| 731 | 501 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.054(एकर) | 0.0218535 |
| 732 | 502 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.3440003(एकर) | 0.1392149 |
| 733 | 504 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.108(एकर) | 0.043707 |
| 734 | 532 | निजी (रैयती) | बाग आम | 0.1670001(एकर) | 0.067584 |
| 735 | 588 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती कदिम | 0.015(एकर) | 0.0060704 |
| 736 | 589 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.3789995(एकर) | 0.1533788 |
| 737 | 590 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.181(एकर) | 0.0732497 |
| 738 | 591 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.9349992(एकर) | 0.3783889 |
| 739 | 592 | निजी (रैयती) | बाग आम | 2.063999(एकर) | 0.8352894 |
| 740 | 603 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.087(एकर) | 0.0352084 |
| 741 | 656 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.0090001(एकर) | 0.0036423 |
| 742 | 657 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.0459999(एकर) | 0.0186159 |
| 743 | 658 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.1300001(एकर) | 0.0526103 |
| 744 | 659 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.2690005(एकर) | 0.1088628 |
| 745 | 660 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.3060012(एकर) | 0.1238365 |
| 746 | 661 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.2410001(एकर) | 0.0975314 |
| 747 | 662 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.0980001(एकर) | 0.0396601 |
| 748 | 663 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.2930013(एकर) | 0.1185755 |
| 749 | 665 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती गड़हा | 0.3169996(एकर) | 0.1282881 |
| 750 | 82 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.3570002(एकर) | 0.1444759 |
| 751 | 83 | निजी (रैयती) | परती कदिम | 0.0220001(एकर) | 0.0089033 |
| 752 | 84 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.1549999(एकर) | 0.0627276 |
| 753 | 93 | निजी (रैयती) | दोन I | 0.0790001(एकर) | 0.0319709 |
| 754 | 94 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.093(एकर) | 0.0376366 |
| 755 | 95 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.235(एकर) | 0.0951032 |
| 756 | 96 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.0790001(एकर) | 0.0319709 |
| 757 | 97 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.201(एकर) | 0.0813436 |
| 758 | 98 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.018(एकर) | 0.0072845 |
| 759 | 993 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.2890007(एकर) | 0.1169567 |
| 760 | 994 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती कदिम | 0.3120008(एकर) | 0.1262647 |
| 761 | 995 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 1.268001(एकर) | 0.5131526 |
| 762 | 996 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.6339993(एकर) | 0.2565763 |
| 763 | 999 | सरकारी (गैरमजुरूवा खास) | परती कदिम | 0.7020012(एकर) | 0.2840955 |
| कुल योग | | | | | 77.4635761000001 |

[फा. सं. RW/Ranchi/LA/Km 16.4 to 47.7/NH-143AG/3A]

अभय जैन, निदेशक

PR 341167 Land Reforms(24-25)#D

# सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिकों में एक सप्ताह में सीसीटीवी कैमरा लगाना सुनिश्चित करें: डीसी

## अधिकारियों से कहा, नियमित अल्ट्रासाउंड क्लीनिकों का करें औचक निरीक्षण

- फार्म एफ की स्क्रूटनी कर जिला समाज कल्याण को उपलब्ध कराएं व जांच करें

आजाद सिपाही संवाददाता



पदाधिकारियों के साथ बैठक करतीं डीसी विजया जाधव।

**बोकारो।** डीसी विजया जाधव ने बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में पूर्व गभार्धान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) एक्ट अंतर्गत जिला सलाहकार समिति की बैठक की। जिसमें चास एसडीओ प्रांजल ढ़ांडा, सिविल सर्जन डॉ एबी प्रसाद, बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, बेरमो अनुमंडल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एनपी सिंह, नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सेलिना टुडू, डॉ राजश्री, रानी सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मिता सिन्हा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश सिंह, जिला डाटा प्रबंधक कंचन कुमारी, प्रगति शंकर, कल्याणी सागर और सुरेश प्रसाद ठाकुर आदि उपस्थित थे। बैठक में डीसी विजया जाधव ने क्रमवार विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिकों में सीसीटीवी अधिष्ठापन करने को कहा। उन्होंने एक सप्ताह का समय देते हुए क्लीनिक संचालकों को इसे सुनिश्चित करने के लिए टीम को निर्देश दिया। साथ ही, क्लीनिक के बाहर अल्ट्रासाउंड करने वाले चिकित्सक का नाम, उपस्थित रहने का समय आदि विवरण दर्शाने को कहा। बिना वैध पहचान पत्र के कोई भी अल्ट्रांसाउंड नहीं होगा, क्लीनिक परिसर में वैध पहचान पत्रों की सूची भी प्रदर्शित करने को कहा। बैठक में संबंधित पदाधिकारियों को सभी क्लीनिकों के बाहर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) एवं पीसीपीएलडीटी एक्ट के तहत लिंग जांच करना अपराध है से संबंधित फ्लैक्स अधिष्ठापन का निर्देश दिया। वहीं, सिविल सर्जन को निजी क्लीनिक के साथ अल्ट्रासाउंड कराने को लेकर अविलंब एमओयू कराने का निर्देश दिया। साथ ही, इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा। समीक्षा क्रम में पीसीपीएनडीटी टास्क फोर्स टीम को सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी क्लिनिक फार्म-एफ में अपूर्ण जानकारी नहीं रखेगा। फार्म पूर्ण होने चाहिए एवं सिविल सर्जन कार्यालय की ओर से प्रतिमाह जिला समाज कल्याण कार्यालय को संवीक्षा कर कुछ फार्म उपलब्ध कराने एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा फार्म-एफ का आंगनबाड़ी सेविका से जांच कराने को कहा। उधर, पीसीपीएनडीटी के नोडल पदाधिकारी ने बताया कि टीम के लगातार प्रयास से क्लिनिकों द्वारा फार्म-एफ को पूर्ण रूप से भरा जा रहा है। समय-समय पर क्लिनिकों की जांच अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में टीम की ओर से करके एक्ट का अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस दौरान पिछली बैठक से अब तक किए गए निरीक्षण व कार्रवाई से भी समिति को अवगत कराया गया।

# विस्थापित लोगों को मिलेगा न्याय: सांसद



**कोयला सचिव से मिले गिरिडीह सांसद, कहा-सात जिलों में अंशकालिक न्यायाधिकरण को शीघ्र क्रियाशील करने की जरूरत**

आजाद सिपाही संवाददादा

**गिरिडीह।** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि झारखंड में जब तक पूर्णकालिक न्यायाधिकरण (फुल टाइम ट्रिब्यूनल) का गठन नहीं हो जाता है तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सात जिलों में अंशकालिक न्यायाधिकरण (पार्ट टाइम ट्रिब्यूनल ) को शीघ्र क्रियाशील करने की जरूरत है। उन्होंने उक्त बातें बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कोयला मंत्रालय के सचिव विक्रम देवदत्त से मिलकर कही। उन्होंने सचिव को इस बात से अवगत कराया की झारखंड में कोयला परियोजना से विस्थापित हुए लोगों के हितों की रक्षा को लेकर दो वर्षों के लिए अंशकालिक न्यायाधिकरण का गठन करने का प्रशासनिक आदेश बीते 15 मार्च 2024 को दिया जा चुका है। बावजूद इसके अब तक आदेश को मूर्त रूप नहीं दिया जा सका है। इस बीच हमने 29 जुलाई को तत्कालीन कोयला सचिव का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया तो उनकी ओर से हमें यह जानकारी दी गई की 19 जून झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को जरूरी कार्रवाई करने को लेकर पत्र भेजा गया है। इस बीच हमने भी संपर्क किया। बावजूद इसके दिए आदेश के करीब नौ माह गुजर जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। वहीं, सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की बातों को ध्यान पूर्वक सुनने और पूर्व में दिए गए आदेश का अनुपालन अब तक नहीं होने पर सचिव कहा कि वह इस विषय पर झारखंड के मुख्य सचिव को पत्र लिखेंगे। साथ ही उनसे यह भी कहेंगे कि झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल से समन्वय बनाकर अंशकालिक न्यायाधिकरण को क्रियाशील किया जाए, ताकि कोयला क्षेत्र के विस्थापितों के साथ हम सब न्याय कर सके। मालूम हो कि केंद्रीय कोयला मंत्रालय की ओर से झारखंड के हजारीबाग, रामगढ़, लातेहार, चतरा, बोकारो ,दुमका व धनबाद जिले में अंशकालिक न्यायाधिकरण का गठन किया गया है। झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार द्वारा 15 मार्च को जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को इन अंशकालिक न्यायाधिकरण में पदेन पीठासीन पदाधिकारी नियुक्त करने के लिए अनुरोध किया गया है। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने आशा जतायी है कि अंशकालिक न्यायाधिकरण शीघ्र क्रियाशील होकर अपने उद्देश्य को पूरा करने में सफल हो सकेगा।

# पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने देखी फिल्म




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** दिव्यांगता सप्ताह पर पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों के लिए धनबाद राउंड टेबल 342 की ओर से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत बच्चों को बिग बाजार आईनॉक्स में भूल भुलैया 3 फिल्म दिखाई गई। जिससे बच्चे काफी खुशी हुए। इस पहल से न केवल बच्चों का मनोबल बढ़ा, बल्कि समाज में दिव्यांगता के प्रति जागरूकता भी फैलाने में मदद मिली। राउंड टेबल 342 के अध्यक्ष अनूप गोयल, उपाध्यक्ष सूरज सरिया, सचिव रोहित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विनीति लोहरीवाल, पंकज गोयल, पुनित राज गढ़िया के अलावा, पहला कदम स्कूल से सचिव अनीता अग्रवाल और कौशल अग्रवाल भी उपस्थित थे। अनीता अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन दिव्यांग बच्चों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव साबित हुआ। समाज में दिव्यांगता के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम था। इस प्रकार के आयोजनों से समाज में समावेशिता को बढ़ावा और बच्चों को एक सकारात्मक संदेश मिलता है।

## पैर कटने के बाद ग्रामीण युवक से किये वादे को पूरा नहीं करने का आरोप

# आउटसोर्सिंग कंपनी के संचालक व लोदना महाप्रबंधक पर मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** बरारी में चल रहे आउटसोर्सिंग के संचालक लोदना महाप्रबंधक सहित अन्य अधिकारी पर जोडापोखर थाना में मामला दर्ज किया गया है। बरारी 5 नंबर धोड़ा निवासी अशोक सोनार के 20 वर्षीय पुत्र अखिलेश कुमार ने जोड़ापोखर थाना में लिखित प्रार्थमिकी दर्ज कराया है। पुलिस ने कांड संख्या 166/24 के बीएनएस की धारा 299, 125(इ), 238,3(5) लगाया है। अखिलेश ने घटना के संबंध में बताया कि 21 अक्टूबर को अपने घर के पास गाय चराने गया था। जहां फेंसिंग नहीं होने के कारण गाय आउटसोर्सिंग के डंपिंग की तरफ चली गई थी। गाय को निकालने के दौरान आउटसोर्सिंग का ओबी डंप हुआ और पत्थर का टुकड़ा उसके पैर में लगा, जिससे पैर कट गया। जिसके बाद उसे अशरफी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तब बीसीसीएल अधिकारी ने उस समय नकली पैर लगवाने के साथ ही मुआवजा और नियोजन देने का आश्वासन दिया था। लेकिन 11 नवंबर को अस्पताल से आने के बाद घर पहुंचा तो कोई देखने तक नहीं आया। इस बीच 28 नवंबर को महाप्रबंधक के दो लोग सिर्फ हालचाल पूछने आये। मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे लोदना महाप्रबंधक कार्यालय मिलने गया तो गेट से घुसने ही नहीं दिया गया। उधर, अखिलेश की लिखित शिकायत पर आउटसोर्सिंग संचालक कुंभनाथ सिंह, एलबी सिंह, लोदना महाप्रबंधक निर्झर चक्रवर्ती, एके पांडेय, हेमंत पासवान, जीएम के सहयोगी पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी राजेश सिन्हा ने स्वीकार किया है कि अखिलेश की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 05 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in



## गोपबंधु आयुर्वेद महाविद्यालय के 75वें वार्षिक समारोह का आयोजन

# दुनिया आयुर्वेद और योग की ओर आकर्षित हो रही है : राष्ट्रपति

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर/पुरी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को गोपबंधु आयुर्वेद महाविद्यालय के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आयुर्वेद उपचार के लिए एक प्राचीन, विश्वसनीय और समग्र विज्ञान है। इस दशक में हमारी इस प्राचीन शिक्षा प्रणाली को और अधिक लोकप्रिय बनाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि देश विदेशों में बड़ी रुचि के साथ योग और आयुर्वेद सीखना चाहता है और उन्हें अपने देश में पेश करना चाहता है। संतुलित आहार खायें और स्वस्थ रहें। योग करके रोग मुक्त रहें। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत के लोग आयुर्वेद और योग की ओर आकर्षित हो रहे हैं। हमारी प्राचीन पोथी चिकित्सा प्रणाली के साथ-साथ आदिवासी परंपराओं में जड़ी बूटी के अभ्यास पर और अधिक शोध की आवश्यकता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आदिवासी समुदाय में एक चिकित्सा पद्धति प्रचलित है। कुछ बुजुर्ग निवासियों को विभिन्न बीमारियों और बीमारियों के इलाज के लिए आवश्यक जड़ी-बूटियों के बारे में पता है। वह पारंपरिक ज्ञान धीरे-धीरे लुप्त होता जा रहा है। मुझे आशा है कि आपमें से कुछ लोग उस उपचार के आधार का पता लगाने में रुचि लेंगे। इस तरह उस पद्धति को विलुप्त होने से बचाया जा सकता है और समाज के लिए फायदेमंद होगा। राज्य संग्रहालयों और घरों में ताड़ के कई पोथी भी हैं। साहित्य के अलावा ताड़ पोथी में भी चिकित्सा पद्धतियों के संबंध में इनका खुलासा हुआ है। मुझे आशा है कि आप शोध करेंगे और हमारी छिपी हुई उपचार विधियों को जनता के सामने लाने का प्रयास करेंगे। शोध किसी भी पद्धति का वैज्ञानिक आधार सिद्ध करने में सक्षम है। राष्ट्रपति ने कहा कि साक्ष्य लोगों के बीच विश्वास पैदा करते हैं और विश्वास स्वीकृति का मार्ग प्रशस्त करता है।

### ढेंकनाल और गंजाम में दो आयुष अस्पताल शीघ्र शुरू किये जायेंगे : सीएम

समारोह में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि मैं गोपबंधु आयुर्वेद महाविद्यालय के संस्थापक पंडित लिंगराज मिश्र को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि संस्थान की स्थापना 1949 में एक आयुर्वेदिक विद्यालय के रूप में की गयी थी। आज यह संस्थान एक मॉडल महाविद्यालय के रूप में देश के मॉडल संस्थान के रूप में ख्याति प्राप्त कर चुका है। यह आयुर्वेद की उच्च शिक्षा के लिए छात्रों के बीच आकर्षण का केंद्र बन गया है। इस संस्थान के कई छात्र पूरे प्रदेश और देश में आयुर्वेद विशेषज्ञ के रूप में ख्याति प्राप्त कर चुके हैं। आयुर्वेद एक प्राचीन एवं समृद्ध चिकित्सा विज्ञान है। यह विज्ञान चरक, सुश्रुत और बागभट्ट जैसे आचार्यों द्वारा रचित संहिताओं से विज्ञान समृद्ध हुआ है। इसने 5,000 से अधिक वर्षों से लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

आयुर्वेद भारतीय संस्कृति और परंपरा से अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। इसका पता लगाने के लिए हमें ज्यादा दूर जाने की जरूरत नहीं है। यह बात हम भगवान जगन्नाथ की नीतिकांति का अध्ययन करके जान सकते हैं। देवस्नान पूर्णिमा के बाद तीनों ठाकुरों को बुखार हो जाता है। इसलिए, श्रीजियु का इलाज आयुर्वेदिक प्रथाओं के अनुसार किया जाता है। इलाज के साथ विशेष तरीकों का पथी भी इस्तेमाल किया जाता है। हम सभी रामायण से आयुर्वेद के लाभों को जानते हैं। जब लक्ष्मण युद्ध के मैदान में बेहोशी की हालत में थे,, तो हिमालय के विशल्यकरणी ने उन्हें ठीक कर दिया। हमारे धर्म शास्त्रों में ऐसे कई उदाहरणों का उल्लेख किया गया है।

उन्होंने कहा कि आयुर्वेद एक संपूर्ण स्वास्थ्य विज्ञान है। आयुर्वेद में संतुलित आहार और जीवनशैली के साथ उचित इलाज से इसे ठीक किया जा सकता है। मानव शरीर आत्मा के पांच मूल तत्वों अर्थात आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी के साथ संबंध से बना है। चूंकि यह प्रकृति और शरीर के साथ सामंजस्य बनाए रखकर जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है, इसलिए इसे दुनिया भर में एक अच्छी उपचार पद्धति के रूप में स्वीकार किया जाता है। आयुर्वेद, योग, अध्यात्म का उपयोग करके कैसे स्वस्थ जीवन शैली प्राप्त की जा सकती है, इसका ज्वलंत उदाहरण हमारी राष्ट्रपति हैं। उनके जीवन का संघर्ष और सफलता हम सभी के लिए प्रेरणा है, लेकिन दुर्भाग्य से 2014 तक भारतीय चिकित्सा परंपरा को बड़े पैमाने पर उपेक्षित किया गया था, लेकिन 9 नवंबर 2014 को सफल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक अलग आयुष मंत्रालय बना कर भारतीय चिकित्सा परंपरा को एक नयी दिशा दी। पिछले कुछ वर्षों में आयुर्वेद डॉक्टरों को कई नयी जिम्मेदारियां दी गयी हैं।

उन्होंने कहा कि आशा है कि आयुर्वेद विज्ञान से जुड़े व्यक्ति एवं संस्थान इस दिशा में आवश्यक कदम उठायेंगे। एलोपैथी और आयुर्वेद को अक्सर परस्पर विरोधी चिकित्सा विज्ञान के रूप में चित्रित किया जाता है। लेकिन, यह सही नहीं है। दोनों उपचार पद्धतियां एक दूसरे की पूरक हैं। यदि चिकित्सा वैज्ञानिक इसी भावना के साथ काम करें तो हमारे देश में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली बहुत उपयोगी और विश्व स्तरीय हो सकती है। गोपबंधु आयुर्वेद महाविद्यालय ओड़िशा का एक प्रतिष्ठित महाविद्यालय है। हमारी सरकार इस महाविद्यालय को बेहतर बनाने और इसे उत्कृष्ट संस्थान बनाने के लिए कदम उठायेगी।

इस अवसर पर राज्यपाल रघुवर दास, केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव गणपतराव यादव, पुरी के सांसद डॉ संबित कुमार पात्र, पुरी के विधायक सुनील कुमार महांति अतिथि थे।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाप्रभु के दर्शन किये



- राष्ट्रपति ने महाप्रभु को दर्शन करने के लिए पुरी बड़दांड से पैदल चल कर गयीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर/पुरी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को पुरी का दौरा किया। राष्ट्रपति सुबह भुवनेश्वर से रवाना होकर पुरी के समंग हेलीपैड पहुंचीं। वहां मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, उप मुख्यमंत्री प्रभाती परीडा, नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी, मुख्य सचिव, पुरी कलेक्टर और गजपति दिव्यसिंहदेव ने उनका स्वागत किया। बड़दांड से पहुंच कर वे पैदल चल कर श्रीमंदिर गये और श्रीजीउ को दर्शन किये। राष्ट्रपति ने राज्य और देश के कल्याण के लिए प्रार्थना की है। महामहिम की दर्शन के दौरान साधारण दर्शन बंद था। उधर, राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है।

**आर वेंकटरमण की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को राजभवन में भारत के पूर्व राष्ट्रपति आर वेंकटरमण को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# एम्स भुवनेश्वर ने 4डी स्पाइन और गैट एनालिसिस लैब समर्पित की

- कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष बिस्वास ने कई सुविधाओं वाली लैब का उद्घाटन किया
- खिलाड़ियों को बहुत लाभ होगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर ने पूर्वी भारत में अपनी तरह की पहली 4डी स्पाइन और गैट एनालिसिस लैब का उद्घाटन करके स्वास्थ्य सेवा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन (पीएमआर) विभाग में स्थित अत्याधुनिक सुविधा को कार्यकारी निदेशक प्रो (डॉ) आशुतोष बिस्वास ने अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के अवसर पर जनता को समर्पित किया।

नव स्थापित लैब में प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक सेवाएं, व्यावसायिक चिकित्सा, फिजियोथेरेपी इकाइयां और अन्य संबद्ध सेवाओं सहित अत्याधुनिक तकनीकें हैं। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ बिस्वास ने जोर देकर कहा कि इन सुविधाओं के एकीकरण से पीएमआर विभाग की रोगी देखभाल के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करने की क्षमता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह लैब एम्स भुवनेश्वर को विभिन्न प्रकार के रोगियों को उच्च-गुणवत्ता वाली, व्यक्तिगत पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनायेगी, जिनमें लोकोमोटर विकलांगता, मस्कुलोस्केलेटल स्थिति और खेल चोटों वाले रोगी भी शामिल हैं। यह उन्नत तकनीक (4डी स्पाइन और गैट एनालिसिस लैब) शरीर के जोड़ों पर वास्तविक समय के बायोमैकेनिकल डेटा प्रदान करते हुए रीढ़ की विकृति का मूल्यांकन और मात्रा निर्धारित करती है। यह स्ट्रोक, स्कोलियोसिस, गर्दन और पीठ के निचले हिस्से में दर्द, पोलियो के बाद के अवशिष्ट पक्षाघात, मायोपैथी और न्यूरोपैथी जैसी स्थितियों के प्रबंधन के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है। इसके अतिरिक्त, लैब खेल पुनर्वास के लिए वास्तविक समय की चाल विश्लेषण प्रदान करती है, जिससे एथलीटों को रिकवरी और प्रदर्शन बढ़ाने में मदद मिलती है।

पीएमआर विभाग के प्रमुख डॉ जगन्नाथ साहू ने बताया कि गैर-इनवेसिव प्रणाली विकिरण के खतरों से मुक्त है और सटीक निदान प्रदान करती है, छिपी हुई चोटों, मांसपेशियों की गड़बड़ी, शरीर के संतुलन और पैर के दबाव प्रणालियों की पहचान करती है। उद्घाटन समारोह में डॉ दिलीप कुमार परिदा (चिकित्सा अधीक्षक), डॉ आर एन साहू (एचओडी न्यूरोसर्जरी), डॉ संजीब कुमार भोई (एचओडी न्यूरोलॉजी), रश्मी रंजन सेठी (डीडीए, आइ/सी) और आर पी टोप्पो (एसइ) सहित प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। यह अभूतपूर्व पहल अभिनव स्वास्थ्य देखभाल समाधान प्रदान करने के लिए एम्स भुवनेश्वर की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है और पुनर्वास चिकित्सा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी के छठे दीक्षांत समारोह में सुधा मूर्ति ने छात्रों को दी प्रेरणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी ने अपने छठे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। इसमें 293 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गयीं। समारोह में पद्म भूषण और पद्मश्री से सम्मानित, इंफोसिस फाउंडेशन की संस्थापक, लेखिका और परोपकारविद सुधा मूर्ति मुख्य अतिथि थीं। उनके साथ अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट अजय पिरामल, प्रोवोस्ट डॉ अनुनया चौबे, फाउंडिंग प्रोवोस्ट डॉ. प्रमथ राज सिन्हा और बोर्ड के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। पिरामल ग्रुप




की वाइस चेयरपर्सन डॉ स्वाति पिरामल ने भी इस खास अवसर की शोभा बढ़ायी। श्रीमती मूर्ति ने अपने संबोधन में डिजाइन को समस्याओं को हल करने का एक प्रभावी माध्यम बताया, जो अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी के दृष्टिकोण से भी मेल खाता है। उन्होंने अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी के कुछ अनोखे प्रयासों की सराहना की। अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट अजय पिरामल ने कहा कि अनंत विश्व स्तरीय और किफायती शिक्षा देकर डिजाइन क्षेत्र में क्रांति लाने में सबसे आगे है। यहां आधुनिक तकनीक को पारंपरिक तरीकों से जोड़ा जाता है। ग्रेजुएट्स को बधाई देते हुए अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रोवोस्ट डॉ अनुनया चौबे ने कहा कि हम चाहते हैं कि हमारे छात्र रचनात्मकता के साथ दुनिया की गहरी समझ विकसित करें।

# मालकानगिरी में भूकंप का झटका महसूस किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मालकानगीरी में हल्का भूकंप सुबह 7:28 बजे महसूस किया गया। हालांकि, मालकानगीरी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ और सुकमा बीजापुर को भी यह झटका महसूस हुआ। वहीं भूकंप का केंद्र तेलंगाना के मुलुगु जिले में है, मुलुगु में रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.3 है। भूकंप के झटके से लोग अपने घरों से बाहर निकल आये। पता चला है कि भूकंप का केंद्र जमीन से 40 किलोमीटर नीचे है। इस



बीच महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में भूकंप का झटका महसूस किया गया है। हालांकि जानकारी है कि हल्के भूकंप से कोई नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन इस बारे में कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गयी है।




















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**